स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

शनिवार, 17 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 232 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

चौरासी हजार करोड़ से अधिक के रक्षा सौदों ...पेज-12

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

HONDA
The Power of Dreams

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093

वंशवाद के कुचक्र में फंसी कांग्रेस को सबक सिखायेगा युवा वोटर

भारत विकसित राजस्थान कार्यक्रम को पीएम मोदी ने किया संबोधित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत विकसित राजस्थान कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी वंशवाद के कुचक्र में फंसी हुई है और इसी कारण मोदी की कही हर बात का विरोध करती है। उसकी इस तरह की राजनीति को युवा वोटर खासकर पहली बार वोट करने वाला कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को पूरा करती हैं। कांग्रेस के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास एक ही एजेंडा है, मोदी विरोध, घोर मोदी विरोध। मोदी विरोध में ये ऐसी-ऐसी बातें फैलाते हैं, जिससे समाज बंट जाए। आज हर कोई कांग्रेस का साथ छोड़ रहा है, सिर्फ एक परिवार ही वहां दिखता है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान में पेपर लीक के मामले में एसआईटी गठित किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को इससे बचाने के लिए केन्द्र सरकार कानून लेकर आई है। अब संगठित तौर पर पेपर लीक कराने वाले लोगों में डर पैदा होगा। केन्द्र और राज्य सरकार में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस की कार्यशैली की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के पास दूरगामी सोच और सकारात्मक नीतियों का अभाव रहा है। पार्टी के पास कभी भी भविष्य का रोडमैप नहीं रहा। इसी कारण से सालों तक देश बिजली क्षेत्र में काफी पीछे रहा है। उनकी सरकार के प्रयासों से आज देश बिजली उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बन गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के माध्यम से उनकी सरकार युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त करने का प्रयास कर रही है। उनके लिए यही चार सबसे बड़ी जातियां हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास एक ही एजेंडा है- मोदी विरोध, घोर मोदी विरोध। मोदी के विरोध में ये ऐसी-ऐसी बातें फैलाते हैं, जिससे समाज बंट जाए। जब कोई पार्टी परिवारवाद के, वंशवाद के घोर कुचक्र में फंस जाती है, तो उसके साथ ऐसा ही होता है। आज हर कोई कांग्रेस का साथ छोड़ रहा है, सिर्फ एक परिवार ही वहां दिखता है। ऐसी राजनीति युवा भारत को बिल्कुल प्रेरित नहीं करती। विशेष रूप से देश का फर्स्ट टाइम वोटर, जिसके सपने बड़े हैं, जिसकी आकांक्षाएं बड़ी हैं, जो विकसित भारत के विजन के साथ खड़ा है। विकसित राजस्थान, विकसित भारत का रोडमैप ऐसे हर फर्स्ट टाइम वोटर के लिए है। इसलिए आजकल पूरे देश में एक चर्चा बहुत ज़ोर से हो रही है। लोग कह रहे हैं- अबकी बार, एनडीए 400 पार। मुझे विश्वास है कि राजस्थान भी मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास और मजबूत करेगा। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार का प्रयास है कि हर परिवार अपने घर पर सौर ऊर्जा पैदा करे, सोलर एनर्जी पैदा करे और अतिरिक्त बिजली बेचकर कमाई भी करे। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने एक और बड़ी और बहुत ही महत्वपूर्ण योजना च्पीएम सूर्य घरज्ज् की शुरुआत की है। इसका मतलब है, मुफ्त बिजली योजना। इसके तहत सरकार की तैयारी हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का इंतजाम करने की है। इस योजना के तहत शुरुआत में देशभर के एक करोड़ परिवारों को जोड़ा जाएगा। केंद्र सरकार छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए हर परिवार के बैंक खाते में सीधे मदद भेजेगी और इस पर 75 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

संक्षिप्त आवाज़

अमिताभ यश को मिली लॉ एंड आर्डर की जिम्मेदारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने शुक्रवार को आइपीएस अमिताभ ठाकुर को प्रदेश का नया एडीजी कानून व्यवस्था नियुक्त किया गया है। वह अभी एडीजी के साथ ही एसटीएफ की भी जिम्मेदारी देखेंगे। लंबे समय तक यह जिम्मेदारी वरिष्ठ आइपीएस प्रशांत कुमार संभाल रहे थे। वह अब प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी के पद पर कार्यरत हैं। प्रशांत कुमार के डीजीपी कार्यवाहक बनने के बाद एडीजी लॉ एंड आर्डर के पद पर कौन बैठेगा इसको लेकर चर्चाएं गर्म थी। अलग-अलग कयास लगाए जा रहे थे। इसी बीच सरकार ने एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एक और बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एडीजी लॉ एंड आर्डर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

बाजार ने लगाई छलांग

मुंबई । अमेरिका में खुदरा बिक्री में भारी गिरावट आने से जून में ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना बढ़ने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लगातार चौथे दिन छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.26 अंक अर्थात् 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 72,426.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.95 अंक यानी 0.59 प्रतिशत मजबूत होकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 22,040.70 अंक हो गया।

मजबूत कानून व्यवस्था से प्रदेश में बढ़ा निवेश

लखनऊ। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुक्रवार को समापन समारोह हुए। आरडीएसओ स्टेडियम में सीएम योगी ने कहा कि प्रदेशवासियों ने पिछले 7 वर्षों में कानून व्यवस्था के महत्व को बखूबी अनुभव किया है। प्रदेशवासियों ने प्रदेश के लॉ एंड आर्डर की बेहतर स्थिति और सुरक्षा के माहौल को देखते हुए ही दोबारा इस सरकार को चुना है। आज हर नागरिक के मन में सुरक्षा का विश्वास है। प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था का ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था का बेहतर माहौल बनाने के लिए सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोगों के साथ व्यवहार कैसा हो, आम आदमी से संवाद बनाने के साथ असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूपी का पिछला चुनाव हमने सिर्फ कानून व्यवस्था और सुरक्षा के भरोसे ही जीता। हर व्यक्ति की सुरक्षा ही हमारा संकल्प था। इसी सुरक्षा के भरोसे हमने प्रदेश मे ग्लोबल इवेस्टर समिट से 40 लाख करोड़ का निवेश प्राप्त किया। और आने वाली 19 फरवरी को हम इन निवेश के दस लाख करोड़ के निवेश को ग्राउंड पर उतारने जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि मुझे यह कहने में संकोच नहीं है की हम यूपी का चुनाव लॉ एंड ऑर्डर पर जीतने में सफल हुए हैं। आम आदमी जानता है कि वो सुरक्षित है। हमारे लिए लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। दंगे वाले परसेप्शन से निकलकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की ओर हम बढ़ें हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले यूपी में कोई निवेश नहीं करना चाहता था। गत वर्ष इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मिला था। उससे 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रहा है। इससे 35 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि कानून लागू करने के परिणाम सामने आते हैं। आज साइबर ठगी बड़ी चुनौती है। इसमें पीड़ित कहीं और होता है और अपराधी किसी अन्य राज्य में। कोई राज्य की पुलिस यह नहीं कह सकता कि यह उनके क्षेत्र का नहीं है। आपसी परस्पर समन्वय से ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा होगा। योगी ने कहा कि जब भी केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बल को विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ता है तो वह चुनौती पूर्ण होता है, इसके बीच सुरक्षा बल संवेदनशील भी होते हैं।

1.16 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट जमीन पर

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 (जीबीसी) के जरिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। उद्घाटन खुद पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे। पहले चरण में 1.16 लाख करोड़ के प्रस्ताव जमीन पर उतरेंगे। यह प्रस्ताव स्किल डेवलपमेंट, कॉर्पोरेट सेक्टर, रिटेल मार्ट, ऊर्जा जैसे क्षेत्र में होने हैं। जिन 10 कंपनियां की चर्चा हो रही है। उसमें प्रमुख तौर पर टाटा समूह, हीरानंदानी ग्रुप, अशोक लेलैंड जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त होटल इंडस्ट्री, ईको टूरिज्म, लघु व मध्यम उद्योग और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश से जुड़े दर्जनों प्रस्ताव आ चुके हैं। एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में 27 हजार करोड़ से 4 संयंत्र स्थापित करने वाला है। झांसी और सोनभद्र में 1-1 लगाया जाएगा। सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड बोर्ड से अनुमोदन भी मिल चुका है। ग्रीनको कंपनी 17 हजार करोड़ से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। टस्को लिमिटेड की ओर से 1 हजार मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जाएगी। बुंदेलखंड के ललितपुर में 6500 करोड़ से परियोजना को धरातल पर उतारने की तैयारी चल रही है। वहीं, बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड की ओर से भी 6 हजार करोड़ की परियोजना जालौन में तैयार होनी है। प्रयागराज और मीरजापुर में एसीएमई क्लीनटेक साल्यूशंस प्रा. लिमिटेड की ओर से 1250 मेगावाट के 2 ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की स्थापना की जाएगी। छह हजार करोड़ की इस परियोजना को योगी सरकार की ओर से सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी गई है। गौतमबुद्ध नगर में करीब 30 हजार करोड़ की लागत से डेटा सेंटर पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार आठ हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारने की तैयारी की जा रही है। कंपनी नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना करेगी। इसी कड़ी में एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा में करीब 7500 करोड़ से रियल एस्टेट सेक्टर की परियोजना तैयार होगी। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित भी की जा चुकी है। रेरा से अनुमोदन भी मिल चुका है। वहीं, नोएडा में हाइपर रिटेल मार्ट की स्थापना की जा रही है, इस प्रोजेक्ट पर 4300 करोड़ का निवेश अनुमानित है। इसके अलावा टाटा टेक्नोलाजी भी 4,174 करोड़ की लागत से प्रदेश के 150 आईटीआई को अपग्रेड करेगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान प्रदेश में 10.15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों की आधारशिला रखी जाएगी। स्पष्ट है कि पश्चिमांचल में इसका बड़ा हिस्सा यानी पूरे निवेश का 52 प्रतिशत (करीब सवा पांच लाख करोड़ रुपए) हिस्सा जाएगा।

वहीं, बुंदलेखंड 50 हजार करोड़ के दायरे तक ही सीमित रहेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जमीन पर उतरने वाले प्रमुख प्रोजेक्ट में नोएडा डेटा सेंटर पार्क भी शामिल है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) में 28,440 करोड़ के निवेश टीएआरक्यू सेमी कंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड कर रहा है। यह कंपनी इंटीग्रेटेड कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स का निर्माण करेगी। गौतमबुद्ध नगर में ही सिफी इंफिनिटी स्पेस लिमिटेड द्वारा डाटा सेंटर और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए 19,000 करोड़ की लागत से 2 परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं।

4 सेक्टर्स जिसमें प्रदेश भर में बढ़ेगा दायरा...

होटल इंडस्ट्री : करीब 648 प्रस्ताव सामने आए हैं। क्राउन प्लाजा ग्रुप 170 करोड़ से लखनऊ में होटल खोलेगा। इटौंजा के पास बहरौरा गांव में रिजॉर्ट बनाया जा रहा है। देवा रोड पर फिल्म स्टूडियो भी तैयार होगा।

ईको टूरिज्म: छह प्रस्ताव सामने आए हैं। एडवेंचर टूरिज्म के चार प्रस्ताव आए हैं। 18 प्रस्ताव कंवोकेशन सेंटर से जुड़े आए हैं।

लघु व मध्यम उद्योग: करीब 100 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट सामने आए हैं। गजानन एग्रो फूड ने 5 करोड़ के निवेश का प्रोजेक्ट दिया है।

रियल एस्टेट सेक्टर: करीब 20 हजार करोड़ के नई टाउनशिप और ग्रुप हाउसिंग निवेश सामने आए हैं। एलडीए 2500 करोड़ के प्रोजेक्ट हैं।

बेटियां हैं प्रदेश की शान
उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य
पर दें पूरा ध्यान

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा योजना में देय लाभ की
कुल धनराशि रु. 15,000/- को
वित्तीय वर्ष 2024-25 से बढ़ाकर रु. 25,000/-
किया गया है।

योजनांतर्गत 6 श्रेणियों में देय धनराशि में निम्नवत् वृद्धि की गई है:-

श्रेणी	श्रेणी का विवरण	वर्तमान में देय धनराशि	वित्तीय वर्ष 2024-25 से देय धनराशि
प्रथम श्रेणी	जन्म पर	रु. 2,000/-	रु. 5,000/-
द्वितीय श्रेणी	एक वर्ष तक का टीकाकरण पूर्ण होने पर	रु. 1,000/-	रु. 2,000/-
तृतीय श्रेणी	कक्षा-1 में प्रवेश पर	रु. 2,000/-	रु. 3,000/-
चतुर्थ श्रेणी	कक्षा-6 में प्रवेश पर	रु. 2,000/-	रु. 3,000/-
पंचम श्रेणी	कक्षा-9 में प्रवेश पर	रु. 3,000/-	रु. 5,000/-
षष्टम श्रेणी	10वीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर	रु. 5,000/-	रु. 7,000/-
	कुल	रु. 15,000/-	रु. 25,000/-

योजना की पात्रता हेतु अर्हताएं
• उत्तर प्रदेश का स्थायी निवास प्रमाण पत्र • परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रु. 3.00 लाख • अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ • परिवार में अधिकतम दो बच्चे

वेबपोर्टल https://www.mksy.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

उद्देश्य
• कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना • समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना • बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना • बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना • बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करना • बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना

@upwcd @upmahilakalyan upmahilakalyan upmahilakalyan

महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

अर्थ आवाज़

मेटलबुक के वैश्विक नेटवर्क विस्तार के लिये वर्टिकल लॉन्च

नई दिल्ली। मेटलबुक जो एक ग्लोबल मेटल्स सप्लाय चेन के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, ने जून 2023 में 15 मिलियन डॉलर के अपने सीरीज ए फंडिंग राउंड के बाद नए बिजनेस वर्टिकल, प्रोडक्ट रेंज और यूजर फ्रेंडली तकनीक वाली पहली ऐप लॉन्च किया। इस राउंड का नेतृत्व रिगेल कैपिटल ने किया, जिसमें एफजे लैब्स के साथ मौजूदा निवेशकों, एक्सिलर वेंचर्स, फाउंडेशनल, स्ट्राइड वेंचर्स, ट्राइफेक्टा कैपिटल और अन्य की भागीदारी थी। 2021में स्थापित मेटलबुक उद्यम और एसएमई ग्राहकों को उनके पूरे धातु निर्माण और खरीदारी चक्र के माध्यम से मदद करता है, जिसमें खरीदी,बिक्री अतिरिक्त इन्वेंट्री लिक्विडेशन, कस्टमाईजेशन, लॉजिस्टिक्स, फाईनेंस, ई-नीलामी, स्क्रैप रीसाइक्लिंग, क्रेडिट और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट का समाधान शामिल हैं। भारत में तेजी से विस्तार करने वाला बी2बी प्लेटफॉर्म मेटलबुक को वित्त वर्ष 24 के अंत तक 200 मिलियन डॉलर का वार्षिक राजस्व का रन रेट हासिल करने का अनुमान है, जो पिछले दो वर्षों में 15 गुना से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी लाभदायक रही है और 450 बाजारों में 1,000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है।

जेईई मेन रिजल्ट में विद्यापीठ के 8छात्रों का 99 प्रतिशत स्कोर

कानपुर। कानपुर में फिजिक्सवाला के ऑफ लाइन विद्यापीठ सेंटर के आठ छात्रों ने जेईई मेन-24 सत्र के परिणामों में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। साकेत प्रताप सिंह (99.65), अभय सिंह तोमर (99.60), अभिनिवेश बाजपेयी (99.56), वैभव शुक्ला (99.29), आयुष पोरवाल (99.20), शौर्य द्विवेदी (99.10), प्रकृति-(99.08) भक्ति हितेश शाह (99.05) कानपुर में पीडब्ल्यू विद्यापीठ के स्टार छात्र रहे भारत के प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने अपने सम्पूर्ण जेईई मेन परिणामों की घोषणा की। इसमें 2,900 से अधिक छात्रों ने 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 507 से अधिक छात्रों ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल किये। पीडब्ल्यू के ऑफ लाइन सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा विद्यापीठ सेंटर्स के छात्रों को इतने ज्यादा अंक प्राप्त करते हुए देखने पर हमें गर्व है। यह हमें आश्वस्त करता है कि हम सही रास्ते पर हैं। कड़ी मेहनत करने और अपनी सीमाओं से परे जाने के लिए सभी शिक्षकों को विशेष धन्यवाद।

रेडमी ए3 के फोन 6,999 रु शुरुआती मूल्य में लॉन्च

नयी दिल्ली। ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड शाओमी ने अपनी ए सीरीज़ में रेडमी ए3 लॉन्च किया है, जो भारत में 6,999 रु के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है। रेडमी ए3 यूज़र्स को स्मार्टफोन के प्रीमियम अनुभव के साथ शक्तिशाली परफॉर्मेंस एवं सुंदर डिज़ाइन प्रदान करता है। रेडमी ए3 ऑलिव ग्रीन, लेक ब्लू और मिडनाइट ब्लैक रंग में 23 फरवरी, 2024 से मी.कॉम, अमेज़न.इन, फ़्लिपकार्ट, मी होम्स एवं अन्य शाओमी रिटेल पार्टनर्स पर मिलेगा। रेडमी ए3 23 से 29 फरवरी तक 6,999 रु के शुरुआती मूल्य में खरीद सकते है। शुरुआती मूल्य में 300 रु का एक्सचेंज बोनस शामिल है। रेडमी ए3 प्रीमियम हैलो डिज़ाइन संग ग्लास फिनिश और शानदार लेदर-टेक्सचर सामग्री के दो उत्कृष्ट विकल्पों में आता है। रेडमी ए 3 में 1650×720 रिज़ॉल्यूशन के साथ 17.04 सेमी (6.71) का बड़ा एलसीडी डॉट ड्रॉप डिस्प्ले है, और इसमें 90 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट के साथ कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 की सुरक्षा है। रेडमी ए3 मजबूत मीडियाटेक हेलियो जी36 एसओसी के साथ आता है, जो 2.2 गीगाहर्ट्ज़ की अधिकतम स्पीड के साथ तेज परफॉर्मेंस देता है और मल्टीटास्किंग को आसान बनाता है।

दीपिका ने 'डांस दीवाने' में माधुरी-सुनील से बात की

कानपुर। माधुरी दीक्षित की प्रशंसक, दीपिका अपने ओडिसी डांसर के प्रशिक्षण का उपयोग करते हुए, माधुरी के प्रसिद्ध गीत 'आजा नचले' पर अपने मूव्स दिखाएंगी। अपने प्रदर्शन के बाद उन्होंने शो की अनूठी थीम 'आपके परिवार से हमारे परिवार तक' के बारे में बात की, जिसके तहत डांसर्स की तीन पीढ़ियों को एकजुट किया गया है। दीपिका को न केवल अपनी आदर्श माधुरी से ढेरों तारीफें मिलेंगी, बल्कि वह इस अवसर का उपयोग कर अपने शो 'मंगल लक्ष्मी' पर भी चर्चा करेंगी। यह आकर्षक पारिवारिक ड्रामा मंगल की जीवनयात्रा को दर्शाता है, जो अपनी छोटी बहन लक्ष्मी के लिए मार्गदर्शक बनती है। उसके लिए एक आदर्श दूल्हे की तलाश करती है, जो उससे प्यार करे और उसे सम्मान दें। इस डांस समारोह में अपने अनुभव के बारे में दीपिका सिंह कहती हैं मै पहली बार डांस दीवाने के सेट पर गई थी और माधुरी मैम और सुनील सर से मिलना किसी सपने के सच होने जैसा था। मुझे उनके सामने मंच पर परफॉर्मेंस करने का अविश्वसनीय अवसर मिला। शो में मैंने और सानिका ने हमारे आगामी शो मंगल लक्ष्मी और इसकी थीम के बारे में चर्चा की। मुझे उम्मीद है कि दर्शक दोनों शो को प्यार देंगे।

बीएमडब्ल्यू का मुंबई में जॉयटाउन का दूसरा संस्करण पेश

नई दिल्ली। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया अपने म्यूजिक एंड ड्राइविंग फेस्टिवल, जॉयटाउन का दूसरा संस्करण लेकर आया है। 12.13 अप्रैल को महालक्ष्मी रेसकोर्स, मुंबई में दो दिनों तक चलने वाला यह ब्रांड अनुभव फेस्टिवल मुंबई में ब्रांड के प्रशंसकों और लोगों को मंत्रमुग्ध करेगा। जॉयटाउन में एक साथ बीएमडब्ल्यूए मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड अपनी तरह का खास अनुभव प्रदान करेंगी जिसमें कारों, बाइक्स, संगीत, मनोरंजन का असली मिश्रण होगा। इस आयोजन में आगंतुकों को एक्सपर्ट सुपरविजन में विशेष रूप से डिजाइन किए ट्रैक पर विशेषज्ञों द्वारा बीएमडब्ल्यू एक्स ड्राइव की शक्ति, फुर्ती और कौशल का प्रदर्शन देखने का मौका मिलेगा। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने कहा मुंबई में जॉयटाउन का दूसरा संस्करण से हम रोमांचित हैं। यह नवीनताओं से भरा एक फेस्टिवल है जहाँ ड्राइविंग के रोमांच और संगीत की चकाचैंध-भरी दुनिया का संगम होता है। जॉयटाउन एक समारोह है जिससे बीएमडब्ल्यूए मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड होने के साथ संगीत की जोश से भरपूर धुनों के साथ हमारी ऑटोमोटिव प्रगतियों का मिश्रण दिखाई देता है।

कोका-कोला के चौथी तिमाही और वर्ष-23 के नतीजे घोषित

नयी दिल्ली। कंपनी के ग्लोबल यूनिट केस वॉल्यूम में चौथी तिमाही में 2 प्रतिशत और पूरे साल 23 में 2 प्रतिशत की बढ़त हुई है। चौथी तिमाही में कंपनी केनेट रेवेन्यू में 7 प्रतिशत और पूरे साल में 6 प्रतिशत की बढ़त हुई है। ऑर्गेनिक रेवेन्यू में चौथी तिमाही में 12 प्रतिशत और पूरे साल में 12 प्रतिशत की बढ़त हुई है। भारतीय कारोबार का प्रदर्शन- समेकित कंसोलीडेटेड पूरे साल 23 में यूनिट केस वॉल्यूम में 2 प्रतिशत की बढ़त हुई है। विकासशील और उभरते बाजारों में भी 2 प्रतिशत की ग्रोथ हुई। इसमें भारत और ब्राजील में हुई ग्रोथ का सबसे ज्यादा योगदान है। इसकी वजह से 2022 में रूस में हुए कारोबार बंदी की आंशिकरूप से भरपाई हो पाई है। चौथी तिमाही में यूनिट केस वॉल्यूम में 2 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। ब्राजील और भारत की ग्रोथ के कारण विकासशील और उभरतेबाजारों में 4 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज हुई है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में चौथी तिमाही के दौरान यूनिट केसवॉल्यूम में 2 प्रतिशत की बढ़त हुई है। भारत-चीन की लीडरशिप में जूस, वैल्यू-एडेड डेयरी और प्लांट-आधारित पेयपदार्थों और स्पार्कलिंग फ्लेवर में आई ग्रोथ का इसमें अहम योगदान रहा है।

स्कोडा ऑटो का स्लाविया स्टाइल एडीशन लॉन्च

नयी दिल्ली। दो वर्षों में एक लाख बिक्री के बाद स्कोडा इंडिया ने सर्वाधिक बिक्री वाली और 5.स्टार सेफ व क्रैश टेस्ट में पास सेडान स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पेट्र जनेबा ने कहा स्लाविया स्टाइल एडीशन ग्राहकों की जरूरतों को सुनने- समझने और उन्हें खास व हाई वैल्यू वाले प्रॉडक्ट देने की मिसाल है। यह हमारे बेहद खास ग्राहकों के लिए बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध होगा। हालांकि यह पूरे भारत में हमारे 200 से अधिक बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध होगा। इक्विपमेंट स्टाइल एडीशन को स्लाविया के टॉप.ऑफ.द.लाइन स्टाइल वैरिएंट के ऊपर रखा गया है। यह डुअल डैश कैमरा जैसी सुविधाओं के साथ आता है जिसमें ब्लैक.आउट बी.पिलर ब्लैक मिरर कवर और ब्लैक रूफ फॉइल पर एडीशन बैज लगा हुआ है। वहीं कार के भीतर ग्राहकों का स्वागत स्लाविया ब्रांडेड स्कफ प्लेट द्वारा किया जाता है, जिसके स्टीयरिंग व्हील पर एडिशन बैज लगा हुआ है। कार से बाहर निकलने पर ब्रांड लोगो प्रोजेक्शन के साथ एक पुडल लैंप दिखाई देगा।

ओडिशा में अवादा ग्रुप का ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट शुरू

लखनऊ। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करकमलों द्वारा गोपालपुर, गंजाम में अवादा ग्रुप के ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई। समारोह में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, हितधारकों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने क्षेत्र में स्थायी ऊर्जा पहल को बढ़ावा देने में इस उपलब्धि के महत्व पर प्रकाश डाला। यह मेगा क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन मैन्युफैक्चरिंग केंद्र बनने की भारत की आकांक्षा के अनुरूप है। यह प्रोजेक्ट आर्थिक और सामाजिक रूप से दूरगामी सकारात्मक प्रभाव डालेगा, जिसके कार्यान्वयन के दौरान लगभग 1,600 प्रत्यक्ष और 4,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। अवादा ग्रुप का ग्रीन हाइड्रोजन डिवीजन, ओडिशा में महत्वपूर्ण निवेश कर रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम स्थापित करना है। अवादा की अत्याधुनिक ग्रीन अमोनिया स्टोरेज फैसिलिटी गहरे समुद्र वाले पोर्ट गोपालपुर में स्थित है। इससे ग्रीन हाइड्रोजन का निर्यात कुशलतापूर्वक सक्षम हो सकेगा, जिससे दुनिया भर में दुर्लभ क्षेत्रों के लिए ग्लोबल नेट ज़ीरो हासिल करने में मदद मिलेगी।

अमेज़न के प्रोपेल स्टार्टअप एक्सेलेरेटर सीज़न-3 के विजेता घोषित

नई दिल्ली। अमेज़न इंडिया ने मिराना टॉयज़, अविमी हर्बल, पर्फोरा को अमेज़न ग्लोबल सेलिंग प्रोपेल स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्रोपेल एक्सेलेरेटर सीज़न-3 के विजेता घोषित किये। विजेताओं को अमेज़न से कुल 1 लाख डॉलर का ग्रांट मिला। मिराना टॉयज़, ऐप-नियंत्रित ऑग्मेंटेड रियलिटी गेम्स के ज़रिये से डिजिटल और फिज़िकल खेल को जोड़ता और इनोवेटिव स्मार्ट खिलौनों की श्रृंखला प्रदान करता है। अविमी हर्बल, जिसकी स्थापना 85 वर्षीय राधा कृष्ण चौधरी उर्फ नानाजी ने की थी, वह आयुर्वेद आधारित एक हेयर केयर सॉल्यूशन ब्रांड है, जो रोज़मर्रा की बालों की समस्याओं के लिए प्रभावी, सदियों पुराने उपचार पेश करता है। पर्फोरा स्वच्छ सामग्री और अच्छे डिजाइन के साथ ओरल देखभाल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। यह भारत का पहला मेड-सेफ प्रमाणित ओरल स्वास्थ्य ब्रांड है और 1 प्रतिशत फॉर द प्लेनेट समुदाय का सदस्य है। प्रोपेल एक्सेलेरेटर सीजन-3 को मार्च-23 में फर्म एक्सेल, अमेज़न संभव वेंचर फंड, डीएसजी कंज्यूमर पार्टनर्स, फायरसाइड वेंचर्स, पीक एक्सवी, वी3 वेंचर्स जैसी उद्यम पूंजी कंपनियों सहित क्लब और वेलोसिटी आय आधारित-फाइनेंसिंग फर्मों के सहयोग से लॉन्च किया था।

अवैध संबंधों से नाराज पति ने पत्नी की गला काटकर की निर्मम हत्या

●धड़ से अलग सिर लेकर पहुंचा थाने

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। विवादों के बावजूद दूसरे व्यक्ति के साथ अवैध संबंध रखना एक महिला को महंगा पड़ गया । नाराज पति ने न केवल धारदार हथियार से गला काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी बल्कि धड से अलग सिर लेकर थाने पहुंच गया । यह देख पुलिस भी दंग रह गई और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया । घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है । पुलिस के जवान गांव में डेरा जमाए हुए हैं घटना जनपद के थाना फतेहपुर इलाके के ग्राम बसारा की है मिली जानकारी के अनुसार यहां रहने वाले अनिल कनौजिया की शादी 8 वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र की रहने वाली 24 वर्षीय वंदना के साथ हुई थी । अनिल के दो बच्चे भी हैं अनिल थवई गिरी का काम करता है शादी के कुछ समय बाद ही अनिल को पत्नी वंदना के साथ किसी गैर मर्द से संबंध होने की शक हुआ तो अक्सर इसको लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा । बताया जाता है की उसका शक तब और पक्का हो गया जब कल उसे घर में एक प्रेम पत्र मिला तब उसका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया ।इसी बात को लेकर आज भी दोनों के मध्य झगड़ा हुआ इसके पश्चात अनिल काम के लिए घर से बाहर निकल आया । परंतु कुछ देर बाद वह फिर घर वापस आ गया और पत्नी को बुलाकर कमरे में ले गया जहां पहले से मौजूद बाके से बेरहमी से उसकी गर्दन काट डाली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।

चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो कमरे का नजारा देखकर हैरान रह गए । कमरे में खून से लतपथ बंदना की लाश पड़ी थी तो वहीं धड़ से अलग सर व बांका लेकर थाने की ओर निकल पड़ा और इसरौली चौकी पहुंचकर स्वयं को सरेंडर कर दिया । यह देख पुलिस भी दंग रह गई । उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना देने के साथ ही पुलिस गांव पहुंच गई और जांच पड़ताल की । एसपी दिनेश कुमार सिंह ने भी इलाके का दौरा कर जांच पड़ताल की बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा वही जो अभी बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है गांव में शांति व्यवस्था कायम है ।

ग्रामीण भारत बंद के समर्थन में किसानो ने कामकाज बन्द कर सरकार की कार्यशैली पर जताया विरोध

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ग्रामीण भारत बंद के मद्देनजर शुक्रवार को जिला व पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा । चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया तो वही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक व्यवस्था पर मॉनिटरिंग भी करते रहे जिससे कोई परिंदा पर नहीं मार सका । उधर किसान आंदोलन के समर्थन मे जनपद के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा किसानों ने सारे कामकाज बन्द कर सरकार की कार्यशैली पर विरोध जताया और केंद्र सरकार से किसानों की मांगों को पूरा करने की मांग की। मालूम हो कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आज ग्रामीण भारत बंद का ऐलान किया गया था जिसको लेकर आज सुबह से ही जिला व पुलिस प्रशासन सतर्क रहा । जिसको लेकर जगह जगह जहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया वहीं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह लगातार मॉनीटरिंग भी करते रहे । अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन बस स्टॉप आदि स्थान का भ्रमण भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए । वही समर्थन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के समस्त पदाधिकारी,कार्यकर्ता व किसानों ने ग्रामीण भारत बन्द का समर्थन करते हुए खेती किसानी से जुड़े कामो के साथ साथ व्यवसायिक गतिविधियों को भी ठप रखा।जनपद के सभी ब्लाकों में ब्लॉक अध्यक्ष व ग्राम अध्यक्षो द्वारा किसानों के साथ किसान समस्याओं पर चर्चा कर उसके समाधान की मांग की गई।जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर ग्रामीण भारत बन्द का समर्थन किया गया और भारत सरकार से एमएसपी को कानूनी गारंटी देने,अग्निवीर योजना को समाप्त करने,किसान पेंशन आदि जैसी ज्वलंत समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है।

मैथ्स ओलम्पियाड में आरव को ऑल इण्डिया द्वितीय रैंक

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के कक्षा-7 के छात्र आरव कुमार सिंह ने इण्टरनेशनल एबेकस, वेदिक एवं मेंटल मैथ्स ओलम्पियाड में अखिल भारतीय द्वितीय रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव देश में बढ़ाया है। यह ओलम्पियाड शैक्षणिक संस्था माइंड पॉवर एजूकेशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि यह ओलम्पियाड तीन चरणों में आयोजित हुआ, जिसमें देश-विदेश के 5000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र ने अत्यन्त त्वरित गति से गणित के कठिन सवालों के जवाब निकालकर अपने मेधात्व का परचम लहराया एवं साबित कर दिया है कि निकट भविष्य में यह मेधावी छात्र अपने ज्ञान व बौद्धिक प्रतिभा के दम पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। ओलम्पियाड के आयोजकों ने आरव की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आरव के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

माह के अंत तक विकास कार्यों के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का करें प्रयास: डीएम

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के चालू वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को इस माह के अंत तक हर हाल में पूरा करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विधवा, निराश्रित तथा अन्य पेंशन वितरण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, कन्या सुमंगला, मत्सय पालन, सड़क मरम्मत आदि कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाए। ज़िलाधिकारी आज शाम लोक सभागार में मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम तथा अन्य समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद की रैंकिंग, विकास बिंदुओं के शासन द्वारा निर्धारित मानक अनुसार कार्य सम्पादित कराए जा रहे हैं, लेकिन इसका भी ध्यान रखा जाए कि कार्य समय पर पूर्ण हो जाएं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की विभाग पर बकाया राशि अगले पंद्रह दिनों में कर दी जाए। बैठक में ज़िलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में मनरेगा का लक्ष्य से अधिक का कार्य कराया गया है और विद्युत विभाग ने अवगत कराया कि पिछले कुछ समय में जनपद में लाइन लॉस में काफ़ी गिरावट आई है, ज़िलाधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार कार्य किए जाते रहें ताकि आम आदमी को यह जरूर लगे कि शासन प्रशासन अपने दायित्वों का निर्वहन समय पर और पूरी निष्ठा के साथ कर रहा है। ज़िलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने बैठक में कहा कि जिन लोगों के विरुध्द कार्य में शिथिलता बरतने की शिकायतें हैं, उन पर कार्रवाई करते हुए उनके विरुध्द प्रतिकूल प्रविष्टि की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। उन्होंने कहा कि जिन एडीओ पंचायत के ख़िलाफ़ शिकायत आती है, उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, इससे सम्बंधित पत्रावली उन्हें प्रस्तुत की जाए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि अगले माह होने वाला खाद्यान्न वितरण विभाग से प्राप्त आधुनिक मशीनों के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्हें अवगत कराया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में ईवेइंग मशीनें आ गई हैं। ज़िलाधिकारी ने ज़िला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जिन प्राथमिक स्कूलों में हैंड वॉश प्लेटफ़ार्म नहीं है, वहा इसके निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई तत्काल शुरू करें। ज़िलाधिकारी ने मत्स्य प्लान, जल जीवन मिशन, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत वॉल पेंटिंग, इससे जुड़े अन्य कार्यों से सम्बंधित कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। दूर सुदूर क्षेत्रों से रोगियों को लाने ले जाने के लिए एम्बुलेंस की उपलब्धता के सम्बंध में ज़िलाधिकारी ने कहा कि इसका लगातार अनुश्रवण किया जाय ।

किसानों को गांव में ही आसानी से मिलेंगी सुविधाएं: पूर्व मंत्री

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। तहसील फतेहपुर के ग्राम तरावॉ में एग्री जक्शन वन स्टॉप वन सेंटर का उद्धघाटन शुक्रवार को पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब किसानों को गांव में ही खाद, बीज व पेस्टिसाइड की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होगी। वन स्टॉप वन सेंटर संचालक अपुल वर्मा से योजनाओं का लाभ किसानों को उपलब्ध करने की बात कही। उद्घाटन के बाद पूर्व मंत्री ने मंदिर में पूजा पाठ कर भंडारे का शुभारंभ किया। इस मौके पर दिनेश वैश्य, किसान नेता राहुल लाला, ज्ञान चंद्र यादव, प्रधान रमेश वर्मा, अनूप वर्मा बबलू, गामा यादव, सुभाष वर्मा, गुलाब सिंह, अमित वर्मा व अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

रोजगार मेला: 250 युवाओं को मिला रोजगार

गोला गोकर्णनाथ खीरी। ब्लाक कुम्भी में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तत्वाधान में रोजगार मेलें का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं अवकाश प्राप्त प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, भाजपा नेता रामगुलाम पाण्डेय, भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्रा ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा देश में सर्वाधिक युवा है और युवाओं को रोजगार देना सरकार का दायित्व है इसके लिए सरकार प्रयासरत है इसी परिपेक्ष्य में कौशल विकास योजना के तहत बेरोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 250 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। विधायक ने बालिकाओं को नियुक्ति पत्र व स्मार्ट फोन भी वितरित किये। श्री गिरि ने कौशल विकास योजना की पूरी टीम को धन्यवाद दिया तथा सराहना की। उन्होने आगे कहा कि मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता रोटी कपडा और मकान है इसके लिए सरकार प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से घर, निःशुल्क अनाज देकर रोटी और शिक्षा दे रही है। रोजगार के माध्यम से कपडे आदि अन्य जरुरते पूरी होगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश की बेरोजगारी को समाप्त कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। जिसके चलते आज आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को भाजपा नेता अवधेश मिश्र, बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्रा, रामगुलाम पाण्डेय ने सम्बोधित किया।

अकाउंट फ्रीज होने पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

लखनऊ। आईटी विभाग द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं भारतीय युवा कांग्रेस का एकाउण्ट फ्रीज किये जाने के विरोध में लखनऊ उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया तथा प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने के लिए जाते समय पुलिस बल द्वारा जबरिया पुतला छीनने का प्रयास किया गया जिसमें युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पुलिस बल में झड़प हुई। युवा कांग्रेस जनों ने प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार की कांग्रेस पार्टी के प्रति राजनीतिक द्वेष में की जा रही अलोकतांत्रिक कार्यवाही के विरोध में जमकर नारे लगाये। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से अंकित तिवारी के नेतृत्व में तमाम युवा कांग्रेस कार्यकर्ता हाथ में युवा कांग्रेस का झण्डा लेकर विधानसभा की ओर निकले जिन्हें रास्ते में पुलिस बल द्वारा जबरन रोकने का प्रयास किया गया तथा पुतला छीनने का प्रयास किया गया।

सांसद खेल स्पर्धा का हुआ आयोजन

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। यूनियन इंटर कॉलेज परिसर में बी ओ पीआरडी अपूर्वा के आयोजन में ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में 100, 200 व 400 मीटर की दौड़ संपन्न कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर किया साथ ही ब्लॉक से खेल में सम्मिलित होने आए विभिन्न विद्यालयों के विजई प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन भी किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला शैलेंद्र प्रताप सिंह जॉइंट बीडियो आनंद कुमार पांडे जय राम वाल्मीकि सचिव ऋषभ पांडे नानमून शुक्ला अधिवक्ता सूर्य प्रकाश मिश्रा पुष्कर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

किसानों ने प्रभारी निरीक्षक को सौंपा किसान समस्यायों का सात सूत्रीय ज्ञापन

त्रिवेदीगंज बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । विकास खण्ड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी द्वारा किसान पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे किसानो से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। घंटो चली पंचायत के बाद मौके पर पहुंचे हैदरगढ़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी को किसानों ने सात सूत्रीय ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। शुक्रवार को राष्ट्रीयता वादी द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया है कि फिरोजाबाद व लक्ष्मनगढ ड्रेन की सफाई व खुदाई नही कराई गई ।

जार्डियन्स वयस्क क्रोनिक किडनी डिसीज़ इलाज को मंजूरी

लखनऊ। भारत का राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने रोगियों में निरंतर गिरावट, अंतिम चरण की किडनी की बीमारी, हृदय संबंधी मृत्यु और क्रोनिक किडनी डिसीज़ (सीकेडी) के बढ़ने के जोखिम वाले वयस्कों में अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को कम करने के लिए जार्डियन्स (एम्पाग्लिफ्लोज़िन)10 एमजी टैबलेट को मंजूरी दी है। यह संकेत अनुमोदन नेफ्रोलॉजिस्ट और हृदय रोग विशेषज्ञों को पात्र रोगियों में सीकेडी के इलाज के लिए जार्डियन्स 10 एमजी टैबलेट का उपयोग करने की अनुमति देता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पॉलीसिस्टिक किडनी रोग वाले मरीजों में सीकेडी के इलाज के लिए जार्डियन्स की सिफारिश नहीं की जाती है या ऐसे मरीज़ जिन्हें अंतः शिरा इम्यूनोसप्रेसिव थेरेपी की आवश्यकता होती है। गुर्दे की बीमारी के लिए 45 एमजी से अधिक प्रेडनिसोन या समकक्ष है। इस अनुमोदन से भारत में सीकेडी 5 से ग्रस्त अनुमानित 3 करोड़ 30 लाख से अधिक वयस्कों के लिए देखभाल के मानक को आगे बढ़ाने की और सीकेडी से ग्रस्त लोगों के लिए अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को कम करने के साथ गुर्दे की विफलता की प्रगति में देरी कर स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर पड़ने वाले बोझ को कम करने में मदद की क्षमता है। गगनदीप सिंह बेदी मैनेजिंग डायरेक्टर बोहरिंगर इंगेलहेम इंडिया ने यह जानकारी दी।

कृषक समाज की प्रबंध कमेटी का चुनाव सम्पन

विकास में असमानता एक बड़ी समस्या : योगी

- युवाओं को निवेश और रोजगार की जानकारी देने के लिए 42 सदस्यीय टीम गठित

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी 4.0 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय करायेगा। इसके लिए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के 04 और भारतीय वन सेवा के 07 अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) तथा 19 शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय टीम गठित की है। आगामी 17-18 फरवरी को यह टीम अलग-अलग विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी, रोजगार और सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी, साथ ही, युवाओं के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी 4.0 के संबंध में जागरूक करेगी। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर अयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय विशेष टीम के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। मध्य उत्तर प्रदेश और एनसीआर की तुलना में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड का बहुत कम विकास हुआ था। यहां न तो इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट का काम हुआ था न ही लोगों के जीवन स्तर में सुधार के प्रयास। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। हमने इस असमान विकास की समस्या के स्थायी निराकरण के लिए ठोस प्रयास किये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विगत वर्ष 10-12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से आप सभी सुपरिचित हैं। लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी और सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। आप सभी प्रदेश की इस सफलता के साक्षी रहे हैं, सहयात्री रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपार संभावनाओं का प्रदेश है। देश और प्रदेश के समग्र विकास में

हमें इन संभावनाओं को जमीन पर उतारना होगा। आप सभी के पास सार्वजनिक जीवन का लंबा अनुभव है। महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व निर्वहन किया है। आपके इन अनुभवों से हमारे युवा लाभान्वित हों, इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में हमारा युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे और इसका सीधा लाभ हमारे युवा को होगा। हम अपने युवाओं का कौशल उन्नयन भी कर रहे हैं और उनके लिए रोजगार के अवसर भी बना रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहा कि इसमें प्रदेश के हर जिले के लिए निवेश मिला है। अब औद्योगिक विकास केवल एनसीआर अथवा कुछ चुनिंदा नगरों तक सीमित नही है, बल्कि हर एक जिला इससे लाभान्वित है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की सफलता के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वह योजना जिसके लिए बनाई गई है, उसे उसकी जानकारी हो। अच्छी योजनाएं जागरूकता के अभाव में असफल हो जाती हैं। इसलिए सरकार, इंडस्ट्री और शिक्षण संस्थाओं के बीच सतत संवाद और संपर्क महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से राज्य सरकार आप सभी अनुभवी अधिकारियों और शिक्षाविदों का सहयोग ले रही है। जीबीसी 4.0 के आयोजन के पूर्व विश्वविद्यालयों व अन्य शैक्षिक संस्थानों में आप सभी का युवाओं से संवाद महत्वपूर्ण होगा। संवाद करते हुए आप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में वृहद पूंजी निवेश आकर्षित किये जाने की योजनाओं की जानकारी दें। भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से उनका परिचय कराएं। उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें ताकि अधिकाधिक युवा योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यह समिट किस प्रकार उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी होगा, इस संबंध में मार्गदर्शन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें उत्तर प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी इन्होंने उत्तर प्रदेश लौटने का निर्णय लिया। यहां यह भी समझना होगा कि यह श्रमिक केवल फैक्ट्री में काम ही नहीं करते हैं, यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान भी करते हैं। इसी तरह, कोरोनाकाल में प्रदेश लौटे प्रवासी जनों की हमने स्किल मैपिंग की और यहीं रोजगार मुहैया कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। यहां अध्ययनरत युवा सरकार की नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों से सुगमतापूर्वक परिचित हो सकें, इसके लिए सहज व्यवस्था होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों को इसके लिए स्वप्रेरणा से कार्य करना होगा।

आकांक्षी नगर योजना के अन्तर्गत शहरी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का होगा सुदृढ़ीकरण : मुख्य सचिव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आकांक्षी नगर योजना के कार्यान्वयन हेतु मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय गवर्निंग समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में योजना की प्रगति के सम्बंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि चयनित सी0एम0 फेलोज का 2 सप्ताह का प्रशिक्षण शीघ्र पूर्ण कराते हुए इन्हें सम्बंधित निकायों में तैनात किया जाये। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न शासकीय विभागों से समन्वय करते हुए योजना के प्रभावी व त्वरित कार्यान्वयन के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि आकांक्षी नगर योजना के अन्तर्गत चयनित शहरों में आगनबाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों के उन्नयन व सुदृढीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में 9591.99 लाख रू0 की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से 348 आंगनबाडी केन्द्रों के सुदृढीकरण में, नगर निकायों में संचालित विद्यालयों में 398 अतिरिक्त कक्ष व 913 स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य कराया जायेगा। नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की 20000 से 1 लाख की जनसंख्या वाली 100 सबसे कम विकसित निकायों का चयन

आकांक्षी नगर योजना के अन्तर्गत किया गया है।

इस योजना के अन्तर्गत चयनित निकायों में शहरी नियोजन, बुनियादी ढांचे, आर्थिक विकास, आजीविका के अवसरों में वृद्धि करते हुए निकायों का सतत समृद्ध विकास किया जाना है। चयनित निकायों में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन, निकाय की टीम के साथ समन्वय, योजना के प्रभावी निष्पादन और कार्यान्वयन हेतु सर्वेक्षण, अध्ययन, प्राथमिक डेटा का संग्रह, निगरानी एवं योजनाओं के संचालन में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु सी0एम0 फेलोज पद के चयन हेतु में कुल 1,03,788 आवेदन प्राप्त हुए। पद की अपेक्षित अर्हताओं के सापेक्ष परीक्षण करते हुए 446 आवेदको का साक्षात्कार किया गया जिसमें से 100 सी0एम0 फेलोज के चयन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

पुलिस भर्ती परीक्षा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। एसटीएफ को यूपी पुलिस में आरक्षी पद भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा के नाम पर कतिपय अभ्यर्थियों के साथ धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले गैंग के दो सदस्यों प्रिन्स कुशवाहा व विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन, आठ अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, 32अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र,24 अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर युक्त सादा बैंक चेक,18 अभ्यर्थियों के हस्ताक्षरयुक्त स्टैम्प पेपर बरामद किया है। यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा प्रदेश के सभी जनपदों में 17 व 18 फरवरी को परीक्षा आयोजित होना प्रस्तावित है। इस परीक्षा को सकुशल एवं नकलविहिन सम्पन्न कराये जाने के लिए एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों व टीमों द्वारा जानकारी एकत्र की जा रही थी। इसी क्रम में एसटीएफ टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि यूपी पुलिस में आरक्षी के पद पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के संबंध में कतिपय परिक्षार्थियों को अपने प्रभाव में लेकर धोखाधड़ी करने वाला गैंग वाराणसी में सक्रिय है। इस गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा अपने गैंग के दो सदस्यों के साथ थाना सारनाथ क्षेत्रान्तर्गत रिंगरोड बाईपास सिंहपुर के

पास मौजूद है तथा कुछ परीक्षार्थियों को वहां पर बुलाकर उन्हें अपने प्रभाव में लेकर ठगी एवं धोखाधड़ी करने का प्रयास कर रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। गैंग सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा वहां पर मौजूद भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों एवं मौके पर मौजूद मिले अभ्यर्थियों से पूछतांछ से पाया गया कि 17 व 18 फरवरी को प्रदेश के सभी जनपदों में यूपी प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गयी है। परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा अपने गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने के लिए सक्रिय था। गैंग सरगना द्वारा अपने साथियों के माध्यम से कतिपय अभ्यर्थियों से सम्पर्क कर परीक्षा उत्तीर्ण कराने के नाम पर प्रति अभ्यर्थी से

- एसटीएफ ने गैंग के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार
- गैंग का सरगना भीड़ का फायदा उठाकर हुआ फरार
- आज और कल होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

लगभग 10-10 लाख रुपये तय किया गया था। इन लोगों द्वारा अभ्यर्थियों से एडवान्स के तौर पर 50-50 हजार रुपए, मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र, प्रवेशपत्र, हस्ताक्षरयुक्त सादा बैंक चेक एवं सादा स्टैम्प पेपर पूर्व में ले लिया गया था। वंशराज सिंह कुशवाहा द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के माध्यम से 15 जनवरी को कतिपय अभ्यर्थियों को बक्सर (बिहार) यूपी पुलिस की उक्त परीक्षा का प्रश्नपत्र (फर्जी/काल्पनिक प्रश्नपत्र) सॉल्व कराये जाने के नाम पर बुलाया गया था। परन्तु वंशराज सिंह कुशवाहा बक्सर (बिहार) में इनसे मिलने नहीं आया और इन्हें फोन कर शुक्रवार को सभी संबंधित अभ्यर्थियों को थाना सारनाथ क्षेत्रान्तर्गत सिंहपुर के पास रिंगरोड अण्डरपास के पास मिलने के लिये बुलाया। वंशराज सिंह कुशवाहा द्वारा पूर्व नियोजित योजना के तहत रिंगरोड अण्डरपास सिंहपुर के पास अपने दो साथियों के साथ मौजूद था। इन लोगों द्वारा आठ अभ्यर्थियों को बुला लिया गया था।

उपहार देकर मनाया फीनिक्स में प्यार का त्यौहार

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्यार के खास दिन यानी वैलेंटाइन डे पर फीनिक्स यूनाइटेड मॉल ने अपने आगंतुकों के लिए एक यादगार शाम का आयोजन किया। मास्टर ऑफ सेरेमनी की अगुवाई में रोमांचक एक्टिविटी का आयोजन किया गया, जिसमें सवाल-जवाब के खेल के जरिए लोगों को उपहार मिले। ग्राहकों ने अपने प्यार के लिए दिल को छू लेने वाली परफॉरमेंस भी दी। इन उपहारों में मॉल के इन-हाउस ब्रांड कलरबार के फ्रीबी भी शामिल थे। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए चौथी मंजिल से एट्रियम में एक हजार से अधिक गुब्बारों को छोड़कर ग्राहकों को आश्चर्यचकित किया गया। माहौल प्यार और खुशी से भरा हुआ था, जिसने इस खास दिन को और भी यादगार बना दिया। फीनिक्स मिल्स लि के सीनियर सेंटर डायरेक्टर संजीव सरीन ने कहा वैलेंटाइन डे प्यार और खुशी का जश्न मनाने का एक खास अवसर है। हम अपने ग्राहकों को एक बेहद खास अनुभव प्रदान करना चाहते थे और उन्हें प्यार का जश्न मनाने का एक अनूठा तरीका देना चाहते थे। हम इस आयोजन की सफलता से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि हम हमारे ग्राहकों के लिए वैलेंटाइन डे को और भी खास बनाने में कामयाब रहे।

होमगार्ड्स के जवान आपदा मित्र के रूप में भी करेंगे कार्य

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि मुख्यमंत्री के आपदाओं से शून्य जनहानि के संकल्प को पूर्ण करने में होमगार्ड्स भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इसके लिए विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के माध्यम से राज्य आपदा मोचन बल द्वारा होमगाईस का प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दैवीय आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित 48 जिलों से 100-100 होमगाईस चिन्हित किया गया है। जिसमें 20 प्रतिशत महिला होमगार्ड्स की भी भागीदारी रहेगी। श्री प्रजापति ने बताया कि होमगार्ड्स का यह आपदा प्रशिक्षण इसी वर्ष फरवरी से आरम्भ होकर 09 बैचों में जून, 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से प्रशिक्षित होमगार्ड्स को इमरजेंसी रिस्पान्डर किट उपलब्ध करायी जायेगी, जिसमें लाइफ जैकेट, सोलर टार्च, सेफ्टी ग्लब्स, पाकेट नाइफ, फर्स्ट एड किट, लाइटर, पानी की बोतल, सीटी, मच्छरदानी, रेन कोट, गम बूट, सेफ्टी गागल्स, सेफ्टी हेलमेट एवं टी शर्ट आदि उपलब्ध रहेगी। श्री प्रजापति ने

कहा कि उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के जवान जहां एक ओर पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों के अन्तर्गत वृहद वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधान भवन के समक्ष होमगार्ड्स के जवानों ने भव्य परेड का प्रदर्शन करते हुए ब्रासबैण्ड दल ने द्वितीय, पाइप बैण्ड दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बेस्ट मार्चिंग में पुरुष टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अब आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित होमगार्डस प्रदेश में होने वाली दैवीय आपदाओं के समय अपने-अपने क्षेत्रों में पीड़ित लोगों की प्रथम उत्तरदाता के रूप में उनकी सहायता करते हुए दिखायी देंगे।

राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए राजधानी के साई सेंटर कानपुर रोड पर चल रही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने मैदान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में वाराणसी मण्डल के शिवा सिंह ने प्रथम स्थान, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में गोरखपुर मण्डल के शिव चौहान और बालिका वर्ग में आजमगढ़ मण्डल की रिया वर्मा ने बाजी मारी। 400 मीटर दौड़ में मेरठ मण्डल के रेहान ने, बालिका वर्ग में गोरखपुर मण्डल की अस्मिता ने बाजी मारी। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में हैंडबाल में गोरखपुर मण्डल की टीम प्रथम स्थान जबकि लखनऊ मण्डल की टीम को द्वितीय स्थान मिला जबकि बालक वर्ग में प्रयागराज की टीम विजयी रही। चक्र क्षेपण बालिका वर्ग में चित्रकूट मण्डल की काजल को पहला स्थान मिला जबकि विंध्य मण्डल की टीम को दूसरा स्थान मिला। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक श्यामकिशोर तिवारी ने बताया कि शनिवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

संक्षिप्त आवाज़

स्टोर में सेंध लगाकर चोरी, केस दर्ज

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित नटखेडा रोड पर संचालित महिला स्टोर में सेंध काट कर घुसे चोरों ने कीमती कपड़े सहित हजारों की नकदी गल्ले का ताला तोड़ फरार हो गए। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित दुकान मालिक ने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। आलमबाग नटखेड़ा रोड पर महिला स्टोर नामक दुकान संदीप अठवानी ने बताया कि वह मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित समर बिहार सिंगार नगर में रहते हैं। 15 फरवरी की शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो दुकान के गल्ले में रक्खे करीब तीस हजार रु नकदी चोरी चली गई थी और गल्ला खुला हुआ था और दुकान पर रक्खे कीमती कपड़े अस्त व्यस्त पडे हुए थे और दुकान के ऊपरी हिस्से की दीवार टूटी हुई थी। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर शिकायत करने के साथ स्थानीय थाने में तहरीर दी है।

अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक की मौत

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। थाना क्षेत्र के ग्राम महमदखेड़ा गोसा लालपुर निवासी संतोष कुमार (30) बीती गुरुवार की देर रात करीब 10 बजे अपनी ससुराल कुन्ना से घर वापस आ रहे थे। रास्ते में रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भतोइया स्थित पुलिस चौकी के निकट बाइक अनियंत्रित हो गयीं। अनियंत्रित हुई बाइक से वह सड़क पर जा गिरा। जिससे उसे गंभीर चोटें आयी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस, परिजन व रिश्तेदार आनन फानन लखनऊ लें गये। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने परिवार की इकलौती संतान था। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी मालती व एक पुत्री अदिति है। जिसका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने देर शाम मृतक के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

विवाहिता का पेड़ से लटका मिला शव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। माल थाना क्षेत्र के ग्राम मवई निवासी विनोद की बहन सुनीता (22) का विवाह 21 फरवरी 2022 को इसी थाना क्षेत्र के ग्राम काकराबाद निवासी छोटेलाल के साथ हुआ था। विनोद ने बताया की शादी के बाद से ही सुनीता का पति छोटेलाल व जेठ नवनीत दहेज को लेकर प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करने लगे। उसने बताया कि दहेज में बुलेट बाइक व सोने चेन की मांग करते थे। इसी बात को लेकर गुरुवार बीती देर रात सुनीता के पति छोटेलाल व जेठ नवनीत ने सुनीता की जमकर लात घूसों व लाठी डंडों से पिटाई कर उसकी गला दबाकर हत्या कर उसके शव को घर के पास ही पेड़ में साड़ी के फंदे से लटका दिया।

अपोलो से दवाइयां चोरी के आरोपी स्वीपर को पकड़ा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के एलडीए बाराबिरवा में स्थित सुपर स्पैशलिटी अपोलो मेडिक्स अस्पताल की जाँच टीम अस्पताल में लगे सीसी कैमरे की मदद से अस्पताल में ही कार्यरत एक निजी कंपनी के स्वीपर को अस्पताल के फार्मेसी एवं स्टोर से दवाइयां चोरी कर बाहर विक्री करने के आरोप में पकड़कर स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस के सुपुर्द करते हुए लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दुबे ने बताया कि एलडीए कॉलोनी बाराबिरवा में संचालित अपोलो मेडिक्स अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह पुत्र स्व प्रकाश चंद्र ने बताया कि अस्पताल परिसर में स्थित फार्मेसी एवं स्टोर से कई माह से दवाइयां चोरी हो रही थी जिसकी शिकायत फार्मेसी मैनेजर आकाश चौधरी ने दवाइयों के गायब होने की शिकायत अस्पताल प्रशासन से की थी। जिस पर जाँच में सीसी कैमरे की फुटेज को खंगाला गया तो पता लगा कि निजी कंपनी सर्विस मास्टर क्लीन द्वारा अस्पताल में स्वीपर का काम करने वाला आकाश मौर्या पुत्र सुशील कुमार मौर्या निवासी बाई पास रोड मौर्या नगर लालगंज रायबरेली कई माह से दवाइयों की चोरी कर अस्पताल से बाहर ले जाता था फुटेज आधार पर जब अस्पताल प्रशासन ने स्वीपर से पूछताछ किया।

ईको पर्यटन विकास की परियोजनाओं के लिए सुनहरा अवसर : जयवीर सिंह

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। ईको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आज फिरोजाबाद में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं पर्यावरण जन्तु उद्यान तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा0 अरूण कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से रायबरेली, पीलीभीत तथा लखीमपुर सहित 10 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें रायबरेली स्थित समसपुर पक्षी बिहार, इंदिरा गांधी स्मारक वानस्पतिक उद्यान, पीलीभीत टाइगर रिजर्व शामिल हैं। लोकार्पण के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उ0प्र0 घरेलू पर्यटन के मामले में देश में पहले स्थान पर है। अयोध्या में श्रीराम लला के मंदिर के लोकार्पण के बाद उ0प्र0 वैश्विक पर्यटन स्थलों में अपना नाम शामिल किया है। राज्य सरकार का प्रयास है कि विदेशों से आने वाले पर्यटकों के मामलों में भी उ0प्र0 पहले स्थान पर हो। इसके लिए बेहतर कनेक्टिविटी एवं उच्च स्तरीय अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यमुना नदी के तट पर स्थित रपड़ी एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। यहां पर्यटक सुविधाओं के विकास के बाद बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन होगा।

उन्होंने कहा कि रपड़ी से बटेश्वर, बटेश्वर से आगरा, आगरा से मथुरा और मथुरा से गोकुल तक वाटर क्रूज चलाने की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक बड़ी नदियों में जहां जहां क्रूज का संचालन शुरू किया गया है। वहाँ अप्रत्याशित सफलता प्राप्त हुई है। श्री सिंह ने कहा कि फिरोजाबाद की शिकोहाबाद तहसील स्थित रपड़ी वन क्षेत्र का पर्यटन विकास, बहराइच जिले की तहसील मिहीपुरवा स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार में साइनेज बोर्ड का कार्य, सोनभद्र जिले में हाथीनाला बायोडाइवर्सिटी हॉट स्पॉट का पर्यटन विकास, लखीमपुर खीरी में दक्षिणी खीरी वन प्रभाग के मोहम्मदी रेंज में पर्यटन विकास, रायबरेली जिले में समसपुर पक्षी विहार तथा इंदिरा गांधी स्मारक वानस्पतिक उद्यान का पर्यटन विकास, पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन विकास, वाराणसी में काशी वन्य प्रभाग रामनगर के आधीन और वाटांड का पर्यटन विकास, आगरा जिले में सुर सरोवर पक्षी विहार कीठम का पर्यटन विकास और बिजनौर जनपद स्थित अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का पर्यटन विकास संबंधी परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। जलवायु परिवर्तन मंत्री डा0 अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि पर्यटन के मामले में उ0प्र0 लगातार प्रगति कर रहा है। यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। वन विभाग पर्यटन स्थलों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग के लिए तैयार है।

विधवा को ससुरवालों ने घर से निकाला, केस दर्ज

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विधवा ने अपने ससुरालियों पर मारपीट करने के दौरान उसके घर का सामान फेंक धमकी देने का आरोप लगाया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित माली टोला, बंगला बाजार भदरुख निवासिनी रानी पत्नी स्व कमलेश कुमार रावत के अनुसार उसके तीन बच्चे लवकुश, प्रेम, कार्तिक है। पति की मृत्यु 29 नवम्बर 22 को हो गई थी। आरोप है कि बीते 11 फरवरी को नन्दे राजकुमारी, कंचन, माधुरी व सास शान्ति देवी ने मिलकर उसके घर में घुसकर जमकर पीट-पीट कर मरणासन्न कर घर में रक्खा घरेलू सामान मोबाइल पायल, गले का नेटलेश, नाक की कील सिलेण्डर, बेड, व पंखा, कुकर, बैक की पासबुक व एटीएम कार्ड सहित 4 हजार रु की नकदी छीनकर घर से बाहर फेक दिया। पीडिता का कहना है कि उसे किरायेदार ने बचाकर इलाज के लिए लोक बधु अस्पताल पहुंचाया। जहाँ से उपचार कराने के बाद उसने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

समाज के हर वर्ग को मिलकर बाल श्रम को करना होगा खत्म : प्रमुख सचिव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के प्रमुख सचिव श्रम, अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आगामी 5 वर्षों में प्रदेश को पूर्ण रूप से बाल श्रम मुक्त कराया जाना है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम बहुत बड़ी चुनौती है, जिसके लिए समाज के हर वर्ग को मिल कर समाधान ढूंढना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य और राष्ट्र निर्माता है। इसलिए बालश्रम उन्मूलन पूर्णतया आवश्यक है। अनिल कुमार आज विधान भवन स्थित तिलक हाल में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। प्रमुख सचिव ने कहा कि यह समस्या केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके परिवार को भी बाहर निकालने के लिए ऐसे प्रयास किये जायें, जिससे उसके परिवार को लाभान्वित किया जा सकता है। इससे उस बच्चे के परिवार की आय के स्रोत बढ़ेंगे और बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा बाल श्रम को खत्म करने के लिए विभिन्न विभागों को सहयोग करना होगा, जिससे उन विभागों में चल रही योजनाओं से बच्चे के परिवार की आय बढ़ाई जा सके। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश को आगामी 5 वर्षो में बाल श्रम मुक्त कराने हेतु विभिन्न कार्यवाहियों में तेजी लाई जाए। बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के लिए हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए। बैठक में राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चिन्हित बाल श्रमिकां का आयु परीक्षण 24 घंटे में करा लिया जाय। बैठक में बाल श्रम रेस्क्यू में आ रही समस्यायों पर भी चर्चा की गई, जिस पर प्रमुख सचिव द्वारा शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए।

पुत्र ने मां के सिर पर ईंट मार की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो मजरा कल्याणपुर गाव में खलील 45 वर्ष पुत्र जमील गुरुवार रात को अत्यधिक शराब के नशे में घर पर पहुच कर भाई सूफ़ियान से घर की पुश्तैनी ज़मीन जो की कुछ समय पहले बेची गई थी जिसके कारण दोनों भइयों में पैसों को लेकर वाद विवाद काफ़ी दिनों पहले हो चुका था गुरुवार रात माँ से बेटा ख़लील द्वारा ख़ाना खाते समय ख़ाना फ़ेक देने पर माँ ने बेटे को डाट दिया ख़ाना ना देने को कहकर ख़लील उत्तेजित होकर माँ से गाली गलौज व मार पीट करने लगा जिसके कारण बात ज़्यादा बढ़ जाने के कारण माँ मुमताज़ बीच बचाओ में ख़लील से अपसब्द कह दिया जिससे पुत्र ख़लील ने माँ मुमताज़ को गला दबाकर पीटने लगा और पास में पड़ी ईट से सिर व माथे पर घम्भीर चोट लग जाने के कारण मुमताज़ को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने मुमताज़ को मृत

घोषित कर दिया मौक़े पर पहुँची पुलिस ने शव को क़ब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। वही जमील के परिवार में बड़ा बेटा ख़लील, सूफ़ियान व छोटा बेटा शानू है। वही शुक्रवार दोपहर आरोपी ख़लील को गहदो के निकट रहीमाबाद पुलिस द्वार

संक्षिप्त समाचार

पत्नी से झगड़कर फांसी में झूला युवक

भरुआ, सुमेरपुर। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी सोनू सिंह ट्रांसपोर्टर है। इसका बड़ा भाई शिवपूजन सिंह 28 वर्ष पत्नी शिवानी एवं पुत्र प्रिंस 4 वर्ष के साथ कानपुर के निजी आवास में रहता था। बुधवार को देर रात यह शराब के नशे में घर लौटा तो पत्नी से कुछ कहा सुनी हो गई। इसके बाद शिवपूजन कमरे में जाकर सो गया। सुबह पत्नी जब सोकर उठी तो वह फांसी में झूल रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी। पत्नी ने घटना की सूचना ससुर राजू सिंह एवं देवर सोनू सिंह को दी। घटना की सूचना पाकर सभी कानपुर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को देर शाम शव गांव लाया गया। गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी शिवानी, पुत्र प्रिंस, पिता राजू सिंह, मां भूरी सिंह सहित तीन भाइयों को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अंतिम संस्कार में ग्राम प्रधान नरेन्द्र पाल सहित सैकड़ो लोग रहे।

करंट की चपेट में आये युवक की गिरकर मौत

भरुआ, सुमेरपुर। चंदपुरवा गांव निवासी रमेश श्रीवास का पुत्र प्रमोद (28) प्राइवेट तौर पर विद्युत कर्मी के रूप में काम करता था। गुरुवार को शाम करीब 7:00 बजे यह चंदपुरवा मौजा के किसी नलकूप की विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर उसे ठीक कर रहा था। तभी विद्युत सप्लाई चालू हो जाने से करंट की चपेट में आकर खंभे से नीचे आ गिरा। मौके में मौजूद साथियों ने इसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। कानपुर ले जाते समय इसकी रास्ते में मौत हो गई। परिजनों ने वापस आकर मुख्यालय में शव को मोर्चरी में रखवा दिया। अवर अभियंता ने बताया कि मृतक को वह नहीं जानते है। वह चलती लाइन में कार्य कर रहा था तभी घटना हो गई है। बताया कि गांव के लोगों ने घटना के बाद स्कूल के पास तार टूटने की सूचना देकर लाइन बन्द कराई थी। एसडीओ एसपी मिश्रा का कहना है कि मृतक विभाग का कर्मी नहीं है। शायद मृतक चलती लाइन में काम कर रहा होगा। तभी करंट की चपेट में आ गया होगा। उधर मृतक के पिता का आरोप है कि चन्दपुरवा फीडर के लाइनमैन अशोक के कहने पर उसका पुत्र काम करता था। बिना शट डाउन लिए उसने पुत्र को खंभे में चढ़ा दिया जिससे यह घटना हुई है।

टप्पेबाजों ने चार को बनाया निशाना

भरुआ, सुमेरपुर। बस स्टैंड में राहुल गौतम निवासी ग्राम भिटारी थाना कुरारा अपनी पत्नी अर्चना व साली के साथ गांव जा रहा था। तभी एक टप्पेबाज फुटकर कराने के बहाने पांच सौ रुपए ले उड़ा उसके पास लिए गए समोसा के पैसे और किराया भी नही बचा तो बाद में बिदोखर के रिश्तेदारों से किराया का पैसा मांगकर अपने गांव जा सका। दूसरा निशाना दुकानदार सुरेश द्विवेदी को बनाया। उसकी दुकान से 800 रुपए की दो किलो मिठाई लेकर भुगतान फोन पे द्वारा करने को कहा। बाद में मोबाइल में फर्जी पेमेंट दिखाकर मोटर साइकिल स्टार्ट कर भाग गये। तीसरी घटना में टप्पेबाज भगवानदीन साहू की फल व परचून की दुकान से 15 लीटर तेल की गैलन लेकर मौदहा की तरफ रफूचक्कर हो गए और दुकानदार देखता ही रह गया। चौथी घटना में इरशाद खां की टायर पंचर की दुकान से तीन टायर उठाकर ले गए। इस तरह से टप्पेबाज वहां के दुकानदारों और यात्रियो को अपना निशाना बना रहे हैं। पुलिस वहां नहीं रहती है। हल्का इंचार्ज आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि टप्पेबाजी की कोई शिकायत नहीं आई। फिर भी बस स्टैंड के पास पुलिस चौकसी बढ़ाई जाएगी।

अवैध टैंपो स्टैंड के चलते राहगीर परेशान

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के मध्य से नेशनल हाईवे 34 के साथ स्टेट हाईवे सुमेरपुर पैलानी मार्ग गुजरता है। इन दोनों मार्गों में कस्बे के अंदर आधा दर्जन स्थानों पर अवैध टेंपो स्टैंड संचालित हैं। दिनभर सैकड़ो टेंपो इन स्थानों पर धमाचौकड़ी मचाते हैं। नेशनल हाईवे सहित स्टेट हाईवे के ऊपर बने इन अवैध टेंपो स्टैंड में टेंपो के खड़े होने से जाम का झाम पैदा हो जाता है। इससे बस स्टॉप के आसपास के अलावा सब्जी मंडी चौराहा, देवगांव चौराहा, पैलानी चौराहा में दिनभर जाम की नियति बनी रहती है। इससे कस्बा वासियों के साथ अन्य राहगीरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। यातायात प्रभारी हरविंदर सिंह ने कहा कि दो दिन बाद अभियान चलाकर अवैध टैंपो स्टैंड संचालकों सहित डग्गामार वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही होगी।

चूल्हे की चिंगारी से घर में लगी आग

कानपुर। घाटमपुर के पतारा में चूल्हे की चिंगारी से एक घर में आग लग गई हवा के साथ तेज होती आग देखकर ग्रामीणों में भी अफरातफरी मच गई, पतारा में रहने वाले कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि उनकी पत्नी शिवप्यारी चूल्हे पर खाना बना रही थी, इस दौरान अचानक से चिंगारी छत पर रखे पुआल में पहुंच गई और देखते ही देखते पुआल का ढेर जलने लगा जब तक ग्रामीण कुछ समझते आग ने काफी विकराल रूप धारण कर लिया ग्रामीणों ने बाल्टियों ने आग बुझाने का प्रयास करने के साथ पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, बाद में यहां पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी लॉन्च

कानपुर। रीजेंसी हॉस्पिटल ने हेल्थकेयर के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी को लॉन्च किया है सर्वोदयनगर स्थित रीजेंसी हेल्थ के टॉवर टू में द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लॉन्च किया, कानपुर में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत को लेकर उत्साह जताते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अभी तक कानपुर के लोगों को इसके लिए बाहर जाना पड़ता था लेकिन अब अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से उन्हें अपने ही शहर में बेहतर इलाज मिलेगा, रीजेंसी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. अतुल कपूर और सीईओ अभिषेक कपूर ने बताया कि इस मशीन के जरिए पिछले 15 दिनों में 50 सफल सर्जरी की जा चुकी हैं।

भारत बंद को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

कानपुर। जुमे की नमाज और भारत बंद को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट पर रहा, पीएसी और फोर्स के साथ पुलिस अफसर लगातार संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सुबह से गश्त करते रहे संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च कर जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया इस दौरान ड्रोन और छतों से निगरानी के अलावा खुफिया को भी सक्रिय रखा गया भारत बंद के मद्देनजर रेलवे और बस स्टेशनों पर भी लगातार नजर रखी गई।

बाइक फिसलने से युवक घायल

भरुआ, सुमेरपुर। ललपुरा थाना क्षेत्र के कलौली जार के निवासी शिवदास यादव का पुत्र विक्रम यादव रेलवे के दोहरीकरण में कार्य करता है। गुरुवार को रात करीब 8 बजे यह कस्बा निवासी बबलू सविता निवासी पीडब्ल्यूडी स्टोर के पास के साथ बाइक से ड्यूटी जा रहा था। कस्बे एवं देवगांव के मध्य सड़क में फैली पड़ी बालू में उनकी बाइक फिसल गई। इससे यह दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया।

परशुराम लक्ष्मण संवाद से लोग हुए मंत्रमुग्ध

भरुआ, सुमेरपुर। पंधरी के ग्रामीणों ने मदारीदास बाबा आश्रम प्रांगण में दो दिवसीय रामलीला का आयोजन कराया। रामलीला के आखिरी दिन धनुष भंग, परशुराम लक्ष्मण संवाद देखने सुनने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। परशुराम लक्ष्मण संवाद सुनकर लोग भावविभोर हो गए। यहां पर राम का अभिनय सुमित तिवारी पिपरौंदा, लक्ष्मण का अभिनय उदित तिवारी पिपरौंदा तथा परशुराम का अभिनय बाल व्यास कानपुर ने किया। ग्रामीणों ने परशुराम लक्ष्मण संवाद को खूब सराहा।

पुलिस से 'लम्बरदारी' झाड़ने में नप गए नेताजी

डीसीपी साउथ से फोन पर अभद्रता के बाद पुलिस कमिश्नरेट का पलटवार



डीसीपी साउथ से फोन पर बातचीत के दौरान शख्स ने हिस्ट्रीशीटर व उसके गुर्गों की बेगुनाह बताते हुए कहा कि आप लोग चाहते क्या है। पुलिस बेवजह फर्जी मुकदमे दर्जकर युवाओं की अपराधी बना रही है। संवैधानिक पद पर बैठे होने के बाद बावजूद आप लोग कुछ कर नहीं रहे। बर्रा पुलिस पहले भी लड़को को गुंडा बना चुकी है। अभी आप जानते नहीं हो यदि मैं 50 60 लोगों के साथ आ गया तो आपके ऑफिस में तांडव हो जायेगा। कॉल का ऑडियो वायरल हो गया है हालांकि स्पष्ट आवाज वायरल ऑडियों की पुष्टि नहीं करता है। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि उनके पास एक शख्स की काल आई थी। जिसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। बर्रा जरौली में बीती 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर व उसके गुर्गे शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने मारपीट व पथराव किया था। इसमें एक दर्जन से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त और चार से पांच लोग घायल हो गए थे। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज़ कर लिया था। वहीं जांच में सहयोग और फरार होने पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर एक लाख रूपए और अन्य आरोपितों पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

घर पर आरोपियों की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस दबिश देने घर गई। लेकीन कोई भी आरोपी नहीं मिला। वहीं आरोपी परिवार के लोग एक नेता के पास पैरवी को पहुंच गए। और पुलिस से पीड़ित होने की बाद कहीं। जिस पर खुद को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का मंत्री बताते हुए शख्स ने पहले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के सरकारी नंबर पर फोन कर पीआरओ से बातचीत के दौरान बर्रा पुलिस पर फर्जी मुकदमे लगाने का आरोप लगाया। साथ ही पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते कह डाली और बोला कानपुर पुलिस लड़कों को गुंडा बना रही है। और उनका भविष्य चौपट कर रही है। इतना सुनते ही पीआरओ ने अपनी बात डीसीपी साउथ से कहने को कहा। जहां पीआरओ ने डीसीपी रविंद्र कुमार का नंबर दिया।

प्रियरंजन पर एक और एफआईआर

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। चकेरी के किसान बाबू सिंह की आत्महत्या करने के मामले में फंसे डॉक्टर प्रियरंजन अंशु दिवाकर की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। उस पर एक नया आरोप सामने आया है। आरोप है कि उसने मृत किसान की बेटी को केस वापस लेने के लिए धमकी दी। लिहाजा किसान की बेटी द्वारा मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उस पर एक और केस दर्ज किया है। लिहाजा किसान की बेटी द्वारा मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उस पर एक और केस दर्ज किया है। डॉक्टर दिवाकर द्वारा करोड़ों की जमीन हड़पे जाने पर चकेरी के किसान बाबू सिंह यादव ने सीएम के नाम सुसाइड नोट लिख जान दी थी।

तीन नवजात की मौत, लापरवाही का आरोप

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। घाटमपुर सीएससी में गुरुवार को राधा देवी पत्नी रोहित कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी कोरिया गांव की महिला को प्रसव पीड़ा के दौरान उसे सीएचसी घाटमपुर लाया गया। जहां पर महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया। जन्मदिन देते ही तीनों बच्चे की मौत हो गई।

राधा देवी की हालत बिगड़ने पर उसे परिजनों ने सीएचसी घाटमपुर से निकलकर पास के ही आशा अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर महिला का इलाज हो रहा है। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कैलाश चंद्र ने बताया कि महिला के तीनों बच्चों का वजन कम होने से तीनों की मौत हुई है।

वहीं डिलीवरी का समय से न होना बच्चों की मौत का कारण बना। उसके पति रोहित कुमार का आरोप है कि महिला डॉक्टर अनामिका एवं अन्य स्टाफ नर्सो की लापरवाही के चलते बच्चों की मौत हुई है।

अमृत योजना के तहत 26 को अनवरगंज गोविंदपुरी स्टेशन का पीएम करेंगे शिलान्यास

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। अमृतभारत योजना के तहत 26 फरवरी को बनाए जा रहे अनवरगंज और गोविंदपुरी समेत 10 स्टेशनों का शिलान्यास प्रधानमंत्री करेंगे। कार्यक्रम की तारीख निर्धारित हो जाने के बाद सरकारी अमला तैयारियों में जुट गया हैं। रेलवे अधिकारी भी कार्यों को लेकर सतर्क हो गए हैं। रेलवे में अनवरगंज स्टेशन और गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं।

शिलान्यास में प्रयागराज मंडल के 10 अमृत भारत रेलवे स्टेशन और 62 आरओबी व आरयूबी शामिल हैं। शहर के पनकी धाम स्टेशन का शिलान्यास बाद में किया जाएगा। इसकी वजह स्टेशन में अभी कई कार्य प्रस्तावित होना है।

कार्यक्रम फाइनल होने के बाद डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह व सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष कुमार लिपाठी समेत रेलवे अधिकारियों की मॉनीटरिंग में कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। कानपुर- लखनऊ हाईवे पर उन्नाव से शुरू होकर लालगंज जाने वाले हाईवे को चार लेन बनाया गया है। इस हाईवे का लोकार्पण किया जाना है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसी तरह जीटी रोड का लोकार्पण भी उन्हें ही करना है। 93 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड का काम मंधना से सचेंडी के बीच चल रहा है। 10 हजार करोड़ की लागत से बनाई जा रही रिंग रोड के बन जाने से शहर में यातायात जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी। इस रिंग रोड का कुछ हिस्सा प्लास्टिक कचरे से भी बनाया जाएगा। छह लेन रिंग रोड का स्ट्रक्चर आठ लेन का होगा ताकि भविष्य में इसका विस्तार भी किया जा सके। इस परियोजना के आसपास औद्योगिक टाउनशिप भी बसाई जाएगी। इसके लिए केडीए, उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नगर निगम प्रशासन को आयकर अधिकारियों ने दिए टिप्स

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। आयकर विभाग द्वारा नगर निगम स्थित सभागार में आयकर टीडीएस/टीसीएस से सम्बन्धित कार्यशाला अपर नगर आयुक्त मो0 आवेश खॉन एवं कृपानन्द शुक्ला, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में अपर नगर आयुक्त मो0 आवेश खॉन एवं कृपानन्द शुक्ला, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, मनीष अवस्थी, मुख्य अभियंता, विद्या सागर यादव प्रभारी अधिकारी कार्मिक, राजेश गुप्ता जोनल अधिकारी, राजेश कुमार सिंह जोनल अधिकारी व अन्य अधिकारी तथा विभिन्न अनुभागों के कार्मिक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता व उप आयकर आयुक्त दीपक यादव व आयकर विभाग के अन्य अधिकारियों के द्वारा विभिन्न आयकर टीडीएस प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुये विशिष्ट रूप से नगर निगम कानपुर के कार्यकलापों मे आयकर एवं टीडीएस के कटौती की आवश्यकता, दायित्व तथा प्रक्रियाओं पर अद्यतन नियमों, परिनियमों की पॉवर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। अपर नगर आयुक्त मो0 आवेश खॉन द्वारा समस्त कानपुर नगर निगम, कानपुर कर्मचारियों को सम्बोधित किया गया व आयकर के प्राविधानों की जानकारी होने तथा आयकर कटौतियों के नियमों के अनुपालन पर सावधानी पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। आयकर आयुक्त व उप आयुक्त द्वारा नगर निगम कानपुर के अधिकारियों/कर्मचारियों की जिज्ञासाओं/ समस्याओं के सम्बन्ध में समाधान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राधिकरण के सीए दुर्गेश सिंह द्वारा किया गया।

विवाद के चलते अधेड़ की हत्या


फाइल फोटो

कानुपर (स्पष्ट आवाज)। साढ़ थानाक्षेत्र अंतर्गत गाजीपुर गॉव निवासी किसान हरिबहादुर सिंह उर्फ टिक्कर (53) अविवाहित था और अपने परिवारीजनों के साथ रहता था और रोजाना रात में गांव के बाहर खेतों में बने ट्यूबवेल में सोने जाता था। परिजनों के अनुसार बीते गुरुवार को वो गांव में एक पारिवारिक तिलक समारोह में शामिल होने गया था। इसी बीच नशेबाजी में गॉव के ही छोटू दुबे व उसके रिश्तेदार से उसका विवाद हो गया और आपस में हाथपाई भी हुई। ग्रामीणों ने समझा-बुझाकर लड़ाई शांत कराई और टिक्कर वहाँ से लौट आया और तकरीबन 11 बजे रोजाना की तरह ट्यूबेवल में सोने के लिए निकल गया। बताते चलें जब टिक्कर सिंह ट्यूबवेल में सोने जा रहा था इसी दौरान हत्यारों ने उसे मंदिर के पास रोकते हुए उसकी निर्मम हत्या कर दी और जब पास ही स्थित कुएँ में फेंकना चाहा तो वहाँ पानी नहीं था जिसके चलते वो उसे तकरीबन 200 मिटर दूर दूसरे कुएँ में लेकर पहुंचे और शव को कुएँ में फेंकने के बाद पानी को गंदा करने के लिए उसमें भूसा डाल दिया लेकिन जगह -जगह पड़े खून को नहीं मिटा सके और उसी खून ने ग्रामीणों को घटनास्थल तक पहुंचा दिया। टिक्कर का तिलक समारोह में जिस गांव के युवक से विवाद हुआ था, ग्रामीणों के अनुसार वो भागने की फिराक में था। इसी बीच ग्रामीणों ने उसे पकड़ते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। वहीं उसका रिश्तेदार फरार है। ग्रामीणों के अनुसार शक के आधार पर पकड़े गये युवक के ऊपर कई सारे मुकदमे दर्ज हैं। हत्याकर शव कुएँ में फेंके जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस समेत एसीपी घाटमपुर रंजीत सिंह व एडीसीपी अंकिता शर्मा ने घटनास्थल की जाँच पड़ताल के बाद मौके पर दमकल की टीम की सहायता से शव को बाहर निकलवाया। वहीं फारेंसिक व डॉग स्कवायड टीम के द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बैंक के पुराने घाटों को पूरा कर ऊंचाइयों तक पहुंचाया: कुलदीप

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। शुक्रवार को फतेहगढ़ स्थित जिला सहकारी बैंक के प्रांगण में बैंक की 64वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्य गणों को संबोधित किया इस कार्यक्रम में विगत 9 वर्षों के कार्यकलापों एवं आगामी वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कार्यक्रम व बजट का अनुमोदन किया गया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार रहते हुए सहकारी का विभाग को अपनी निजी संपत्ति मान लिया था उनके संरक्षण में पूरे विभाग में भ्रष्टाचार और संगठित लूट का अड्डा बन गया था। सहकारिता विभाग को प्रदेश की भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी के गुंडे और माफियाओं के चंगुल से छुड़ाने का कार्य किया। कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार ने बताया फर्रुखाबाद कन्नौज जिला सहकारी बैंक जो कई वर्षों से संकलित हानि में था उसमें वर्ष 2020-21 वर्ष 2021-22 वर्ष 2022-23 में लगातार वार्षिक लाभ अर्जित किया है इस अवधि में बैंक ने कुल 445.19 लाख रुपए का वार्षिक लाभ अर्जित करते हुए वर्ष 2022-23 में अंतत बैंक के पुराने घाटे को समाप्त करते हुए कल 116.88 लख रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है उन्होंने बताया सहकारी विभाग में 20900 नए सदस्य बनाने का कार्य किया गया है भवन और ऑफिस की भी मरम्मत का कार्य किया गया है जर्जर व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही लखनऊ में सहकारिता मंत्री के निर्देश में आयोजित बैठक में विशेष अनुदान का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। भाजपा जिलाअध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा सपा सरकार के दौरान सहकारिता में सहकार नहीं बल्कि हाहाकार था। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह दिनेश कटियार जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ धर्मेंद्र कटियार उमर्दा ब्लॉक प्रमुख अजय कुमार वर्मा रामपाल सिंह दोहरे वीरेंद्र कठेरिया दिनेश चंद्र मिश्रा रामेंद्र सिंह कटिहार अमर सिंह कुशवाहा नरेश चंद्र कटिहार कार्यक्रम में अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता कानपुर मंडल बीके पटेल सहायक आयुक्त फर्रुखाबाद कन्नौज बीके अग्रवाल सहायक निबंधक सहकारिता राजीव लोचन शर्मा मुख्य कार्यपालक अधिकारी एमके सिंह उप महाप्रबंधक देवेंद्र कुमार सिंह अवधेश कुमार यादव एवं जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

जल शक्ति मंत्री ने किया ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नवनिर्मित 20 एमएलडी के सीटीईबी ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत ने नमामि गंगे परियोजना का कार्य देखा। नमामि गंगे परियोजना के तहत निर्मित हो रहे 20 एमएलडी के सीटीईबी ट्रीटमेंट प्लांट की बारीकियों को समझा और अधिकारियों से इसके बारे में बात की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि अगले वर्ष 2025 में प्रयागराज कुंभ के पहले गंगा को आचमन के लायक पूर्ण तरीके से शुद्ध कर दिया जाएगा। जिसको लेकर केंद्र सरकार से राज्य सरकार तक गंभीरतापूर्वक इसके कार्य प्रगति पर नजर रखे हुए है। वहीं केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि गंगा को शुद्ध करने में जो बचे हुए नाले गंगा में सीधे गिरकर गंगा को प्रदूषित कर रहे हैं, उनके लिए सरकार 100 करोड़ की परियोजना लाएगी, जिससे इन नालों को भी बंद करने का रास्ता साफ हो जाएगा।

विधायक पर जमीन कब्जा करने का आरोप

आनन्द शर्मा/उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। बीघापुर तहसील क्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासिनी सुषमा सिंह पत्नी राजेंद्र बहादुर सिंह ने सीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सुमेरपुर बस स्टॉप के पास स्थित उनकी दुकान पर गांव के ही दबंगों ने कब्जा कर रखा है। इसी बात को लेकर बीते 5 जनवरी को सराय मनिहार निवासी लक्ष्मी शंकर चौधरी व सुमेरपुर निवासी विधायक के करीबी दीपक शुक्ला मदद का आश्वासन देकर उसके पति को उन्नाव स्थित आशुतोष शुक्ला के आवास बहाने से ले गए। आरोप है कि विधायक ने डरा धमकाकर जबरदस्ती उसे एक पॉलीथीन का पैकेट जिसमें जिसमें पांच सौ रुपए के नोटों की 10 गड्डिया थमा दी और उससे सादे कागज में हस्ताक्षर करा लिए थे। विधायक बोले कि पेट्रोल पंप के बगल की जमीन का यह 5 लाख रुपये बयाना दे रहा हूं, घर जाओ और अपने बीवी बच्चों को समझा बुझा कर सहमत करो। उन्होंने धमकी दी थी कि चुपचाप जमीन का बैनामा कर दो अन्यथा तुम्हे परिवार सहित मरवा दूंगा। या फिर किसी फर्जी मुकदमे में फंसवा कर पुलिस से हाथ पैर तुड़वा दूंगा और जेल भिजवा दूंगा। हिदायत दी कि यदि शासन प्रशासन में कहीं भी मेरी शिकायत करने का प्रयास किया तो जान से हाथ धो बैठोगे। मैं विधायक हूं और सरकार में हूं। विधायक व उनके गुर्गों द्वारा पीड़िता व उसके परिवार और सहयोगियों को डरा धमकाकर रजिस्ट्री का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने बीते 5 फरवरी को परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित दंपति ने बताया कि उनके द्वारा मुख्य सचिव व डीजीपी पुलिस सहित सरकार के आलाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित दंपति ने बताया कि उनकी बिहार बक्सर रोड किनारे स्थित भूमि गाटा संख्या 552 रकबा 0.4710 हेक्टर के क्षेत्रफल 1225 वर्ग विधायक ने अपने करीबी व पूर्व चेयरमैन भगवंतनगर कृष्ण कुमार उर्फ लाला भारती के जरिए धोखाधड़ी कर तय से कम किराए पर भारत पेट्रोलियम के नाम लीज कराकर कब्जा कर लिया है। पेट्रोल पंप पूर्व चेयरमैन के नाम लाइसेंस कराकर विधायक द्वारा संचालित किया जा रहा है। पीड़ित दंपति का आरोप है कि पंप के बगल की शेष भूमि पर भी विधायक ने नजरे गड़ा रखी हैं। पंप की जगह का एग्रीमेंट कराते समय भी उसके पति के साथ धोखाधड़ी की गई थी। पंप शुरू होने पर 20 हजार प्रति माह व निर्माण के दौरान 15 हजार प्रति माह किराए की बात तय की थी। किंतु धोखे से 8 हजार प्रति माह के किराए में एग्रीमेंट करा लिया था। पंप शुरू होने के पूर्व किराए का भुगतान भी नहीं किया गया। आरोप है कि विधायक ने जबरदस्ती एग्रीमेंट से अधिक भूमि पर कब्जा कर रखा है। पीड़ित परिवार जान जाने के भय से बिना कोई आवाज उठाए अभीतक विधायक के उत्पीड़न को बर्दास्त कर रहा था। पीड़ित दंपति ने बताया कि उसकी भूमि ही परिवार के भरण पोषण का एकमात्र सहारा है वह भी चली गई तो पूरा परिवार भूखों मर जाएगा। पीड़ित दंपति ने बताया कि उन्होंने सीएम आवस जाकर न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने गत 5 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री आवास पर जाकर प्रार्थना पत्र दिया था। मामले को संज्ञान लेकर आपके कार्यालय द्वारा पुलिस अधीक्षक उन्नाव को जांच हेतु प्रेषित किया गया था। किंतु पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण की स्वयं अथवा किसी उच्चाधिकारी से निष्पक्ष जांच न करवाकर गत 14 फरवरी को स्थानीय थाना प्रभारी को सौंप दिया है। जोकि विधायक के दबाव में हैं और उनके बेहद खास अफसरों में गिने जाते हैं। बताया कि स्थानीय थाना प्रभारी से उसे न्याय की उम्मीद नहीं है। पीड़ित दंपति ने कहा कि उनके परिवार के साथ विधायक किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है। उन्होंने बताया कि उनके साथ किसी अनहोनी की स्थिति विधायक आशुतोष शुक्ल जिम्मेदार होंगे।

अधिवक्ता उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: रवीन्द्र

15 फरवरी को घंटाघर चौराहे पर अधिवक्ता पर हुए हमले को लेकर कमिश्नर से मिले वकील

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पं रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष द लायर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओ का एक प्रतिनिधिमंडल कल घंटाघर चौराहे पर अधिवक्ता बी के भारतिया से वाहन चालान के नाम पर होमगार्ड द्वारा अवैध वसूली को लेकर की गई मारपीट पर उधर से निकाल रहे अधिवक्ताओं के रुकने पर कई थानों की पुलिस आ गई और मौके पर तमाम पुलिस बल की मौजूदगी में भरतिया जी की मोटरसाइकिल जिसके चालान को लेकर विवाद हुआ वो भी चोरी हो गई और चोरी की रिपोर्ट भी नही लिखी गई। साथ ही शहर भर के चौराहों पर होमगार्डो द्वारा अवैधानिक रूप से वाहनों के फोटो खींच चालान के नाम अवैध वसूली की जाती हैं और शहर बाहर की गाड़ियों को रोक कर भी वसूली होती हैं उसी क्रम में कल अधिवक्ता महोदय के साथ में अभद्रता और मारपीट की गई और उनकी गाड़ी भी चोरी करवा दी गई। इसपर तुरंत करवाही होनी चाहिए। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने तुरंत एफ आई आर का आदेश करते हुए आश्वासन दिया कि होमगार्डों को तत्काल प्रभाव से रोका जाता है कि वह वाहनों की ना तो फोटो खींचे ना चालान का प्रयास करें। श्री शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। प्रमुख रूप से विजय सागर अरविंद दीक्षित देश बंधु तिवारी नूर आलम ऋषभ मिश्रा युग अवस्थी नितिन पांडे आयुष शुक्ला श्री कांत मिश्र इंद्रेश मिश्रा केके यादव आदि रहे।

संगठन से जुड़े सभी लोगों की होगी हर संभव मदद: प्रदीप

आपदा प्रबंधन कार्यक्रम में 85 छात्राओं की रही सहभागिता

● महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज में आपदा प्रबंधन के संबंध में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लेफ्टिनेंट सत्येंद्र सिंह एवं डॉ वीरेंद्र कुमार यादव द्वारा आपदाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट सत्येंद्र सिंह ने बताया कि कोई ऐसी प्राकृतिक या मानव जनित घटना जो समाज के सामान्य जन जीवन में गंभीर संकट उत्पन्न कर दे, जिसके परिणाम स्वरुप बहुत बड़े स्तर पर जान माल का नुकसान हो आपदा कहलाती है। डॉ वीरेंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में विकास की अंधी दौड़ और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से आपदाओं की तीव्रता और बारंबारता में वृद्धि हो गई है। चूंकि हम प्राकृतिक आपदाओं को रोक नहीं सकते, लेकिन उचित तैयारी एवं प्रशिक्षण के द्वारा इसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इसी बात को ध्यान में रखकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं जनमानस को आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के 85 छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बाढ़ से बचाव, भूकंप,सुनामी,सूखा सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना परमाणु दुर्घटना के बारे में विस्तार से बताया गया।

साथ ही साथ आने वाली आपदाओं के संकेतों के बारे में भी अवगत कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से होने वाली संपत्ति एवं मानवीय क्षति को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ निरंजन राय, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर पुष्पा बरनवाल, डॉक्टर कुंदन कुमार, डॉक्टर सूर्यकुमार मिश्रा, डॉक्टर नवीन कुमार, डॉ संजीत सिंह, वरिष्ठ लेखाकार सुरेश गुप्ता एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षा एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

विद्यालय में छात्राओं के विदाई समारोह पर विदाई गीत पर नम हुई आखें

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)शुक्रवार को लालगंज कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज में जूनियर्स ने सीनियर्स को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत इस्मत और रिया निर्मल की सरस्वती वंदना से हुई। छात्रा तनु सिंह व सृष्टि के विदाई गीत पर सभी की आंखें नम हो गई ।छात्रा सानिया ने कहा मैं तो डाली के उन पत्तों की तरह हूं, जो ना चाहते हुए भी टूट कर गिर जाते हैं और नई कोपलों के लिए स्थान छोड़ देते हैं। इसे सुनकर हर व्यक्ति की आंखों में आंसू आ गए। सेजल सिंह, काजल वर्मा, रिया सिंह, रोशनी,फिजा,मालती, स्वाती यादव आदि ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं ।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि लगन व परिश्रम से की गई पढ़ाई का परिणाम सुखद होता है। सभी छात्र/छात्राओं को खूब परिश्रम करके परीक्षा देनी चाहिए। परिणाम की चिंता उन्हें नहीं करनी चाहिए।

स्ट्रांग रूम के रिपेयर के लिए टेक्निकल टीम बनाकर करायें जांचः डीएम

बलरामपुर। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियो के दृष्टिगत डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा मतगणना स्थल मंडी समिति का पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने काउंटिंग शेड एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया एवं बैरिकेडिंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकासी गेट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग शेड के रिपेयर आदि के लिए टेक्निकल टीम बनाकर जांच कराए जाने का निर्देश दिया। स्ट्रांग रूम की रंगाई पुताई आदि समय से कर ली जाए। काउंटिंग स्थल पर प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं मंडी समिति की भीतर की सभी सड़के सही करा लिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, अपर एसडीएम संतोष कुमार ओझा, सचिव मंडी समिति, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने प्रस्तावित रिंग रोड के प्रारंभिक बिंदु का किया निरीक्षण

बलरामपुर। गोंडा रोड पर दुल्हिनपुर जंगल से बहराइच रोड पार करके बिजलीपुर गांव को निकलने वाले प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण कार्य शुरू किए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाए जाने को डीएम अरविंद सिंह द्वारा रिंग रोड के प्रारंभिक बिंदु दुल्हिनपुर जंगल पहुंचकर कार्यदाई संस्था द्वारा किए जा रहे एलाइनमेंट कार्य का जायजा किया गया। दुल्हिनपुर जंगल से ही रिंग रोड के निर्माण कार्य की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने एलाइनमेंट कार्य बेहतर इंजीनियरिंग के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि रिंग रोड में पढ़ने वाले चकरोट, तालाब,पेड एवं ट्रांसफार्मर आदि का मूल्यांकन कर लिया जाए। रिंग रोड हेतु मिटटी पटाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। रिंग रोड का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने को डीएम द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। रिंग रोड के निर्माण से नगर के डेढ़ लाख लोगों को जाम से निजात मिलेगी। 516 करोड़ से बनने वाली रिंग रोड 16 गांव को जोड़ते हुए निकलेगी।

भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह ने चलाया विशेष जनसंपर्क अभियान, गंगा आरती में हुए शामिल

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) पूर्व सांसद भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह की ओर से आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा की इस मेगा अभियान के तहत ऐसे लोगों से मिलकर उन्हें नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से पिछले 9 साल के दौरान किए गए कार्यों से रूबरू कराया जा रहा है। भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहतर कार्यशैली के कारण आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। ऐसे में साल 2024 में एक बार फिर दिल्ली की गद्दी पर उनकी ताजपोशी के साथ मजबूत भारत के निर्माण में लोगों को अपनी भागीदारी निभानी है ।उन्होंने लोगों से भाजपा के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 80 में 80 और देश में 400 के पार के नारे पर जोर देते हुए कहा कि अब की बार प्रदेश में 80 में 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा की विजय होगी। जिसमें रायबरेली से भी भाजपा प्रत्याशी जीतकर दिल्ली पहुंचेगा। रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी के जीतने पर ही रायबरेली जिले का विकास संभव है ।कांग्रेस ने रायबरेली जिले को विकास के मायनों में पीछे ढ़केल रखा है। कांग्रेस व गांधी परिवार ने रायबरेली की जनता के साथ छलावा किया है। इतने वर्षों के शासन के बाद भी आज रायबरेली विकास में काफी पीछे है। मोदी और योगी के नेतृत्व में प्रदेश व देश का विकास हो रहा है रायबरेली जिले का विकास तभी संभव हो सकेगा, जब यहां से भाजपा का प्रत्याशी जीतकर लोकसभा पहुंचेगा। जमुना पुर जनसंपर्क के दौरान दिनेश सिंह पूर्व प्रधान , त्रिभुवन शुक्ला , दयाशंकर पांडेय , राकेश सिंह प्रधान , सुरेश सिंह , प्रभा शंकर बाजपेयी, करुणा शंकर साहू अधिवक्ता, मुनेश सिंह,मतीन गंज ब्लॉक जगतपुर में विनायक प्रताप सिंह मण्डल अध्यक्ष, नसीमुल हक़, धीरेन्द्र सिंह , विक्रम सिंह , राम विलास, कृष्ण कुमार बाजपेयी, सुरेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे। इसके बाद डॉ राजेंद्र सिंह के भट्ठे पर बैठक हुई। जिसमें किशोरी बालमपुर, गदागंज शिव प्रताप सिंह के घर पर बैठक हुई।

निकायों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक संपन्न

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री पीएम स्वनिधि योजना तथा निकायों में संचालित अन्य योजनाओं की बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृति कार्यों को तत्काल आरम्भ करा दिया जाय किसी भी दशा में कार्य अनारम्भ की स्थिति में न रहे। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि निकायों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों के लिए उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन कर वहां पर मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जाय। निकायों के सौन्द्रीयकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। निकायों को साफ-सुथरा रखने के लिए निर्धारित स्थान पर कूड़ा डाला जाय। यदि भ्रमण के दौरान किसी प्लाट या इधर-उधर कूड़ा पाया गया तो सम्बन्धित निकायों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निकायों के सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा एवं आकर्षक बनाया जाय। निकायों के निष्प्रयोज्य उपकरणों, अभिलेखों इत्यादि का नियमानुसार समय से निस्तारण भी कराया जाय। अषि. अधि. डमेस्टिक प्रापर्टी रजिस्टर का समय-समय पर रेण्डमली चेक भी किया करें। निकाय क्षेत्र के परिधि में पूर्व से संचालित गौआश्रय स्थलों में यदि पर्याप्त स्थान है तो निकाय भी उसी में अपने गौआश्रय स्थल संचालित कर निकायों के निराश्रित गौवंशों को संरक्षित किया जाय। इसी प्रकार मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, पं दीन दयाल आदर्शनगर योजना इत्यादि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, निकायों के अधिशाषी अधिकारी, वचुअर्ली उप जिलाधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी को

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। शासन के निर्देश के क्रम में 17 फरवरी 2024 को उ.प्र. पुलिस भर्ती परीक्षा तथा 19 फरवरी 2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सिरेमनी के आयोजन के कारण तृतीय शनिवार 17 फरवरी 2024 को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी 2024 मंगलवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी तहसील सदर बहराइच एवं अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

बैसवारा प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

● आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज रायबरेली में आयोजित आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कठिन परिश्रम निष्ठा एवं लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बैसवारा इंटर कॉलेज से निकले हुए छात्र एवं छात्राएं देश तथा विदेश में बैसवारी का परचम लहरा रहे हैं। समारोह का प्रारंभ सरस्वती पूजन व स्वागत गीत से हुआ। समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक भगवत प्रसाद पटेल ने कहा कि बैसवारा प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिसकी झलक सामाजिक समरसता के रूप में देखने को मिलती है। इस अभूतपूर्व शिक्षण संस्थान से शिक्षित होकर निकले बच्चे राष्ट्र की सेवा में कार्य कर रहे हैं। इस कॉलेज में शिक्षक बच्चों को अतिरिक्त समय देकर के उनको शिक्षा देने का कार्य भी कर रहे हैं, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है ।यह सभी शिक्षक बधाई के पात्र भी हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि सरिता गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत लालगंज ने अपने संबोधन में गुरु की वंदना करके कहा कि बैसवारा इंटर कॉलेज के छात्राओं ने जो परचम 2023 में लहराया था, वह परचम 2024 में भी लहराएगा ।बैसवारा इंटर कॉलेज की छात्र एवं छात्राओं ने लोक नृत्य ,सामूहिक नृत्य ,लघु नाटिका ,जैसे विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।समारोह की अध्यक्षता कर रहे राजद नेता अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बैसवारा प्रतिभाशाली बच्चों का केंद्र बिंदु है। यही बच्चे राष्ट्र सेवा में अपना परचम फहराएंगे ।विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में अभिनव कुमार सिंह, साक्षी सिंह ,शिवम यादव, देवासी शुक्ला ,प्रियांशी गुप्ता, विशाल ,शुभ श्रीवास्तव , आयुष्मान त्रिवेदी,पलक रूपम, अभय यादव ,आयुष्मान त्रिवेदी ,अंजलि ,दामिनी ,नव्या सोनी रितेश ,आदित्य बाजपेई, साक्षी, मुस्कान ,काजल आदि बच्चों को अतिथियों ने प्रशस्त्र पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं समाज में विशिष्ट योगदान के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता ,प्रमुख व्यवसायी पीके गुप्ता ,चिकित्सा अधीक्षक राजेश गौतम, प्रधानाचार्य दुधवन राम प्रताप सिंह ,प्रधानाचार्य रामबाग बृजेश तिवारी ,पूर्व प्रधानाचार्य सरेनी अवनीश प्रताप सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रांतीय नेता राजेश सिंह फौजी, पूर्व प्रधानाचार्य जयप्रकाश सिंह, उमेश चंद श्रीवास्तव, इंजीनियर विष्णु कुमार पांडे, बैसवारा डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह मुन्ना, राम बहादुर सिंह बड़े बाबू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार शुक्ला तथा शालिनी साहू ने किया। अंत में प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर ने सभी लोगों को कार्यक्रम की बधाई दी और प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने बच्चों को वर्ष 2024 की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं ।इस मौके पर कर्मचारी संगठन के पूर्व अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिवेदी ,ललित कुमार, प्रियांशी ,सुनील त्रिपाठी ,शुभेंदु राजेंद्र राठौड़ ,रणधीर जीत बहादुर सिंह, अरुण,बृजेश आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मारवाड़ी युवा मंच के बैनर तले सामूहिक विवाह संपन्न

बहराइच(स्पष्ट आवाज)। शहर स्थित अग्रसेन परिसर गुल्लाबीर मंदिर में वसन्त पंचमी के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराया गया। जिसके मुख्य अतिथि डा अनिल केडिया अध्यक्ष, अग्रवाल सभा बहराइच व नेहा अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच रहे। सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में 5 जोड़ो का चयन कार्यक्रम संयोजक अंकित अग्रवाल, अंशुल गर्ग, कृतेष अग्रवाल, मधुर अग्रवाल द्वारा सामुहिक विवाह के नियम के अनुसार सर्वे करके किया गया था। सभी वधुओं का पार्लर द्वारा तैयार करवाया गया और सभी वर वधु के परिवारजनों को भी निमंत्रण पत्र भेज कर आमन्त्रित किया गया। अग्रवाल समाज के सभी संरक्षक भी आयोजन में शामिल हुए। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल ने बताया की सभी जोड़ो का कन्या दान भी अग्रवाल समाज के मुकेश अग्रवाल, मीना केडिया, चंडीप्रसाद जगनानी उमा अग्रवाल, अंशुल गर्ग द्वारा पांचों बेटियो का कन्यादान किया गया है। सचिव नीरज अग्रवाल ने बताया कि पांचों जोड़ो को मंच भाइयों द्वारा उपहार रूप में जरूरत की सारी वस्तु दी गई है। कोषाध्यष अमन अग्रवाल द्वारा बताया गया की सभी बरातियों व मेहमानों का स्वागत गाजे बाजे के साथ धूम धाम से किया गया और सभी बारातियों और आए हुए अतिथियो का जलपान की पूरी व्यवस्था मंच द्वारा की गई।

तालाब में उतराता मिला नवजात शिशु का शव,पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

खीरों,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) थाना क्षेत्र के गांव बड़ा भगतखेड़ा मजरे सेमरी में शुक्रवार की शाम गांव के बाहर स्थित तालाब में उतराता हुआ एक नवजात शिशु का शव मिला । शुक्रवार की शाम शौच के लिए गए ग्रामीणों ने कपड़े में लिपटे तालाब में उतारते नवजात शिशु के शव को देखा । नवजात शिशु के शव की खबर गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और तालाब के पास काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए ।ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । तालाब में मिले शव को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं । कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यह किसी की नाजायज संतान है । अपने पाप को छिपाने के लिए पैदा होते ही शिशु को तालाब में फेंक दिया गया है । थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि एक नवजात शिशु का शव तालाब के किनारे मिला है । शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा जा रहा है । जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

जाहीर नोटीस

CNR NO. MHLCO40001582024 Adv. V.S.Sardal

जावक क्र. ५६१
कामगार न्यायालय, ठाणे
ऑफिस कॉम्प्लेक्स इमारत, मुलुंड चेकनाका, एम.आय.डी.सी. ठाणे
दिनांक १६/०२/२०२४

श्रमिक भरपाई आयुक्त ठाणे आणि तिसरे कामगार न्यायालय, ठाणे.
अर्ज (श्र.नु.भ.वाटप अर्ज) क्र.५६/ए-९/२०२४

१) श्रीमती रश्मी पंचराज शुक्ला ....अर्जदार
२) श्री पंचराज रामलक्ष्मण शुक्ला
३) कुमार रुद्राक्ष पंचराज शुक्ला
४) कुमार उत्कर्ष पंचराज शुक्ला
पत्ता : १०/९, लेबर चौराहा, नैनी, जिल्हा-इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश

विरुध्द

१) जी आर इन्फ्रा प्रोजेक्टस लिमिटेड .....प्रतिवादी
पत्ता : गेट नं. १, ११२/१, भदोली गाव, धुकतन पोस्ट-गोवडे, तालुका-पालघर

सुचना

इस सुचना के द्वारा अवगत किया जाता है कि उपर दिये गये आवेदकने मृत्यु श्री आदर्श पंचराज शुक्ला का काम करते समय दि. २०/११/२०२३ को दुर्घटना से निधन हो गया और उनके निधन के पश्चात यह सब आवेदक इनके कानूनन वारिस है और इस न्यायालय मे अर्जी दाखिल किये है। इस कंपनीने रक्कम धनादेश के द्वारा श्रमिक भरपाई आयुक्त, ठाणे में जमा किया गया है। नुकसान भरपाई की रक्कम रू. १६,८५,०००/- (रू. सोळा लाख पंचाऐंशी हजार मात्र) इतनी रक्कम उपरोक्त आवेदक ने श्रमिक भरपाई आयुक्त कार्यालय, ठाणे में जमा कि गयी उनको वितरण करने के लिये अर्जी दाखिल कि है ।

अतः इस सुचना तहत अवगत किया जाता है, कि इस न्यायालय में जमा कि गयी नुकसान भरपाई रकम आवेदको को प्रदान करने पर अगर किसी भी व्यक्ती अथवा व्यक्तीयो को आपत्ति है या उसे विरोध है तो उस प्रकार कि सुचना प्रकाशीत होने के ३० दिन के भितर न्यायालय मे दाखल करे। ३० दिन की अवधी समाप्त होने के पश्चात प्राप्त विरोध या सुचना पर विचार नही किया जाऐगा। इससे संबधित लोग ध्यान रखे।

पुढील तारीख : १९/०३/२०२४

आदेशानुसार
सही/-
प्रभारी सचिव,
कामगार न्यायालय, ठाणे.

शिक्का

कार्यालय ग्राम पंचायत महोत्तेपुर विकास खण्ड कसमण्डा, सीतापुर

पत्रांक : मेमो/15वॉ/पंचम/एसएलडब्ल्यूएम/राज्य वित्त/नि.सू./2023-24 दिनाँक : 16.02.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

कार्यालय ग्राम पंचायत महोत्तेपुर वि.ख. कसमण्डा के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 22.02.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 17.02.2024 से दिनाँक 22.02.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत महोत्तेपुर** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत महोत्तेपुर** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित लागत	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	सामग्री लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माण कार्य।	3,53,046.00	ईंटा प्रथम श्रेणी, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, स्टोन डिट, 40 एमएम रोड़ा, व्हाइट सीमेंट, सरिया, पेटिंग, टीन शेड, आरसीसी पिलर, तार, गेट, स्ट्रक्चर स्टील इत्यादि।	2,90,085.00	200.00
2.	ग्राम पंचायत में ई-रिक्शा आपूर्ति कार्य।	1,76,715.00	ई-रिक्शा आपूर्ति कार्य।	-	200.00

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत महोत्तेपुर** के पक्ष में बंधक होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

प्रधान **सचिव**

कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद, सीतापुर

पत्रांक : 518/ई0 टेण्डर/2023-24/न0पा0परि0मह0 दिनांक : 16.02.2024

अल्पकालीन ई-टेण्डर सूचना

शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149 सा/2019 के अनुपालन में समस्त ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में मा0 मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जानें वाले निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 17.02.2024 समय 01.00 PM बजे से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेब साइट etender.up.nic.in पर दिनांक 17.02.2024 समय 01.00 PM से दिनांक 28.02.2024 समय 04.00 PM तक अपलोड की जा सकती है, निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के खाता संख्या 27351450000011 आई0एफ0एस0सी0 कोड-HDFC0002735 HDFC Bank महमूदाबाद में जमा करके प्राप्ति की रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, प्राप्त ई-निविदाओं के सम्बंध में टेक्निकल बिड्स दिनांक 29.02.2024 समय 04.00 PM तक खोली जायेगी एवं टेक्निकल बिड्स खोले जाने के उपरान्त फाइनेन्सियल बिड्स खोली जायेंगी, ई निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद जनपद सीतापुर में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है, यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्यदिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी।

1	वेब-साइट पर ई निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	17.02.2024 11:00 AM
2	ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय	17.02.2024 01:00 PM
3	ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय	28.02.2024 04:00 PM
4	ई-निविदा की टेक्निकल बिड्स खोले जानें की तिथि व समय	29.02.2024 04:00 PM

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	जमानत धनराशि (रू0 में)	निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित (लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वार्ड मॉल सराय में चन्द्र केश के मकान से प्रकाश के हाता तक सी0सी0 रोड एवं एक तरफ नाली निर्माण कार्य	10.027	84974.00	1182.00	एक माह

नियम एवं शर्तेः- 1. निविदा के साथ 10 (दस) प्रतिशत धरोहर/जमानत धनराशि की एन0एस0सी0/एफ 0डी0आर0 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के पदनाम से बन्धक कर मूल रुप से संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, कार्य स्वीकृत होनें के पष्चात एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा। 2. निविदा की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। 3. सक्षम अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद को बिना कोई कारण बताये एवं नोटिस दिये बिना एक या समस्त निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निहित होगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग टेण्डर की धनराशि बैंक में जमा की जायेगी। 4. निविदादाता को शासनादेश संख्या-एक/706/कम्प्यू0सेल0/2019 लखनऊ दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के अनुसार। 5. ठेकेदारी कार्य हेतु पंजीकरण एवं नवीनीकरण अनिवार्य है। 6. निविदा दाता निकाय द्वारा उपलब्ध कराये अद्तन अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बिना अदेय प्रमाण-पत्र के निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा। 7. निविदादाता को अपनी निविदा के साथ टी-4, टी-5 तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जो मोबाइल नम्बर से लिंक हो एवं श्रम विभाग से श्रमिकों का पंजीयन प्रमाण पत्र नियमानुसार जमा करना अनिवार्य होगा। 8. निविदादाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदादाता को अयोग्य समझा जायेगा एवं उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि फर्जी/गलत दस्तावेजों की जानकारी अनुबन्ध गठन के पश्चात होती है तो अनुबन्ध उसी समय निरस्त करते हुए दण्ड के रुप में उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जायेगा तथा अनुबन्ध गठन की प्रक्रिया या उसके उपरान्त यदि यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म सक्रिय रुप से माफिया गतिविधियों, असमाजिक कार्यो एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसके साथ किया गया अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा एवं दण्ड के रुप में उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जायेगा। निविदादाता को निविदा के साथ इस आशय का शपथ पत्र (टी-6) देना होगा। 9. नगर निकाय, नगर पंचायत, जल निगम से जलनिकासी कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। 10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा में सम्मिलित कार्यो की अवधि में तर्कसंगत आधार होने पर नियमानुसार वृद्धि की जायेगी। अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। 11. कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल से अथवा जमा धनराशि से की जायेगी यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रू0 500/- प्रतिदिन तक हो सकता है। दो सप्ताह पश्चात कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है। 12. सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा। 13. यह कि निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा किये जानें के पश्चात ही निविदा स्वीकृत की जायेगी, जमानत धनराशि की वापसी कार्य सन्तोषजनक स्थित में बने रहनें की दशा में एक वर्ष के पश्चात तकनीकी अधिकारी की आख्या के पश्चात वापस की जा सकेगी। उक्त अवधि में निर्माण कार्य में किसी प्रकार की खराबी आनें की दशा में ठेकेदार को स्वयं अपने व्यय पर ठीक कराना होगा। 14. किसी विवाद की दशा में सक्षम अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा तथा कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्य न कर

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शनिवार, 17 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, अष्टमी (शुक्ल पक्ष)

जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखाते हैं। - अरस्तु

आप के साथ नहीं बन रही बात

का ग्रेस पार्टी ने भी अब आम आदमी पार्टी से दूरी बनानी शुरू कर दी है क्योंकि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे की बात नहीं बन रही है। लेकिन तालमेल नहीं होने का एकमात्र कारण यही नहीं है कि दोनों में सीट बंटवारा फाइनल नहीं हो पाया है। इसके अलावा एक कारण राजनीति है और दूसरा वैचारिक है। सबसे पहला कारण तो आम आदमी पार्टी की ज्यादा सीटों पर लडने और अलग अलग राज्यों में लड़ कर कांग्रेस की मदद से अपना आधार बड़ा करने की है। इसी योजना के तहत अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने गुजरात और असम में उम्मीदवार की घोषणा कर दी। उसके बाद खुद केजरीवाल ने पहले पंजाब में सभी 13 सीटों पर लडने का ऐलान किया और उसके बाद दिल्ली में भी सभी सात सीटों पर लडने का संकेत दिया। कहा जा रहा है कि जल्दी ही केजरीवाल की पार्टी हरियाणा और गोवा में भी उम्मीदवार घोषित करेगी।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि पार्टी की अलग अलग राज्य इकाइयों और नेशनल एलायंस कमेटी ने पार्टी नेतृत्व को केजरीवाल की रणनीति के बारे में आगाह किया। कांग्रेस उनसे तालमेल में अपना राजनीतिक नुकसान देख रही है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि जहां केजरीवाल मजबूत हैं वहां उनकी मदद के बावजूद कांग्रेस को बहुत फायदा नहीं होना है। लेकिन जहां केजरीवाल की पार्टी का वजूद नहीं है वहां अगर कांग्रेस ने उनके लिए सीटें छोड़ीं तो वहां आम आदमी पार्टी का आधार मजबूत होगा। मिसाल के तौर पर असम में या हरियाणा में कांग्रेस तालमेल करके लड़ेगी तो बेशक आप को दो-तीन सीट ही मिले लडने के लिए लेकिन इन दोनों राज्यों में उसका आधार मजबूत होगा। ध्यान रहे केजरीवाल हरियाणा के रहने वाले हैं लेकिन तमाम प्रयास के बावजूद पिछले 12 साल में वे अपने गृह राज्य में पैर रखने तक की जगह नहीं बना पाए हैं। तभी वे कांग्रेस की मदद से जमने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस के जानकार नेताओं का कहना है कि अगर केजरीवाल दिल्ली में कांग्रेस के लिए सीट छोड़ते हैं तभी कांग्रेस को कोई फायदा होगा। इसके अलावा किसी भी राज्य में दोनों के साथ मिल कर लडने का फायदा सिर्फ और सिर्फ केजरीवाल को होगा। कांग्रेस के एक नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि दिल्ली में जब कांग्रेस मजबूत थी तब उसने केजरीवाल को समर्थन दिया था, जिसके बाद कांग्रेस का वोट उनके साथ चला गया और कांग्रेस जीरो पर गई। अब केजरीवाल मजबूत हैं ।

> सबसे पहला कारण तो आम आदमी पार्टी की ज्यादा सीटों पर लडने और अलग राज्यों में लड़ कर कांग्रेस की मदद से अपना आधार बड़ा करने की है। इसी योजना के तहत अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने गुजरात और असम में उम्मीदवार की घोषणा कर दी। उसके बाद खुद केजरीवाल ने पहले पंजाब में सभी 13 सीटों पर लडने का ऐलान किया और उसके बाद दिल्ली में भी सभी सात सीटों पर लडने का संकेत दिया।

आज का इतिहास

1843 : ब्रिटेन ने मियानी की लड़ाई जीतने के बाद पाकिस्तान के आज के सिंध प्रांत के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया।

1863: जिनेवा में अन्तरराष्ट्रीय रेडक्रॉस की स्थापना।

1882: सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने ये मैच पांच विकेट से जीता था।

1915 : महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन की यात्रा की।

1931: लॉर्ड इरविन ने दिल्ली के वाइसरीगल लॉज में महात्मा गांधी का पहली बार भारत की जनता के लोकप्रिय नेता के रूप में स्वागत किया।

1959: दुनिया के पहले वेदर सैटेलाइट वेनगार्ड-2 को अमेरिका ने लॉन्च किया।

1963 : बास्केटबॉल के दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में शुमार माइकल जोर्डन का जन्म। उनके हवा में कुलांचे भरते कदमों के कारण उन्हें च्यर जोर्डनज् के नाम से पुकारा गया।

1979 : वियतनाम युद्ध के बाद वियतनाम ने चीन की बजाय सोवियत संघ से अपनी नजदीकियां बढ़ाईं और उसके कुछ चीन विरोधी और सोवियत समर्थक कदमों के चलते चीन ने अपने इस पड़ोसी देश पर हमला कर दिया।

1987: ब्रिटेन में शरण मांग रहे श्रीलंका के तमिलों के एक समूह को जब उनके देश वापस भेजने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कपड़े उतारकर विरोध प्रकट किया।

1996 : इंडोनेशिया में भीषण भूकंप और उसके बाद सुनामी के कारण 100 से ज्यादा की मौत, 400 से ज्यादा घायल और 50 से ज्यादा लोग लापता।

सोनिया ने क्यों दिया रायबरेली को भावनात्मक संदेश?

प्रभुनाथ शुक्ल

मैं अपने बच्चों को भीख मांगते देख लूंगी, परंतु मैं राजनीति में कदम नहीं रखूंगी।÷ यह पीड़ा सोनिया गांधी की थी जो उन्होंने अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को खोने के बाद व्यक्त की थी। यह एक मां और औरत की पीड़ा थी, क्योंकि राजीव को खोने के बाद सोनिया अकेली पड़ गई थीं। वह डरी और सहमी थीं, क्योंकि पारिवारिक संघर्ष में वह अकेली थीं। उन्हें सबसे अधिक फिक्र दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा की थी। इसकी वजह से वह राजनीति में नहीं आना चाहती थीं। वह राजनीति की वजह से पति और सास को खो चुकी थीं। इसकी वजह से उन्हें राजनीति से घृणा हो गई थी।

सोनिया के दृढ संकल्प ने उन्हें विषम परिस्थितियों में भी डिगने नहीं दिया। कांग्रेस को संभालने के लिए उन्हें अंततः राजनीति में आना पड़ा। लंबे कालखंड के बाद सोनिया गांधी ने अब सक्रिय राजनीति को अलविदा कह दिया है। खराब स्वास्थ्य के चलते अब वह चुनाव नहीं लड़ेंगी और राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस की सेवा करेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता के नाम एक भावनात्मक चिठ्ठी लिखी है। सोनिया गांधी के इस फैसले के बाद अब देखना यह होगा कि रायबरेली की सीट क्या कांग्रेस के लिए सुरक्षित रह पाएगी या अमेठी की तरह उस पर भी भाजपा का कब्जा हो जाएगा।

सोनिया गांधी के इस फैसले पर भाजपा ने तंज कसा है। कांग्रेस ने इसे सोनिया गांधी का निजी फैसला बताया है। कांग्रेस बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के फैलाव से कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ता जा रहा है है। सच यह है कि कमजोर कांग्रेस को मजबूत आधार दिलाने वाला कोई राजनेता नहीं दिख रहा है। प्रियंका गांधी से पार्टी को काफी उम्मीद थी, लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्हें जो करिश्मा करना था वह नहीं कर पाईं। ऐसी स्थिति में सक्रिय राजनीति से सोनिया गांधी का अलग होना कांग्रेस को किस दिशा में लेकर जाएगा, यह कहना मुश्किल है। बावजूद इसके कांग्रेस खुद को गांधी परिवार की छत्रछाया से खुद को अलग नहीं कर पा रही ।

> यह एक मां और औरत की पीड़ा थी, क्योंकि राजीव को खोने के बाद सोनिया अकेली पड़ गई थीं। वह डरी और सहमी थीं, क्योंकि पारिवारिक संघर्ष में वह अकेली थीं। उन्हें सबसे अधिक फिक्र दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा की थी। इसकी वजह से वह राजनीति में नहीं आना चाहती थीं। वह राजनीति की वजह से पति और सास को खो चुकी थीं। इसकी वजह से उन्हें राजनीति से घृणा हो गई थी।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की रायबरेली परंपरागत सीट रही है। रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही लोगों के सामने गांधी और नेहरू परिवार की तस्वीर तैरने लगती है। कमजोर होती कांग्रेस अपनी बहुचर्चित लोकसभा सीट अमेठी को गंवा चुकी है। राहुल गांधी को विषम राजनीतिक परिस्थितियों में नई सियासी जमीन तलाशने के लिए दक्षिण भारत से चुनाव लड़ना पड़ा। अब यह निश्चित हो गया है कि सोनिया गांधी राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगी। सवाल उठता है क्या रायबरेली कांग्रेस से हाथ से फिसल जाएगी। कांग्रेस के जो राजनीतिक हालात हैं उस स्थिति में राहुल गांधी क्या अमेठी एवं रायबरेली लौटेंगे।

गांधी परिवार के लिए सबसे सुरक्षित सीट रायबरेली मानी जाती रही है। मगर अब ऐसा लगता है कि गांधी परिवार से उपेक्षित होने के बाद यह सीट अमेठी की तरह फिसल जाएगी। इसी के साथ गांधी परिवार की राजनीतिक पहचान उत्तर प्रदेश से खत्म हो जाएगी। हालांकि अब शिगूफा छोड़ा जा रहा है कि प्रियंका गांधी या राहुल गांधी को रायबरेली से चुनाव लड़ाया जाएगा। संभव है कि प्रियंका गांधी को अमेठी और राहुल को रायबरेली से मैदान में उतारा जाए।

ऐसे में सवाल यह है कि राहुल गांधी क्या वायनाड को छोड़ देंगे। यह पक्का है कि अगर राहुल ऐसा करते हैं तो दक्षिण के लिए गलत संदेश जाएगा और कांग्रेस वहां कमजोर होगी। ऐसी विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी क्या रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय ले पाएंगे। सोनिया ने रायबरेली के लोगों के नाम लिखी चिट्ठी में अपने खराब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र का हवाला दिया है। उन्होंने लिखा है कि हालांकि मुझे आपकी सीधे सेवा करने का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मैं मन और प्राण से आपके साथ रहूंगी। रायबरेली की जनता के नाम सोनिया ने बहुत ही भावनात्मक लाइन लिखी है, ÷मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आए हैं।÷ उन्होंने लिखा है कि ÷दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा है वह रायबरेली आकर आप लोगों से मिलकर पूरा होता है।÷ चिठ्ठी में ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया है। सोनिया गांधी की इस भावनात्मक अपील का जनता कितना सम्मान करती है फिलहाल यह वक्त बताएगा। रायबरेली से मुंह मोड़ना गांधी परिवार की सबसे बड़ी भूल होगी। मगर इस चिठ्ठी से ऐसा लगता है कि वे रायबरेली से चुनाव स्वयं भले न लड़ें, लेकिन गांधी परिवार से कोई न कोई इस विरासत को जरूर संभालेगा। रायबरेली से कांग्रेस हमेशा चुनाव जीतती आई है। 2004 से लेकर अब तक सोनिया गांधी ने रायबरेली का लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया है। इसके अलावा उनकी सास और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, शीला कौल, आरपी सिंह और सतीश शर्मा यहीं से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। सोनिया का राजनीति में आगमन मुश्किल दौर में हुआ। दरअसल पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के नेतृत्व में 1996 में कांग्रेस चुनाव हार गई। उस समय कांग्रेस को गांधी परिवार की जरूरत महसूस हुई। वरिष्ठ नेताओं के आग्रह पर आखिरकार न चाहते हुए भी पार्टी की कमान संभालने को राजी हो गईं। सोनिया ने 1997 में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की और 1998 में अध्यक्ष चुनी गई।

क्यों किसानों की मांगे नहीं मानते?

अजीत द्विवेदी

ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार ने एक साल तक चले किसान आंदोलन का सबक भुला दिया है। तभी वह एक बार फिर किसान आंदोलन को रोकने और किसानों को दबाने के लिए उन्हीं उपायों का सहारा ले रही है, जिनका इस्तेमाल 2020-21 के किसान आंदोलन के समय किया गया था। तब किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए रास्ते बंद किए गए। फोन और इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई। किसानों को बदनाम करने के लिए एक पूरा इकोसिस्टम विकसित किया गया, जिसने किसानों और उनसे सहानुभूति रखने वालों को देशद्रोही ठहराया। किसानों को विदेश से फंडिंग मिलने और भारत विरोधी टूलकिट से मदद मिलने की बातें प्रचारित करके उनको बदनाम करने का प्रयास किया गया। इन सबका कुल जमा नतीजा यह था कि किसान एक साल तक सड़क पर लड़ते रहे, जिसमें सात सौ किसानों की जान गई और अंत में केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े।

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीनों कृषि कानून वापस लेने का ऐलान किया तब ऐसा लगा था कि सरकार को सबक मिल गया है। सरकार ने समझ लिया है कि किसानों से टकराने या उन्हें आजमाने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन एक बार फिर किसान आंदोलन पर उतरे हैं तो वही सारी तिकड़में आजमाई जा रही हैं। किसानों से दिखावे की बातचीत हुई है, जैसी बातचीत तब होती थी। किसान नेताओं के ट्विटर हैंडल बंद कराए गए हैं। पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर ऐसी बाड़ेबंदी की गई है, जैसी भारत पाकिस्तान की सीमा पर नहीं है। सड़कों पर कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। लोहे की बड़ी बड़ी कीलें सड़कों पर लगाई गई हैं। कंटेनर लगा कर सड़कों को बंद किया गया है। किसानों के ऊपर ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। दिल्ली की सीमा भी चारों तरफ से बंद कर दी गई है।

> तभी वह एक बार फिर किसान आंदोलन को रोकने और किसानों को दबाने के लिए उन्हीं उपायों का सहारा ले रही है, जिनका इस्तेमाल 2020-21 के किसान आंदोलन के समय किया गया था। तब किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए रास्ते बंद किए गए। फोन और इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई। किसानों को बदनाम करने के लिए एक पूरा इकोसिस्टम विकसित किया गया।

सोचें, किसान ऐसा क्या कर रहे हैं कि उनके लिए इस तरह से उपाय करने की जरुरत है? किसान उन्हीं मांगों को तो दोहरा रहे हैं, जिनको सरकार ने नवंबर 2021 में मान लिया था। उस समय सरकार ने किसानों से कई वादे किए थे लेकिन एक बार आंदोलन खत्म होने के बाद जब किसानों की मांगें पूरी करने की बारी आई तो टालमटोल का दौर शुरू हो गया। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की किसानों की मांग पर एक कमेटी बना दी गई। कमेटी की रिपोर्ट का क्या हुआ किसी को पता नहीं है लेकिन इतना पता है कि किसान सरकार की पहल से संतुष्ट नहीं हैं और न सहमत हैं। तभी एक बार फिर उनको उसी मांग के लिए सड़क पर उतरना पड़ा है, जिसे मानने का वादा सरकार ने दो साल पहले किया था।

किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाए। इसके जवाब में सरकार और इसके इकोसिस्टम की ओर से समझाया जाता है कि अब तो निजी कारोबारी एमएसपी से ज्यादा कीमत पर अनाज खरीद रहे हैं। इसके आंकड़े भी पेश किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि कहां निजी कारोबारियों ने एमएसपी से कितनी ज्यादा कीमत पर अनाज की खरीद की, उस कारोबारी ने किसानों को कितनी सुविधाएं दीं और उसके भुगतान का सिस्टम कितना अच्छा है। सवाल है कि जब खुले बाजार में एमएसपी से ज्यादा कीमत पर अनाज की खरीद फरोख्त हो रही है किसान सरकार से ज्यादा निजी कारोबारियों को अनाज बेच रहे हैं तो सरकार को एमएसपी को कानूनी दर्जा देने में क्या दिक्कत है? सरकार कानूनी दर्जा दे दे कि एमएसपी से कम कीमत पर अनाज की खरीद फरोख्त गैरकानूनी होगी।

सरकार ऐसा नहीं कर रही है इसका मतलब है कि पूरे मामले में कोई पेंच है। असल में यह बाजार की तिकड़म होती है कि शुरू में आकर्षित करने के लिए बेहतर डील दो और उसके बाद मनमानी करो। किसानों को आशंका है कि निजी कारोबारियों के खरीद का सिस्टम इसी तरह से चलता रहा तो थोड़े समय में सरकारी खरीद का सिस्टम बिगड़ जाएगा और बंद कर दिया जाएगा। तब किसान कारोबारियों के हवाले हो जाएगा और फिर कारोबारी मनमानी करेंगे। अगर सरकार एमएसपी को कानूनी दर्जा दे देगी तो भले सरकारी खरीद का सिस्टम बंद हो जाए लेकिन बाजार में किसानों का अनाज अच्छी कीमत पर बिकेगा। तभी सरकार को किसानों की इस मांग पर ध्यान देना चाहिए।

एमएसपी से ही जुड़ी उनकी यह भी मांग है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के साथ साथ सभी उपज की एमएसपी तय हो और एमएसपी निर्धारित करने के लिए एमएस स्वामीनाथन फॉर्मूले का इस्तेमाल किया जाए। केंद्र सरकार ने हाल ही में एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया है। निश्चित रूप से वे इस सम्मान के हकदार थे और बहुत पहले उनको यह सम्मान मिलना चाहिए था। देर से ही सही लेकिन उन्हें भारत रत्न मिल गया तो अब सरकार को उनकी ओर से तय किए गए फॉर्मूले पर एमएसपी तय करना चाहिए। सरकारें बार बार स्वामीनाथन फॉर्मूले की चर्चा भी करती हैं। लेकिन उसके हिसाब से किसानों को अनाज की कीमत नहीं देना चाहती हैं।

हिंसक किसान आंदोलन के निहितार्थ

आर.के. सिन्हा

मरने -मारने के अंदाज में किसान एक बार फिर सड़कों पर उतर आए हैं। चुनाव माहौल गरम होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादे पर डट जाते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का %दिल्ली चलो% मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिन भर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाए। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ हो जाएं । सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं। पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्नदाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था ? बेईमानी करने के लिए ?इसके साथ ही किसान संगठन बार बार न्यूनतन समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन करते हैं। वे इस बार भी एमएसपी के लिए कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली आकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी लागू हो। अफसोस होता कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की इस मांग का समर्थन करते हैं। स्वामीनाथन कमीशन ने 2006 में अपनी रिपोर्ट दी थी। तब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र में यूपीए सरकार थी। यूपीए सरकार 2014 तक रही। सबको पता है कि उसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ही थे। उन्होंने तब यूपीए सरकार पर दबाव डालकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे राहुल गांधी ने कहा है, ÷देश में किसानों को जो मिलना चाहिए, वो उन्हें नहीं मिल रहा है।ज्ज् लेकिन इस तथ्य को नजरअंदाज किया जाता है कि केंद्र सरकार देश के किसान परिवारों एवं खेती की दशा-दिशा सुधारने के लिए हर साल तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करती है। इसमें उर्वरकों पर सब्सिडी के अतिरिक्त कृषि मंत्रालय की कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनके जरिए किसानों के खाते में सीधे पैसे भेजे जाते हैं।जानकारों के अनुसार, केन्द्र सरकार केवल समग्र कृषि योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली सहायता राशि का अगर औसत आकलन किया जाए तो प्रत्येक किसान पर कृषि एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत हर साल लगभग 22 हजार रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। अब आंदोलनकारी किसान यह भी कह रहे हैं कि पराली जलाने पर उन पर कोई दंड ना हो।

राम मंदिर, ज्ञानवापी, मथुरा...यह हिंदुत्व के नव उल्लास का दौर चल रहा

उमेश चतुर्वेदी

राममंदिर आंदोलन के उफान के दिनों में विश्व हिंदू परिषद ने एक नारा दिया था, अभी तो ये झांकी है, काशी-मथुरा बाकी है। सेकुलर जमात समेत राममंदिर के तमाम विरोधी संघ परिवार को निशाना बनाने के लिए इस नारे को भी जरिया बनाते थे। राम भक्तों को उम्मीद तो थी कि एक न एक दिन उनके आराध्य राम का मंदिर जरूर बनेगा, लेकिन उसके जल्द साकार होने की उम्मीद नहीं थी। जब राममंदरि के ही जल्द बनने की गुंजाइश नहीं दिखती थी, तब काशी और मथुरा के देवस्थानों की मुक्ति का सपना भी दूर की कौड़ी लगता था। बीती 22 जनवरी को राम मंदिर साकार हो चुका है, काशी के ज्ञानवापी परिसर का सर्वे हो चुका है और वहां के तलघर स्थित व्यास मंदिर की पूजा-अर्चना की न्यायिक राह भी खुल गई है। इन घटनाओं से उम्मीद बढ़ चली है कि जल्द ही काशी का विश्वेश्वर मंदिर भी मध्यकालीन आक्रांता के क्रूर निशानों से मुक्त हो जाएगा। इसी तरह मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर अवैध कब्जे पर न्यायिक सुनवाई जारी है।बदले हालात में सेकुलरवादी खोल में गंग-जमुनी संस्कृति की धारा बहाते रहे इतिहासकारों के सुर भी बदलने लगे हैं। खुले तौर पर ऐतिहासिक तथ्यों को स्वीकार करने के उहापोह से और बौद्धिक बेईमानी से वे बाहर निकलने लगे हैं। वामपंथी इतिहासकार इरफान हबीब खुलेआम स्वीकार कर चुके हैं कि मध्यकाल में काशी, मथुरा और अयोध्या पर मुगल आक्रांताओं ने कब्जा किया था। वैसे इसे स्वीकार करने के लिए उन्हें विशेष रूप से अयोध्या और वाराणसी में मिले पुरातात्विक साक्ष्य और प्रमाण ने भी मजबूर किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर अयोध्या की जब पुरातत्व सर्वेक्षण ने खुदाई की तो वहां मंदिर होने के अकाट्य प्रमाण मिले।इसी तरह वाराणसी की सत्र अदालत के निर्देश पर जब ज्ञानवापी मंदिर का पुरातात्विक सर्वेक्षण हुआ तो वहां भी शिवलिंग मिला, हिंदू मंदिर के भित्ति चित्र मिले, मस्जिद की दीवारों पर सनातनी आस्था के प्रतीक मिले। इन तथ्यों के आलोक में कोई निर्लज्ज इतिहासकार ही होगा, जो मध्यकालीन आक्रांताओं के क्रूर आक्रमणों और कब्जे को नकार पाएगा। इतिहासकारों के अनुसार, अकेले औरंगजेब के ही राज में देश के एक हजार मंदिर तोड़े गए। औरंगजेब का शासन 1658 से 1707 यानी कुल 9 साल रहा। अपने शासनकाल में औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़ा और उनकी जगहों पर मस्जिदें बनवाईं। काशी की ज्ञानवापी और मथुरा की मस्जिद औरंगजेब के हिंदुत्व विरोधी कार्य की देन है। वैसे तोड़े गए मंदिरों की संख्या को लेकर इतिहासकारों की एक राय नहीं है। लेकिन उनका मानना है कि हजारों मंदिर तोड़े गए। राममंदिर बन चुका है। साल 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इस विवाद का अंत हुआ। वैसे हमें याद रखना चाहिए कि अयोध्या के राममंदिर को 1528 में बाबर के सेनापति मीर बकी ने तोड़कर बाबरी मस्जिद बनवाई थी। जिस ज्ञानवापी मंदिर को लेकर इन दिनों चर्चा है, उसके बारे में कहा जाता है कि काशी का विश्वनाथ मंदिर प्राचीन काल से ही है। इतिहासकारों के अनुसार, 1100 ईसा पूर्व राजा हरिश्चंद्र और फिर सम्राट विक्रमादित्य ने इसका जीर्णोद्धार कराया था। जिसको 1194 में मुहम्मद गौरी ने लूटा और उसे तोड़ दिया। बाद में इसे हिंदू राजाओं ने बनवाया, लेकिन 1447 में जौनपुर के सुल्तान महमूद शाह ने इसे फिर तोड़ दिया। फिर 1585 ई. में राजा टोडरमल की मदद से पं. नारायण भट्ट ने यहां भव्य मंदिर का निर्माण करवाया। 1632 में इसे तोड़ने के लिए शाहजहां ने सेना भेजी, लेकिन भारी विरोध की वजह से मंदिर नहीं तोड़ा जा सका। लेकिन यहां के 63 मंदिर तोड़ दिए गए। औरंगजेब ने सत्ता संभालने के बाद 18 अप्रैल 1669 को मंदिर पर आक्रमण बोला और उसे तोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई। बाद में 1777 से 80 के दौरान महारानी अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया।मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि की भी कुछ ऐसी ही कहानी है। इतिहासकारों के मुताबिक, औरंगजेब ने यहां बने प्राचीन केशव मंदिर को तोड़कर उसी जगह 1660 ईस्वी में शाही ईदगाह मस्जिद बनवाई। इस पर कब्जे को लेकर 1770 में गोवर्धन में मुगल और मराठा सेनाओं की भिड़ंत हुई, जिसमें इसमें मराठाओं की जीत हुई। विजय के बाद मराठा लोगों ने फिर से यहां मंदिर बनवाया। लेकिन मस्जिद का एक हिस्सा कायम रहा। अब इसको लेकर भी न्यायिक सुनवाई शुरू हो चुकी है।

इसी तरह गुजरात के सोमनाथ मंदिर को भी पहले गजनवी ने लूटा और तोड़ा। जिसका आजादी के फौरन बाद सरदार पटेल की पहल पर जीर्णाद्धार हुआ। राम मंदिर के लिए करीब साढ़े चार सौ साल तक संघर्ष चला। कई बार खून बहा। आजाद भारत में भी कम से कम तीन बार राममंदिर के लिए खून बहा। लेकिन उसके विवाद को सुलझाने की राह न्यायिक मंदिर से निकली। हालांकि यह तथ्य भी स्वीकार करने से गुरेज नहीं होना चाहिए कि अगर छह दिसंबर को बाबरी ढांचा गिराया नहीं गया होता तो शायद न्यायिक राह भी इस तरह नहीं खुलती। लेकिन राममंदिर विवाद के पटाक्षेप में जिस तरह न्याय के मंदिर ने भूमिका निभाई है, उससे ही उम्मीद बनी है कि मथुरा और ज्ञानवापी के विवाद को सुलझाने और मध्यकालीन आक्रांताओं की निशानी को दूर करने में अदालत की मददगार होगी।ज्ञानवापी के सर्वे के बाद मिले साक्ष्यों के बाद यह आशा और बलवती ही हुई है। कृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर जिस तरह सुनवाई आगे बढ़ रही है, उससे लगता है कि जल्द ही मथुरा में कान्हा की किलकारी की अनुगूंज सुनाई देगी, कृष्णलीलाओं वाला मंदिर यहां मूर्त होगा और भक्तों को कान्हा लुभाने लगेंगे। इतिहासकार इरफान हबीब ने भले ही यह स्वीकार कर लिया हो कि मध्यकाल में मुगलों ने हिंदू मंदिरों को तोड़ा, लेकिन लगे हाथों यह कहने से भी वे नहीं रूके कि पांच सौ साल पुराने विवाद को सुलझाने के लिए तोड़े गए मंदिर को वापस देने से विवाद ही बढ़ेगा। यानी एक तरह से हबीब जैसे सेकुलर जमात के लोग भावी विवाद और संघर्ष को थामने के साथ ही मुस्लिम समुदाय के अधिकारों को संरक्षित करने की बौद्धिक कोशिश कर रहे हैं।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहनराव भागवत इन दिनों बार-बार कह रहे हैं कि काशी, मथुरा और अयोध्या की पुनर्स्थापना के बाद हिंदू समुदाय को अतीत के बाकी विवादों को भूल जाना चाहिए। सामाजिक समभाव के लिए यह विचार भले ही जरूरी हो, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि राममंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरूद्धार के बाद देशभर में मुगलों द्वारा तोड़े गए मंदिरों के उद्धार की भावना बलवती हो सकती है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

खेत नापने के एवज में कानूनगो ने महिला से माँगी अस्मत

- बेशर्मी से बाज नहीं आ रहे सरकारी मुलाजिम, करा रहे फजीहत
- पीड़ित महिला ने पुलिस को सौंपी कॉल रिकॉर्डिंग
- पुलिस ने कानूनगो पर केस दर्ज कर शुरू की तहकीकात

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। योगी के मुलाजिम सरकारी काम के बदले महिलाओं से आये दिन अजब गजब डिमांड कर सुर्खियां बटोर रहे हैं। रेउसा और हरगाँव क्षेत्र के पंचायत सचिवों की महिलाओं से बेशर्म पेशकश का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि रामपुर कलां क्षेत्र के कानूनगो चकबंदी ने खेत नापने के एवज में महिला से उसकी अस्मत ही मांग ली। कानूनगो चकबंदी ने महिला को फोन कर अपने कमरे में आने का निमंत्रण दिया। जब महिला ने पूछा कमरे में क्या करना है तो कानूनगो साफशब्दों में बोला कि तुम्हारे साथ सेक्स करूगा, तब तुम्हारी जमीन नाप कर दूंगा। कानूनगो की अचानक इस बेशर्म डिमांड से महिला के होश उड़ गये। उसने थाने में कानूनगो के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने सबूत के तौर पर पुलिस को कानूनगो के साथ हुई बातचीत की कॉल रिकार्डिग भी सौंपी है। रामपुर कलां थाना इलाके की महिला का कहना है कि उसका पुश्तैनी खेत है जो गौशाला की जमीन के भीतर आ गया है। जिसको किनारे लेने के लिए उसने तहसील में आकर सीओ कोर्ट चकबंदी अधिकारी यहां प्रार्थना पत्र दिया था। उसे सूचना मिली कि उसकी फाइल खारिज कर दी गई है। महिला का कहना है कि 6 जनवरी 2024 को कानूनगो चकबंदी देव प्रकाश पांडेय का फोन उसके मोबाइल नंबर पर आया। चकबंदी कानूनगो ने फोन पर उससे कहा कि तुम मेरे कमरे में आ जाओ तो मैं तुम्हारा खेत गौशाला के किनारे नाप कर दे दूंगा। महिला के मुताबिक जब उसने पूछा कमरे में क्या करना है तो कानूनगो ने साफशब्दों में कहा कि मैं तुम्हारे साथ सेक्स करूगा तब तुम्हारी जमीन नाप कर दूंगा, नहीं तो तुम्हारा खेत नहीं नापूगा। महिला ने कानूनगो देव प्रकाश पांडेय की ओर से अभद्र भाषा में हुई बातचीत की कॉल रिकार्डिग सौंपते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उसके खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर सेवाएं समाप्त करने की अपील की। पुलिस ने कानूनगो चकबंदी तहसील बिसवां वेद प्रकाश पांडेय के विरूद्ध धारा 509 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चले कि इससे पूर्व रेउसा और हरगांव थाना क्षेत्र में पंचायत सचिवों ने भी महिला लाभार्थियों से सरकारी आवास आवंटन के बदले इसी तरह की डिमांड की थी। जिस पर महिलाओं ने थाने पहुंच कर हंगामा काटा था। बाद में पीड़ित महिलाओं ने शासन प्रशासन के दबाव में आकर शिकायत वापस ले ली थी।

विराट दंगल में पहलवानों ने आजमाएं दांव पेंच

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। क्षेत्र के गौरिया कला गांव में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। पहलवानों ने दंगल में जमकर दांव पेंच आजमाए। विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ संरक्षक महंत प्रेमदास ने पहलवानों से हाथ मिलवा कर किया। दंगल में कानपुर, राजस्थान, अयोध्या, गोंडा, नेपाल से आए पहलवानों ने दांव-पेच आजमाएं। पहली कुश्ती पहलवान राजन थापा नेपाल व सोमवीर पहलवान कानपुर के बीच हुई। कुश्ती में राजन थापा ने सोमवीर को चित्त कर बाजी जीत ली। वहीं अयोध्या हनुमान गढ़ी के पहलवान दही चूरा वाले बाबा की कुश्ती महेन्द्र पहलवान राजस्थान के बीच हुई। जिसमें दही चूरा वाले बाबा जीत दर्ज की। गोंडा के नंदनी महाविद्यालय के रवी पहलवान व नेपाल के राजन थापा के बीच हुई। कुश्ती में रवी पहलवान विजयी रहे। अयोध्या हनुमान गढ़ी के बाबा उमाशंकर दास व मध्य प्रदेश सतना के पहलवान काला चीता के बीच हुई। कुश्ती में बाबा उमाशंकर दास विजयी रहे। अयोध्या हनुमान गढ़ी के दही चूरा वाले बाबा व इलाहाबाद के शमीर के बीच हुयी कुश्ती में दही चूरा वाले बाबा ने शिकस्त देकर जीत दर्ज की। सभी जीते हुये पहलवानों को ग्राम प्रधान उदयराज सिंह व ग्रामीणों ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके विक्रम सिंह, लतीफअहमद, दयाशंकर, अमित, शिवकुमार सिंह, अवध सिंह, मलखान सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज़

डीएम ने मृतक होमगार्ड की पत्नी को सौंपा 40 लाख का चेक

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सड़क दुर्घटना में दिवंगत होमगार्ड अतुल कुमार मिश्रा की पत्नी किरन देवी को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने दुर्घटना बीमा लाभ के तहत 40 लाख का चेक सौंपा। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस दिनेश ढींगरा, कलेक्ट्रेट हेड प्रदीप गुप्ता, एचडीएफसी बैंक लहरपुर के शाखा प्रबंधक अभय श्रीवास्तव, विकास चौधरी, राकेश कुमार, मो. नसीम खाँ, श्रीकृष्ण रावत, हिरावल अब्बास आदि लोग मौजूद रहे। बताते चले कि जिले की सकरन कंपनी में तैनात होमगार्ड अतुल कुमार मिश्रा डायल 112 ड्यूटी पर थे। तभी 27 दिसंबर को सायंकाल ड्यूटी पर वापस घर जाते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। मृतक होमगार्ड का खाता एचडीएफसी बैंक में खुला होने के कारण दुर्घटना बीमा लाभ के अंतर्गत बैंक द्वारा उनकी आश्रिता पत्नी को चेक प्रदान की गई।

बस ने महिला मजदूर के मासूम बेटे को रौंदा, मौके पर ही मौत

मास्टरबाग-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बिसवां-सिधौली मार्ग पर रामपुर कलां थाना इलाके के कंदुनी चौराहे पर बस ने मजदूर महिला के छह वर्षीय बेटे को रौंद दिया। जिससे मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बस को हिरासत में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि रामपुर कलां थाना क्षेत्र के ग्राम रेवा निवासी सीताराम उम्र 6 वर्ष पुत्र स्व. सुरेश अपनी माँ के साथ कंदुनी चौराहे पर खड़ा था। बच्चे की माँ ठेले पर सामान खरीद रही थी। इसी बीच कुछ पल के लिए बच्चे का साथ छूट गया। बच्चा इधर-उधर भटकने लगा। इसी बीच सिधौली से बिसवां की ओर आ रही बस ने बच्चे को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब बच्चे की माँ ने मौके पर भीड़ देखी तो वह हैरत में पड़ गई। उसे पता चला कि उसके बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई है। मृतक सीताराम के पिता सुरेश की एक वर्ष पहले बीमारी से मौत हो गई थी। सीताराम की माता कई दिन पूर्व उसे लेकर मजदूरी करने लखनऊ गई थी। राशन वितरण की सूचना पर वह बेटे के साथ अपने घर रेवा गांव लौट रही थी। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। धौकलगंज चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भारतीय किसान मंच के पदाधिकारी मनोनीत

रामकोट-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भारतीय किसान मंच के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने संगठन का विस्तार कर दिया है। उन्होंने हिमांशु राज को जिला उपाध्यक्ष, शुभेंद्र कुमार को युवा मंच का जिला उपाध्यक्ष, रमन विस्वकर्मा को तहसील महासचिव महोली, लाला राम को जिला सचिव व गोबर्धन सिंह अर्कवंशी को जिला कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने कहा किसी भी पदाधिकारी तथा किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसानों के अधिकारों को लेकर वे 24 घंटे संघर्ष करने के लिए तैयार है। नये पदाधिकारियों के मनोनयन पर प्रदेश सचिव शैलेन्द्र राज, लखनऊ मंडल अध्यक्ष रामलखन राठौर, सतेंद्र प्रताप अर्कवंशी, अनिल राजवंशी, आशाराम मौर्य, नसीम खान, दिनेश मौर्य आदि ने बधाई दी।

देव प्रतिमाओं के दर्शन-पूजन को लेकर उमड़ रहे श्रद्धालु

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मां संकटा देवी धाम परिसर में नवनिर्मित छह मंदिरों में स्थापित देव प्रतिमाओं का दर्शन पूजन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उमड़ रहे हैं। मां संकटा देवी धाम में नवनिर्मित मंदिरों में बाबा खाटू श्याम, पीतांबरा माई, पंचमुखी हनुमान, श्री बांके बिहारी, लक्ष्मी नारायण, शनि नवग्रह की प्रतिमाओं का विधि विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मां संकटा देवी धाम में भक्तों का भारी जमावड़ा दिखा। भक्तों ने गर्भगृह में स्थित मां संकटा देवी के दर्शन के साथ रामेश्वरम् महादेव, बद्री विशाल, भगवान जगन्नाथ, द्वारकाधीश सहित परिसर में बने 21 देवी देवताओं के मंदिरों में दर्शन पूजन किया। भक्तों ने 10 दिन तक चले श्री शतचंडी यज्ञस्थल पहुंचकर एक वर्ष तक प्रज्जवलित रहने वाले हवन कुंड में आहुति देकर हवन करने के साथ पवित्र यज्ञशाला की परिक्रमा की। मां संकटा देवी धाम में आने वाले भक्तों की भारी भीड़ को लेकर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें सजा रखी हैं। जिन पर श्रद्धालु भक्त जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके बाजपेयी ने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धाम परिसर की व्यापक सफाई के साथ पेय जलापूर्ति व सुरक्षा के लिए परिसर को कैमरे से लैस किया जा रहा है।

इंटरमीडिएट की छात्राओं का हुआ विदाई समारोह

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। छात्र और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते हैं। मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण उसकी आधारभूत शिक्षा होती है। छात्राएं ऐसे ही लगन व मेहनत से अपनी आगे की शिक्षा प्राप्त कर नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन करें। उक्त बातें नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्राओं के विदाई समारोह में प्रधानाचार्या विजय लक्ष्मी सिंह ने कही। उन्होंने इस मौके पर महक, प्राची मौर्या, नाजिया खातून, फातिमा जहरा, रहनुमा, रीतू, कोमल गुप्ता, फायजा अंजुम को विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर प्रमाण पत्र तथा अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या द्वारा करीब दर्जन भर निर्धन छात्राओं को स्वेटर भी वितरित किये। विदाई समारोह में शिक्षिका पूनम मौर्य, प्रीती गुप्ता, सबीहा नसरीन, वसुंधरा कनौजिया, स्नेहलता, अंजनी वैश्य, अनीता वर्मा, आशा, नमिता अधिकारी, कीर्ति आर्या, रुबीना खातून व शिखा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन अमित कुमार ने किया।

संकटा देवी धाम के विकास के लिए मिले 5.72 लाख रुपये

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मां संकटा देवी धाम समिति के विकास के लिए सीता ग्रुप आफएजूकेशन द्वारा पांच लाख रुपए, नैपालापुर सीतापुर की किरन वर्मा द्वारा 51 हजार तथा बाकी सब ठीक है सेवा ट्रस्ट द्वारा 21 हजार रुपए का चेक अध्यक्ष आरके बाजपेयी को सौंपा। इस दौरान करीब आधा सैकड़ा समाज सेवियों, शिक्षाविदों व पत्रकारों को मां संकटा देवी का चित्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के संरक्षक डा. एमणि मिश्रा, त्रिलोकीनाथ मौर्य, नारायण दास अग्रवाल, राजेंद्र वर्मा, लालता प्रसाद जायसवाल, शिवम बिक्रांत, शिवदास पुरवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम चौपाल में छह शिकायतों का हुआ निस्तारण

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकासखंड की ग्राम पंचायत शरीफ्पुर तल्हा के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता राज कुमार वर्मा सहायक विकास अधिकारी कृषि ने की। जिसमें प्रचार प्रसार के अभाव में मात्र 6 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर अमित कुमार वर्मा ग्राम सचिव, पंचायत कर्मी, आशा, आंगनबाड़ी, कृषि विभाग से सभी लोग उपस्थित थे।

शाकाहारी विचार व कर्म से खुशहाल होगा मानव

बिसवां-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। वसंत पंचमी के अवसर पर कुंज बिहारी लाल सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज जहांगीराबाद में स्व. जगदीश कुमार यादव की स्मृति में 11वां वार्षिक अध्यात्मिक सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा जय गुरूदेव के अनुयाईयों ने अपने परिवार सहित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. श्याम किशोर वर्मा ने की। श्रीराम मास्टर ने कहा कि जो शाकाहारी स्वभाव धरेगा वहीं संसार में स्वर्ग उतारेगा। शाकाहारी विचार और कर्म से ही मानव खुशहाल होगा। तभी भगवान का भजन कर सकेगा और आत्मा को शांति मिलेगी। मालिक की याद में रहो प्रभु की कृपा होने वाली है। इस अवसर पर रामजीवन यादव, हरद्वारी लाल फौजी, वीरेंद्र कुमार यादव, देशराज, कामता प्रसाद, परमेश कुमार पुजारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बीआरसी महमूदाबाद के हाल में बुधवार को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। विकास खंड के सभी प्रधानों व ग्राम पंचायत सचिवों को बाढ़, आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, ओलावृष्टि, सर्पदंश आदि आपदाएं आने पर बरती जाने वाली सर्तकता एवं बचाव से संबंधित प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर विनय कुमार द्वारा दिया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत रामवीर, यूनीसेफकी ब्लाक संमन्वयक एकता शर्मा, वीडीओ अरुण गौतम, बवनीश कुमार रावत, बृजेश, विपिन कुमार, मनोज कुमार, रविकांत शुक्ल, अर्जुन कुमार, प्रदीप चौधरी, हैदर व बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2022-23 अनुक्रमांक 1231042015 का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कही खो गया है।

करन सिंह यादव पुत्र देशराज निवासी ग्राम अहमदाबाद परगना व तहसील बिसवां, जिला सीतापुर।

दलित के आशियाने पर चला तहसील प्रशासन का बुलडोजर

बिना नोटिस दिये धराशाई किया गया मकान

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। गोंदलामऊ ब्लाक के ग्राम पंचायत डालपुर मजरा गोपालपुर मे दलित के आशियाने पर तहसील प्रशासन द्वारा बिना नोटिस दिये पीला पंजा चलाकर उसके भवन को धराशाई कर दिया गया। दलित परिवार रोता चिल्लाता रहा लेकिन प्रशासन ने उसकी एक न सुनी और बीहड़ में बने उसके मकान को चंद घंटों में गिराकर जमीदोज कर दिया। जहां एक तरफ मोदी सरकार गरीबों को घरौनी योजना के तहत उनको उस भूमि का मालिकाना हक दे रही है। वहीं दूसरी तरफसिधौली तहसील के जिम्मेदार अधिकारी उनकी योजनाओं को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे है। सावित्री देवी ने उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत कर उक्त गाटा संख्या पर बने अन्य सभी मकानों का ध्वस्तीकरण करने का भी आदेश पारित किये जाने की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि वह जिस भूमि पर दशकों से रह रही है उस भूमि की गाटा संख्या 234 रकबा 1.2460 है जो बीहड़ में दर्ज है। जबकि इसी गाटा संख्या पर गांव के राजेन्द्र प्रसाद पुत्र भिम्मा व अन्य लोग अपना मकान बनाये हुए है। राजनीतिक पकड़ व दबंग होने के कारण तहसील प्रशासन ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की और न उनके आवास पर कोई नोटिस दी है। पीड़ित व उसका पति मजदूरी करके जैसे तैसे पैसे जोड़कर अपना सपनो घर बनाया था जिसमें वह अपनी आठ लड़कियों व एक लड़के के साथ रहती थी लेकिन तहसील प्रशासन ने उसके आवास पर बुलडोजर चलाकर सिर से छत छीन ली। जबकि सावित्री देवी की चार बेटियां शादी करने वाली है और वह चकबंदी से पहले कच्चा मकान बनाकर उक्त गाटा संख्या की भूमि पर रह रही थी और उसी मकान को गिराकर पक्का मकान बनवाया था।

मासूम बेटे व पत्नी को कुदाल से उतारा मौत के घाट

- मानसिक रूप से बीमार है हत्यारोपी, चल रहा उपचार
- वारदात को अंजाम देने के बाद फूट-फूट कर रोया आरोपी
- पड़ोसी की मदद से हमलावर ने घायल पत्नी व बच्चे को पहुंचाया अस्पताल
- लखनऊ पुलिस ने हत्यारोपी युवक को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। शुक्रवार की सुबह मानसिक रूप से बीमार शख्स ने अपने मासूम बेटे और पत्नी को धारदार हथियार कुदाल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी युवक मौके पर फूट-फूट कर रोया। हमलावर युवक ने अपने चचेरे भाई के सहयोग से फोन कर मौके पर 108 एंबुलेंस बुलाई और घायल माँ-बेटे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने माँ-बेटे की हालत बेहद चिंताजनक देख तत्काल लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मासूम बच्चे की मौत हो गई। जबकि महिला ने इलाज के दौरान लखनऊ अस्पताल में दम तोड़ दिया। लखनऊ पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पाकर मृतक महिला के पिता ने थाने पहुंच कर पुलिस को अपने दामाद के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस व फॉरेन्सिक टीम ने घटना स्थल पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताते हैं हत्यारा काफी समय से मानसिक रोगी है, जिसका इलाज चल रहा था। आरोपी को परिजनों ने पुलिस सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के पकरिया गाँव में बीती रात उस समय कोहराम मच गया जब सनकी युवक प्रदीप गिरि पुत्र बीर बली ने रात करीब दो बजे अपनी पत्नी भूरा उम्र 34 वर्ष व पुत्र आयुष उम्र 3 वर्ष पर सोते समय धारदार कुदाल से हमला कर दिया। मां बेटा मरणासन्न हालत में हो गये। यह देख हमलावर स्वयं चीखने लगा। चीख सुनकर बगल के कमरे में सो रही 13 वर्षीय बड़ी पुत्री नीलू, 11 वर्षीय शालू व 8 वर्षीय आरूषि जाग गयी। पिता द्वारा माँ व भाई को खून से लथपथ देख चीखने लगीं। एक साथ कई लोगों की चीख सुनकर पड़ोसी जाग गये। प्रदीप ने अपने द्वारा किये कृत्य सभी को बताया। चचेरे भाई जीतू पुत्र श्रीकांत ने डायल 108 कर एम्बुलेंस बुला ली। परिजन व आरोपी दोनों घायलों को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां हालत नाजुक देख डाक्टर ने माँ-बेटे को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय मासूम ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं घायल महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मां बेटे की मृत्यु होने पर परिजनों ने आरोपी को लखनऊ पुलिस के हवाले कर दिया। लखनऊ पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। स्थानीय गाँव निवासी मृतक महिला के पिता तोताराम पुत्र गजोधर की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर हुई कार्यशाला

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम से सम्बन्धित संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर किया गया। इस दौरान शिक्षा, मलेरिया, क्षय रोग, आयुष, सूचना, पंचायती राज, पशुपालन, नगर विकास विभाग के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र वर्मा ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु आवश्यक उपायों जैसे स्वच्छ पानी की उपलब्धता, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, भूकंप की आपदा से निपटने हेतु प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली का उपयोग किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, शिक्षा और जागरूकता पर ध्यान देने की जरूरत है।

जनजातीय विकास विषय पर संगोष्ठी 18-19 फरवरी को

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जनजातीय विकास विषय पर आगामी 18 व 19 फरवरी को आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रभारी प्राचार्या प्रो. प्रनीता सिंह व प्रोफेसर सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि भारत 10.42 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों का घर है। आदिवासी लोग भारत के आदिम निवासी हैं। वे फसल उत्पादन, पशुधन उत्पादन, बागवानी और फसल कटाई के बाद के कार्यों सहित प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक संपत्तियों और कृषि विकास के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन आजादी के 75 से अधिक पांच वर्षों के बाद भी, वे निम्न स्तर का जीवन जी रहे हैं। और भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी विकासात्मक योजनाओं और लाभों के सबसे कम लाभार्थी बने हुए हैं। वे अभी भी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पदम श्री डॉ. कल्याण सिंह रावत मैती, भारतीय शिक्षाविद, सरदार पटेल विश्वविद्यालय आनंद गुजरात के प्रो. रमेश एच मकवाना होंगे। अध्यक्षता प्रो. एनएन पांडेय, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. शुभजीत चक्रवर्ती, प्रो. वैभव सबनीश आदि मौजूद रहेंगे।

आपसी विवाद में दबंगों ने युवक को लाठियों से पीटा

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पैसों के लेन देन को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक ब्यक्ति की लाठी डंडों से पिटाई कर दी तथा धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गयी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सकरन थाना क्षेत्र के सुकेठा बाजार में गुरूवार को रेउसा थाना क्षेत्र के पतरासा गांव निवासी अशीर अहमद सामान लेने आया था। जहां मोनू से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद होने लगा उसके बाद मोनू, सिक्का, इशराइल आदि निवासी जालिमपुर थाना सकरन ने मिलकर अशीर अहमद की लाठी डंडों से पिटाई कर दी तथा धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देख दबंग भाग गये। अशीर अहमद ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया है। सकरन पुलिस ने बताया कि मामले में तीन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

ऑपरेशन करवाने के बावजूद गर्भवती हुई महिला

- कसमंडा में फेल हुई परिवार नियोजन के लिये अपनाई गई प्रक्रिया
- सिधौली पहुँची महिला ने करवाया अल्ट्रासाउंड, खुली हकीकत

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके में नसबंदी ऑपरेशन करवाने के बावजूद एक महिला के गर्भ ठहरने का मामला प्रकाश में आया है। तब मानो परिवार नियोजन के लिए कसमंडा अस्पताल में अपनाई गई प्रक्रिया फेल हो गई है, परिवारीजन हैरत में है। महिला को जब पेट से आभास हुआ तो उसने अल्ट्रासाउंड करवाया फिर जाकर पूरी हकीकत सामने आई। पता चला कि उसके गर्भ में चार माह का बच्चा पल रहा है। परिजनों की रजामंदी से चौदह माह पूर्व महिला ने ऑपरेशन करवाया था। भाहुरि मजरा गनेशपुर निवासी करीब 31 वर्षीय कांन्ती पत्नी कलऊ के मुताबिक उसके दो पुत्र व एक पुत्री है। बेटा बड़ा हो चुका है। पति सहित परिवार वालों की रजामंदी से उसने कसमंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्ष 2022 के दिसंबर माह में नसबंदी ऑपरेशन करवाया था। लेकिन उसको हाल ही पेट में गर्भ ठहरने का आभास हुआ। तो वह स्थानीय आशा बहू के साथ विगत दिनों पीएचसी कमलापुर पहुंची, पूरा वाकया सुनाया। इसके बाद जब डॉक्टर की सलाह पर उसने बीते मंगलवार को सिधौली पहुंच मेडिसेवा लैब में अल्ट्रासाउंड जांच करवाई तब जाकर पूरी हकीकत सामने आई। पता चला कि उसके पेट में करीब चार माह का बच्चा पल रहा है। महिला के पास मौजूद स्थाई नसबंदी प्रमाण पत्र के मुताबिक यह नसबंदी ऑपरेशन चिकित्सक सुरेंद्र शाही ने किया था। इस बाबत में कसमंडा सीएचसी अधीक्षक अरविंद बाजपेई कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

खुले में शौच जाने के लिए विवश स्कूली छात्राएं

महीने में सिर्फ एक बार शौचालय साफ करता है सफाई कर्मी

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत उनेरा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'स्वच्छ भारत अभियान' को जिम्मेदार पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। उनेरा ग्राम पंचायत के प्रधान राम सिंह व कम्पोजिट स्कूल की प्रधानाध्यापिका गजाला परवीन, शिक्षक चिंत्रा पोरवाल, ज्योति गुप्ता, प्रीती वर्मा ने खंड विकास अधिकारी को पत्र भेज कर स्कूल परिसर में व्याप्त गंदगी का हवाला देते हुए बताया है कि स्कूल में पंजीकृत 169 विद्यार्थियों में 95 बालिकाएं है। कई महीनों से स्कूल के शौचालय व परिसर में सफाई न होने से गंदगी व्याप्त है और शौचालय, पूरी तरह गंदगी से पटा पड़ा है।

विद्यालय आने वाली छात्राओं को शौचालय गंदा होने से बाहर खुले में शौच के लिए विवशता में जाना पड़ता है। शिक्षकों ने बताया कि सफाई कर्मी महीने में एक बार केवल फोटो खिंचवाने के लिए आता है और सफाई करने की बात कहने पर वह रोस्टर के समय सफाई करने का आश्वासन देकर चला जाता है। प्रधानाध्यापिका ने बताया हम लोगों ने विवश होकर खंड विकास अधिकारी को विद्यालय परिसर की नियमित सफाई करवाने के लिए पत्र लिखा है। ग्राम प्रधान राम सिंह ने भी खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखकर सफाई न होने से पूरे गांव में गंदगी का साम्राज्य है।

शिविर में 17 दिव्यांगजनों को लगाये गये कृत्रिम अंग

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकासखंड मुख्यालय पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व से चिन्हित 21 लोगों को कृत्रिम अंग लगाने के लिए चिन्हित किया गया था। जिसमें 17 लोगों को कृत्रिम लगाए गए तथा अन्य 65 दिव्यांगजनों को चिंहित किया गया। जिन लोगों को कृत्रिम अंग लगाए गए उनमें प्रमोद निवासी भैंसी को कृत्रिम पैर लगाया गया। नीरज निवासी नेवादा को हाथ लगाया गया तथा शकील अहमद के पैर लगाया गया। वहीं नए लोगों को सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, बैसाखी के लिए चिंहित किया गया। इनमें प्रमुख रुप से रामानुज, शकील अहमद, राम सेवक, गंगा स्वरूप, राधा देवी, नीरज कुमार, राम पाल, रेशमा शामिल है। सशक्तिकरण विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर गजेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों उपकरण वितरित किये गये हैं।

प्रधानों समेत चार सौ लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। महमूदाबाद नगर स्थित भाजपा विधायक आशा मौर्या के आवास पर विधानसभा मिलन समारोह आयोजित किया गया। विधानसभा प्रभारी सुधीर सिंह की अध्यक्षता में एक सैकड़ा प्रधानों समेत चार सैकड़ा से अधिक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का पटका और टोपी देकर सम्मानित करने के साथ-साथ सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के दौरान चुनावी रणनीति को अमली जामा पहनाया गया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामकुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष रमाशंकर, मंडल अध्यक्ष पहला कमलेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष पैंतेपुर सर्वेंद्र विक्रम सिंह सहित तमाम पार्टी के पदाधिकारी व सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग मौजूद रहे ।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने बैठक कर सौंपा ज्ञापन

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के आवाहन पर शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर बैठक कर उ

संक्षिप्त समाचार

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्राहक अनुभव को फिर से किया परिभाषित

वाराणसी। ग्राहक सबसे पहले के रुख और खरीदारी का शानदार अनुभव बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड (टोयोटा किर्लोस्कर मोटरध्टीकेएम) ने अपने शानदार नई कार डिलीवरी सोल्यूशन की शुरुआत की घोषणा की। यह एक ऐसी पहल है जिसे टीकेएम के अधिकृत डीलरों द्वारा उनकी बिक्री प्रक्रिया के एक भाग के रूप में लागू किया जाना है। नई पहल का उद्देश्य वाहन लॉजिस्टिक सेवाओं का विस्तार डिलीवरी टचप्वाइंट तक करना है। इसके तहत नई कारों को डिलीवरी की जगह तक बिना चलाये पहुंचाया जायेगा और डीलर के कर्मचारियों द्वारा चलाये जाने की संभावना को खत्म करना है। उद्योग में ऐसा सबसे पहले किया जा रहा है। नई पहल टोयोटा के डीलर के लिए यह संभव और आवश्यक करेगी कि नए वाहनों को डीलर के स्टॉकयार्ड से उनके बिक्री आउटलेट तक एक फ्लैट-बेड ट्रक पर ले जाया जाये न कि चलाकर। इस तरह नए वाहनों को सड़क पर चलाए बिना डीलरशिप के अंतिम डिलीवरी आउटलेट तक पहुंचना सुनिश्चित होगा। यह ग्रामीण और अर्ध-शहरी लोकेशन के लिए भी होगा जहां अंतिम मील की लॉजिस्टिक्स चुनौतियों का सामना करती है।इस पहल पर, श्री सबरी मनोहर दृ वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, ष्टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, ग्राहक-केंद्रित होने की हमारी प्रतिबद्धता सर्वोपरि है। हम वास्तव में अद्भुत स्वामित्व अनुभव के लिए शुरू से अंत तक ग्राहक यात्रा को समृद्ध बनाने के लक्ष्य के साथ लगातार कुछ नया करने का प्रयास करते हैं। ष्अद्भुत नई कार डिलीवरी सोल्यूशनष् की शुरूआत हमारे डीलर द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली पहल उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

एचडीएफसी बैंक का होम लोन बिजनेस मजबूत प्रदर्शन दिखा रहा

वाराणसी। एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, ने आज अपने होम लोन बिजनेस पर एक अपडेट साझा किया, जिसमें स्पष्ट होता है कि एचडीएफसी लिमिटेड के विलय के बाद इसमें काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है।दोनों के विलय के बाद बढ़ते हुए वितरण पर बैंक की बाजार हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विलय के बाद पहले छह महीनों में इसने अपने होम लोन बिजनेस में साल-दर-साल मजबूत और लगातार हाई डबल डिजिट की बढ़ोतरी प्रदर्शित की है। क्रमिक आधार पर, बैंक ने अग्रणी स्थान हासिल किया है क्योंकि इसने 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जो कि होम लोन में अन्य कंपनियों के बीच सबसे अधिक थी। श्री अरविंद कपिल, कंट्री हेड-मॉर्गेज बैंकिंग, होम लोन, एलएपी, एचडीएफसी बैंक का कहना है कि ''सबसे बड़े अवसरों में से एक कासा (सीएएसए) उत्पन्न करना था और शुरुआती संकेत उत्साहजनक हैं। विलय से पहले लगभग 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत वृद्धिशील वितरण एचडीएफसी बैंक बचत खाते वाले ग्राहकों को था। विलय के बाद यह वृद्धिशील वितरण का लगभग 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। बैंक के लिए होम लोन व्यवसाय एक एसेट और लाएबिलिटी जनरेटर दोनों बन गया है और काफी बढ़ रहा है। इससे ग्राहक स्थिरता का स्तर अधिक होता है और ग्राहक लंबी अवधि के लिए बैंक के साथ मजबूत जुड़ाव रखता है।''बैंक की मूल रणनीति फ्रंट एंड पर प्रोसेसिंग के टर्नअराउंड समय में सुधार करना है। विलय के बाद का समय लगभग एक तिहाई कम हो गया है। यह पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड की ग्राहकों से व्यक्तिगत रूप से जुड़ने की ताकत के साथ मिलकर बिक्री टर्नओवर और क्रॉस-सेल दोनों के मामले में एक संभावित गेम चेंजर है।

स्कोडा इंडिया ने सेडान स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया

वाराणसी। दो वर्षों में एक लाख बिक्री के बाद स्कोडा इंडिया ने सर्वाधिक बिक्री वाली और 5-स्टार सेफ व क्रैश टेस्ट में पास सेडान स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया है।इस पर बोलते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक, पेट्र जनेबा ने कहा स्लाविया स्टाइल एडीशन हमारे भरोसेमंद ग्राहकों की जरूरतों को सुनने व समझने और उन्हें बेहद खास व हाई वैल्यू वाले प्रॉडक्ट देने की मिसाल है। यह हमारे बेहद खास ग्राहकों के लिए बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध होगा। हालांकि, यह पूरे भारत में हमारे 200 से अधिक बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध होगा।स्टाइल एडीशन को स्लाविया के टॉप-ऑफ-द-लाइन स्टाइल वैरिएंट के ऊपर रखा गया है। यह डुअल डैश कैमरा जैसी सुविधाओं के साथ आता है, जिसमें ब्लैक-आउट बी-पिलर, ब्लैक मिरर कवर और ब्लैक रूफ फॉइल पर एडीशन बैज लगा हुआ है। वहीं कार के भीतर ग्राहकों का स्वागत स्लाविया ब्रांडेड स्कफ प्लेट द्वारा किया जाता है, जिसके स्टीयरिंग व्हील पर एडिशन बैज लगा हुआ है। कार से बाहर निकलने पर ब्रांड लोगो प्रोजेक्शन के साथ एक पुडल लैंप दिखाई देगा।स्कोडा ऑटो इंडिया स्लाविया के स्टाइल एडीशन की 500 इकाइयां लॉन्च करेगी। सभी 500 कारें विशेष रूप से 1.5 टीएसआई इंजन के साथ 7-स्पीड डीएसजी स्वचालित गियरबॉक्स के साथ आएंगे। इन 500 कारों में से प्रत्येक केवल कैंडी व्हाइट या ब्रिलियंट सिल्वर या टॉरनेडो रेड पेंट विकल्पों में होंगी, यह वयस्क और बच्चों के बैठने वालों के लिए पूरी तरह से क्रैश-टेस्टेड 5-स्टार-रेटेड कंपनी के कारों के बेड़े को और भी विस्तार देता है।ड्राइविंग गतिशीलता और सुरक्षा जैसे स्कोडा डीएनए के पारंपरिक गुणों को बरकरार रखते हुए प्लेटफॉर्म को भारत और चेक की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से कम रखरखाव लागत, उच्च स्थानीयकरण और सेवा और पुर्जों के लिए कम टर्नअराउंड समय पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकसित किया गया था। कार 95: तक स्थानीयकृत है और 4 साल या 100,000 किलोमीटर की मानक वारंटी और 8 साल या 150,000 किलोमीटर तक की वैकल्पिक वारंटी के साथ आती है, जिसमें ग्राहकों के स्वामित्व अनुभव को बढ़ाने और रखरखाव की कम लागत के लिए ढेर सारे रखरखाव और सेवा पैकेज शामिल हैं। कीमत मॉडल एक्स-शोरूम कीमत 1.5 टीएसआई डीएसजी स्लाविया स्टाइल एडीशन 19,13,400 रुपये है।

रेलवे स्टेशन पर पार्किंग के नाम पर हो रही वसूली, मंत्रालय ने दिए निर्देश

सुल्तानपुर। रेलवे स्टेशन के कार पार्किंग स्टैंड पर अवैध वसूली की जा रही है। ई-रिक्शा से टैक्स लेने का प्राविधान नहीं होने के बावजूद ठेकेदार का मुंशी सभी ई-रिक्शा चालकों से प्रति चक्कर 30 रुपए वसूल कर रहा। एक्स पर रेल मंत्रालय ने मामले का संज्ञान लेकर डीआरएम लखनऊ को जांचकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर पर कार पार्किंग का ठेका 29 जनवरी को गुजरात के सूरत की दाना इंटरप्राइजेज कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी के मालिक मोहम्मद तुफैल हकीक खान ने मुंशी को कार्य भार दे रखा है। आरोप है कि मुंशी अपने आदमियों से स्टेशन परिसर में आने वाले हर ई-रिक्शा से 30 रुपए की वसूली खुलेआम करा रहा है। रेलवे अधिकारियों की नाक के नीचे ये सब कुछ हो रहा है लेकिन अधिकारी कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। आपको बता दें कि कार पार्किंग के लिए हुए ठेके में स्पष्ट निर्देश है कि पार्किंग में आने वाली कार से दो घंटे के लिए 20 रुपए, 6 घंटे के लिए 30 रुपए, 12 घंटे के लिए 40 रुपए और 24 घंटे के लिए 60 रुपए लिया जाए। इसमें कही भी ई-रिक्शे से टैक्स रेलवे द्वारा नहीं लिया जा रहा। लेकिन मुंशी रेलवे के नियमों को ताक पर रखकर अवैध जबरन वसूली कर रहा। इस मामले में रेल मंत्रालय के निर्देश पर डीआरएम लखनऊ ने जांच कर कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट रेलवे अधिकारियों से तलब की है।

19 फरवरी को भव्य तरीके से होगा इन्वेस्टर्स समिट: डीएम

सोनभद्र। जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर में 19 फरवरी,2024 को इन्वेस्टर्स समिट का भव्य तरीके से आयोजन किया जायेगा, इन्वेस्टर्स समिट से पहले ही जनपद सोनभद्र को अब तक लगभग 1 लाख 21 करोड़ प्राप्त हो चुका है, जिसमें ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उन्होंने बताया कि 19 फरवरी,2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्च 4.0 का शुभारंभ लखनऊ में मा0 प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा प्रस्तावित है, मुख्यालय स्तर पर आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में जनपद के मा0 सांसदगण तथा मा0 विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण आदि प्रतिभाग करेंगें, उक्त कार्यक्रम में जनमानस भी भारी संख्या में उपस्थित रहेंगें, जनपद में आयोजित कार्यक्रम में 10 करोड़ से कम निवेश की लागत से कम के प्रस्ताव वाले इन्वेस्टर्स जनपद में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग करेंगें, इस कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जायेगा।

एडीओ सहकारिता व अहुगी कला में एडीओ एसटी ने सुनी समस्या

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत हलिया व अहुगी कला में शुक्रवार को पंचायत भवन परिसर में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर ब्लाक कर्मियों ने समस्यायों को निस्तारण करने का भरोसा दिया तथा ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यो का स्थलीय सत्यापन किया।ग्राम पंचायत हलिया के पंचायत भवन परिसर में एडीओ सहकारिता धर्मेंद्र निषाद ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुना जिसमें पेंशन, राशनकार्ड के मांग के लिए रजिस्टर में नाम ग्रामीणों ने दर्ज करया जिस पर अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया और ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यो का स्थलीय सत्यापन किया।इसी प्रकार ग्राम पंचायत अहुगी कला के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल एडीओ एसटी मनोहर लाल के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें आवास, शौचालय, पेंशन, राशनकार्ड आदि के मांग के लिए ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष रखा। इसके बाद अधिकारियों ने समस्यायों को सुनते हुए कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सत्यापन किया।इस दौरान सचिव कौशलेंद्र राय, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सर्राफसे बदमाशों ने लूटा लाखों का जेवर

जौनपुर। जिले की सुरेरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर भदखिन मार्ग के मोलनापुर गांव के समीप बाइक सवार तीन बदमाश भदखिन गांव स्थित ईट भट्ठे पर से दुकान बंद कर घर वापस जा रहे स्वर्ण व्यवसाय को तमंचे की बट से पिटाई कर घायल कर व आंख में मिर्ची पाउडर डालकर नगदी समेत लाखों रुपए की आभूषण लूट कर फरार हो गए। सूचना पर मडियाहू क्षेत्राधिकार थानाध्यक्ष को लेकर चारों तरफ घेराव किया लेकिन बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लगे सरेशाम लूट कांड होने से स्वर्ण व्यवसाईयों में दहशत है। रामपुर थाना क्षेत्र के गोपालापुर बाजार निवासी अनिल सेठ सुरेरी थाना क्षेत्र के भदखिन ईट भट्ठे पर अनिल ज्वेलर्स के नाम से दुकान खोल रखा है। गुरुवार की रात आभूषण व्यवसायी अनिल अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। वह जैसे ही सुल्तानपुर भदखिन मार्ग के मोलनापुर गांव के समीप पहुंचा था कि पीछे से एक बाईक पर सवार तीन असलहाधारी बदमाश व्यवसाई को ओवरटेक कर रोक लिया और लाखों का जेवर लूटफरार हो गये।

सरकार के खिलाफ किसानों, मजदूरों व महिलाओं ने भरी हुंकार

इटावा। मोदी सरकार की किसान-मजदूर विरोधी और कारपोरेट साम्प्रदायकपरस्त, दमनकारी व झूठ पर आधारित नीतियों के खिलाफ जनता में अंदर ही अंदर भारी आक्रोश है,आगामी लोकसभा चुनाव में इनके महिमा मण्डल को खण्डित करते हुए जनता सबक सिखायेगी। एसकेएम के नेता मुकुट सिंह ने कहा कि सभी फसलों के लिए लागत का डेढ गुना (स्वामीनाथन के अनुरूप) एमएसपी की गारंटी के वादे से मोदी सरकार मुकर गयी है। हरियाणा बोर्डर पर किसानो मजदूरों पर मोदी-खटटर सरकारें अंग्रेजो से भी बदतर दमन के तरीके अपना रही है। लेकिन दमन से किसान आंदोलन रूकने वाला नहीं है, जंगल में आग की तरह फैल रहा है।यही नही मोदी सरकार बिजली बिल वापसी,किसानो की कर्जा मुक्ति,मंहगाई,बेरोजगारी,भ्रष्टाचार रोकने,किसानो की आमदनी दोगुनी करने आदि जैसे वादो से भी मुकर गयी है।जनता का ध्यान असली मुददों से भटकाने के लिए साम्प्रदायकता के खेल को जनता जान गयी है। मुकुट सिंह ने आशा-रसोइयों और संगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए 26000 रू.माह वेतन,पुरानी पेंशन बहाली,उ.प्र. में 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री व किसानो को फ्री बिजली इटावा नगर पालिका और प्रशासन की सांठ-गांठ से आटो-ईरिक्शों पर अवैध तहबाजारी रद्द करने आदि मांगो को भी उठाया। हडताल और प्रदर्शन में सीटू के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य,आशा कर्मचारी यूनियन उ.प्र.की मंत्री संगीता कश्यप, किसान सभा के राज्य संयुक्त मंत्री संतोष शाक्य,बीकेयू (टिकैत) के जिलाध्यक्ष संजीव किसान,बीकेयू (अम्बाबता) के जिलाध्यक्ष रामविजय बाबा,आटो-ईरिक्शा के सत्येन्द्र प्रताप व सुधीर यादव यूपीएमसआरए के प्रांतीय नेता ज्वाय मुखर्जी,आशा यूनियन की जिलाध्यक्ष शकुंतला,रसोइया यूनियन की जिलामंत्री अनीता पोरवाल व उमा देवी,जय श्री, किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव आदि ने भी सम्बोधित किया। रेलवे स्टेशन से भारी हुजूम झण्डा बैनरो से सुसज्जित और गगनभेदी नारो के साथ शुरू हुआ पुलिस और प्रशासन की भारी घेराबंदी में जुलूस शहर में होता हुआ कचहरी पहुंचा जहां सभा में तब्दील हो गया।मा.राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघवने मंच पर आकर लिया।

किसानों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया प्रदर्शन

जौनपुर। संयुक्त किसान मोर्चे एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर आज केराकत रेलवे स्टेशन पर खेत मजदूर किसान संग्राम समिति, भारतीय किसान यूनियन, भगत सिंह छात्र नौजवान महासभा, भूमि अधिकार आन्दोलन, आई कैन के कार्यकर्ता संयुक्त रुप से केराकत रेलवे स्टेशन पर इकट्ठा होकर जुलूस के रूप में चलकर केराकत के मुख्य चौराहे पर पहुंच कर मानव श्रृंखला बनाकर किसानों के समर्थन में एकजुटता का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही किसान नेताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित 22 सूत्रीय मांगों को उपजिलाधिकारी को सौंपा ।आंदोलनकारियों ने किसान विरोधी, कृषि विरोधी कानून को वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, चार श्रम संहिताओं निश्चित अवधि केलिए रोजगार कानून को वापस लेने, बिजली बिल वापस लेने, शिक्षा विधेयक बिल 2020, बेरोजगारों को रोजगार, आसदि नारे बुलंद करते हुए अपनी मांग शासन प्रशासन एवं सरकार के सामने प्रदर्शनकारियों ने रखा। आंदोलनकारियों ने कहा कि अगर सरकार अपने वादा खिलाफी पर कायम रही और किसानों के विरुद्ध लाये गए कानूनों को वापस नहीं करती है, शिक्षा के निजीकरण को समाप्त नहीं करती है श्रमिक कोड बिल, ठेका कानून को वापस नहीं लेती है तो किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान प्रदेश और देश में व्यापक आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा ।

विद्यालय के पास लगा कूडों का अम्बार

जौनपुर। सरकार के द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान को नगर पंचायत कजगांव मुंह चिढ़ा रहा है । ज्ञात हो कि उक्त नगर पंचायत कार्यालय के ठीक बगल में स्थिति प्राथमिक विद्यालय के अगल-बगल कचरों का अम्बार लगा हुआ है जिसके चलते आस-पास पुरी तरह से नरकीय बना हुआ है जहां एक तरफ उक्त नगर पंचायत में सफाई करने के लिए दर्जनों से अधिक सफाई कर्मचारीयों की नियुक्ति कि गयी है वहीं दूसरी तरफ सफाई कर्मी के द्वारा साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कि जा रही है ऐसी स्थिति में देखा जाये तो सरकार के द्वारा चलाया जा रहा स्वछता अभियान उक्त नगर पंचायत में पुरी तरह से यहां विफल देखने को मिल रहा है देश के भविष्य कहे जाने वाले नौनिहाल जब विद्यालय पढ़ने आते हैं तो अगल-बगल लगी गन्दगी से विद्यालय के बच्चे भी परेशान रहते हैं सफाई न होने के कारण लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं तथा लोग डेंगू,मलेरिया आदि तमाम घातक बीमारियां होने का डर बना रहता है प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस प्रकार की समस्या के बारे में नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारियों को अवगत कराने के बावजूद भी साफ-सफाई नहीं कराया जा रहा है इस प्रकार के समस्या से प्रति नगर पंचायत अध्यक्ष सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी पुरी तरह से कुम्भकर्णी निन्द्रा में लीन नजर आ रहे हैं।

कहीं भी कूडा कचरा न दिखे: जिलाधिकारी

जौनपुर । जनपद में 16 फरवरी से 29 फरवरी तक वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा मतापुर मोहल्ले में सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी पवन कुमार को निर्देश दिया कि सडकों पर कहीं भी कूडा कचरा न दिखे, नियमित रूप से साफ-सफाई होनी चाहिए। 29 फरवरी तक सभी वार्डो में सफाई करा दिया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि खाली प्लाटों में, मुख्य मार्गो पर, सड़को के किनारे खुले में कूड़ा न दिखे। निरीक्षण के दौरान मतापुर में बने सार्वजनिक शौचालय बन्द पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उसे शीघ्र सक्रिय किया जाए। उन्होंने बताया है कि ग्रामीण क्षेत्रो में भी सफाई का कार्य आज से शुरू हो गया है, जिसका औचक निरीक्षण किया जाएगा। जनपद में स्वच्छ वातावरण का माहौल बनाना हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जनपदवासी स्वयं साफ-सफाई की आदत अपने दिनचर्या में लाए जिससे कि किसी भी प्रकार की संक्रामक बीमारी न फैले।

स्ट्रीट लाइट ग्रामीण इलाकों में बना परेशानी का सबब, चट्टी चौराहे पर अंधेरा

राजगढ़ (मिर्जापुर)। विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सरकार द्वारा चट्टी चौराहे सार्वजनिक स्थल पर स्थित लाइट लगवाने के लिए ग्राम पंचायत में लगाया गया लगाने के 2 से 3 महीने में ही स्ट्रीट लाइट खराब हो गई बदलवाने के लिए ग्राम प्रधान और ठेकेदार के पास समय नहीं है 6 महीने पहले लगाया गया स्ट्रीट लाइट खराब हो चुका है उसे आदमी के स्थान प्रमुख चौराहा मंदिर अंधेरे में गुजर रहे हैं जहां पर उजाला होना चाहिए था अंधेरे में होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत सुभाष सिंह ने किया लेकिन ग्राम पंचायत सेक्रेटरी दीपक त्रिपाठी ने बिना लाइट बदले ही उसको सही कर दिए दे दिया और लगभग सड़कों की संख्या में स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है अभी तक स्ट्रीट लाइट बदला नहीं गया है। ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सेक्रेटरी और ठेकेदार ने अभी तक स्ट्रीट लाइट बनवाने के लिए कुछ नहीं किया चारों तरफगांव में बिजली न होने पर अंधेरा छाया जाता है सरकार की योजनाएं सफल साबित हो रही है क्षेत्र के सतीश कुमार कृष्ण कुमार महेंद्र सिंह जगदीश सिंह पप्पू सिंह विनोद सिंह सुनील कुमार ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम प्रधान स्ट्रीट लाइट बनवाने में कोई रुचि नहीं दिख रहे हैं एक स्ट्रीट लाइट हजार की कीमत लगभग 5 हजार के आसपास है ठेकेदार ने घटिया क्वालिटी का स्टिकर लगाकर कोरम पूरा कर दिया जिले के आल्हा अधिकारी भी इस पर ध्यान भेज रहे हैं देखा जाए तो 83 ग्राम पंचायत में हजारों की संख्या में स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। खराब स्ट्रीट लाइट वाले गांव जिसमें धनसिरिया, जौगढ़, नुनौती, तेंदुआकला, रामपुर शक्तेशगढ, रैकरी,रैकरा, लगभग तीन दर्जन से ज्यादा गांव में स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है ग्रामीण पहाड़ी इलाकों में रहने वाले अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है उनकी समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है।

दवा प्रतिनियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

जौनपुर। यूपीएमएसआरए के आवाहन पर जिले के दवा प्रतिनिधियों ने अपनी 25 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्षन किया और षुक्रवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। अपनी मांगों के संदर्भ में प्रदेश के सभी दवा प्रतिनिधि आगामी 11 मार्च को लखनऊ में धरना करेंगे। दवा प्रतिनिधियों मांगों में श्रम संहिताओं को निरस्त करें और बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम, 1976 सहित मौजूद श्रम कानून को जारी रखने, सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की निश्चित अवधि रोजगार पर नियुक्त की अनुमति न देना तथा नियोक्ताओं द्वारा सहस्त्र प्रमोशन कर्मचारियों की कोई छटनी, स्थानांतरण आदि न करनाषामिल है। उन्हाने मांग किया कि सभी श्रेष्ठ प्रमोशन कर्मचारियों को समय पर वेतन का पूरा भुगतान सुनिश्चित करें।

इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से निगरानी, ट्रैकिंग और गोपनीयता में घुसपैठ को उत्तर प्रदेश में कार्यरत

सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को बोनस का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। 1 मई मजदूर दिवस को अवकाश घोषित करें। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री बंद करें । यह प्रथा ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के विपरीत है और इसके दुरुपयोग की आशंका है। ऑनलाइन फार्मेसी के माध्यम से तर्कहीन और गैर-आवश्यक दवाओं के प्रचार की संभावना सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा है। दवाओं की कीमतें कम करें और जीवन रक्षक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर शून्य जीएसटी सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य सेवा के लिए बजट आवंटन बढ़ाया जाए। राज्य ईकाई सचिव नीरज श्रीवास्तव, राजेश रावत, अजय चौरसिया, मनोज सिंह, आलोक सिंह, अमित रंजन श्रीवास्तव, अच्युत दुबे, अजय सिंह, सुनील चौधरी, आकाश सिंह, अनिल मिश्रा, प्रवीन मिश्रा, आदित्य सिंह उपस्थिति रहे।

छिनैती का विरोध करने पर काटा छात्र का गला

जौनपुर । जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नैनसंड गांव में स्थित पोखरे के पास बदमाशों ने छात्र का मोबाइल छीनने का प्रयास किया और गला रेत कर फरार हो गए। बताया गया है कि बरदह थाना क्षेत्र के ग्राम गोडहरा गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह का 19 वर्षी पुत्र हिमांशु सिंह बी फार्मा का छात्र है। वह साइकिल से घर लौट रहा था तभी पोखरे के पास घात लगाए बैठे नकाबपोश दो बाइक सवार बदमाशों ने उसे घेर लिया और जबरदस्ती उसका मोबाइल फोन छीनने लगे। छात्र ने इसका विरोध किया तो तमंचे की मुठिया से उसके सर पर वार कर दिया। इसी बीच छात्र ने अपना मोबाइल फोन पोखरे में फेंक दिया। तभी बदमाशों ने चाकू निकालकर उसका गला बुरी तरह से रेत कर फरार हो गएं। छात्र को खून से लतपथ अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने उसकी खराब हालत देखकर भर्ती कर लिया है।

घायल सामंर की हुई मौत पशु चिकित्सक ने किया पोस्टमार्टम

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज वन रेंज के डिभोर जंगल में सुरक्षा खाई में गिरकर गंभीर रूप से घायल साभंर कि शुक्रवार को वन रेंज कार्यालय में मौत हो गई जिस पर वन विभाग की सूचना पर मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक डॉ कमलेश कुमार कि टीम ने मृत सांभर का पोस्टमार्टम किया है। बताते चलें कि बीते रविवार की शाम वन रेंज के डिभोर जंगल में वन विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से खोदी गई करीब पांच फीट के गहरी सुरक्षा खाई में एक सांभर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था मौके पर पंहुची वन विभाग की टीम ने घायल साभंर का उपचार पशु चिकित्सक से करा रही थी लेकिन सांभर के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं होने पर सांभर को रेंज कार्यालय ड्रमंडगंज परिसर में लाकर वन रक्षक अनादी नाथ तिवारी के देखरेख में घायल सांभर का उपचार कराया जा रहा था लेकिन सांभर सुरक्षा खाई में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया था।

दुष्कर्म के दोषी रामसेवक को 10 वर्ष की कैद

सोनभद्र। नौ वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी रामसेवक कोल को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 24 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने चोपन थाने में 8 जनवरी 2016 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 27 जनवरी 2015 को दोपहर बाद तीन बजे उसकी साढ़े 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को रामसेवक कोल पुत्र रामनरेश कोल निवासी पटवध, थाना चोपन, जिला सोनभद्र बहला फुसलाकर अपहरण कर भगा ले गया। बेटी की हर संभावित जगहों पर काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रामसेवक कोल को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 24 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

मौला अब्बास की पैदाइश पर हुई महफ़िल

- रब कहता है हुसैनी फ़ौज का सरदार है, ये अली के कारखाने की बनी तलवार है...
- वफ़ा पढ़े जिसका कलमा उसे अब्बास कहते हैं...

इटावा। कर्बला में वफादारी की मिसाल पेश करने वाले मौला अब्बास की पैदाइश की खुशी में दरगाह हज़रत अब्बास महेरे पर अली अब्बास सलमान और इमामबाड़ा घटिया अज़मत अली पर सैयद अली साबिर की ओर से महफ़िल का आयोजन किया गया जिसमे राहत हुसैन रिज़वी की ओर से अलम की ज़ियारत बरामद की गई। महफ़िल में कलाम पेश करते हुए सलीम रज़ा ने कहा जहरा के लाडलों के अलावा किसी ने और, दरिया को प्यास प्यास को दरिया नही किया।तसलीम रज़ा ने कहा दीन की सदाक़त भी खत्म हो गई होती, जिंदगी बाकी है कर्बला के सदके में।तनवीर हसन ने कहा रब कहता है हुसैनी फ़ौज का सरदार है, ये अली के कारखाने की बनी तलवार है।नदीम अहमद एडवोकेट ने कहा ये पासे वफादारी था हैदर के खून का, अब्बास ने हुसैन को तन्हा नहीं छोड़ा। अख्तर अब्बास मोंटू ने कहा ये पहला वाक्या ही नही आखिरी भी है, दरिया को एक प्यासे ने पानी पिला दिया। अली अब्बास सलमान ने कहा उम्र भर जिसने खुदा से नहीं मांगा कुछ भी, उसने अब्बास के आने की दुआ मांगी है। सफीर हैदर ने कहा जो है शब्बीर की कुव्वत अली को नाज है जिसपर, वफ़ा पढ़े जिसका कलमा उसे अब्बास कहते हैं। आसिफ रिज़वी अश्शू ने कहा पानी की बात क्या है उठा लाएगा फुरात, मिल जाये जरी को अगर इजाजत हुसैन की। महफ़िल की अध्यक्षता करते हुए मौलाना अनवार

संक्षिप्त समाचार

ग्राम पंचायत एकडेंगवा में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। विकास खंड लोटन अंतर्गत ग्राम पंचायत एकडेंगवा में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें मौजूद ब्लॉक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उनके त्वरित निस्तारण आदि के बारे में बताया। ग्राम पंचायत अधिकारी ईश्वर देव ने मौजूद लोगों को सरकार की तरफ से संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान ग्राम प्रधान पावित्री देवी,पंकज वर्मा, राधेश्याम , अजय, रामदास, रामकुमार, हरिराम, भुलई, किरन चौरसिया, चंद्रकली, कुसुम, बसंती,बिमला,रीना लालजी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

25 फरवरी से लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी भाजपा

मुसाफिरखाना। आगामी 25 फरवरी से भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी सम्पर्क का अभियान चलाकर हर लाभार्थी को मोदी का पत्रक बाटेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के आवास पर आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए राजीव शुक्ल ने एक मोबाइल नम्बर का जिक्र करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क कर उक्त नम्बर पर मिस्ड कॉल करवा कर पीएम मोदी का पत्रक देना है। लाभार्थियों के साथ तस्वीर भी एक एप पर अपलोड करना होगा। जिला मंत्री प्रभात शुक्ल ने बताया कि यह अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य चलाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने कार्यशाला में आए लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 1 मार्च से 3 मार्च के मध्य एक विशेष अभियान चलाकर हर लाभार्थी परिवार तक पहुंचना है। कार्यशाला में गौरीगंज के विधानसभा विस्तारक धीरज शुक्ल, सुरेश तिवारी, हरिशंकर दुबे,श्री राम कौशल, राधेश्याम शुक्ल, राकेश शुक्ल, मूर्ता भरद्वाज, आशा,वंदना, नीलम, अंजू सहित तमाम लोग रहे।

बोर्ड परीक्षा, डीएम ने की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

लखीमपुर -खीरी,(स्पष्ट आवाज)। जनपद में बोर्ड परीक्षा 2024 को शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम जिला मुख्यालय पर गुरुनानक इंटर कॉलेज सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के बैठने, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व शौचालय का इंतजाम करा लिया जाए। जिला प्रशासन बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन आयोजित कराने के लिए कटिबद्ध है। किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।डीएम के साथ ही एसपी गणेश कुमार साहा ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम व सीओ संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लें। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्भीक होकर अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें। यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कीजिए। बैठक के दौरान डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए जनपद में कुल 137 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से 09 मार्च तक दो पालियों में सम्पन्न होगी।

छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

❍स्वामी विवेकानन्द पब्लिक कोचिंग सेंटर बरगदवाँ जिगनिहवाँ के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

गोल्हौरा सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। बाँसी तहसील क्षेत्र में स्थित कोचिंग सेंटर में समारोह आयोजित कर 10वी व 12वी के छात्र-छात्राओ को भावभीनी विदाई दी गई। कोचिंग सेंटर के संचालक ने छात्र- छात्राओं की विदाई को मार्मिक संवेदनाओं का महोत्सव करार दिया। शैक्षिक परिवेश का परिवर्तन छात्र छात्राओं के जीवन पथ का मार्ग प्रशस्त करेगा। कोचिंग सेंटर से हासिल संस्कार सदैव छात्र छात्राओं के जीवन को पल्लवित और पुष्पित करते रहेंगे। कोचिंग सेंटर के संचालक दीनानाथ श्रीवास्तव ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। परिवर्तन को सहजतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए। सकारात्मक रहकर राष्ट्र के मूल्यों को आत्मसात करने की हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि अनुशासित और संस्कारित रहने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य सदैव उज्वल रहता है।इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। और इस कोचिंग सेंटर का लक्ष्य अधिक से अधिक गरीब एवं असहाय बच्चों को शिक्षित कर आगे बढ़ाना है। प्रबंधन द्वारा छात्र छात्राओं को पठन पाठन सामग्री वितरित की गई।इस मौके पर क्षेत्र के सम्मानित जितेंद्र कुमार मिश्र,विजय बहादुर मिश्र, रविन्द्र नाथ त्रिपाठी, कृष्ण देव त्रिपाठी व अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा आज, तैयारियां पूरी

लखीमपुर -खीरी। (स्पष्ट आवाज) उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती के पदों पर दिनांक 17.02.2024 व 18.02.2024 को दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत आज दिनांक 16.02.2024 को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाइन खीरी में परीक्षा ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान परीक्षा को सकुशल, शांति व निष्पक्ष रुप से सम्पन्न कराने हेतु समस्त पुलिसकर्मियों को चुस्त व मुस्तैद रहकर अपने कर्तव्यों एवं दायित्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देश दिए गए। ड्यूटी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल न करने, प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखने तथा किसी भी प्रकार की अनैतिक व संदिग्ध गतिविधि के संबंध में तत्त्काल उच्चाधिकारीगण को सूचित करने आदि के संबंध में निर्देशित किया गया गया।

मतदाताओं को ईवीएम से वोट कैसे करें के बारे में किया जागरूक

❍मजबूत लोकतंत्र के लिये सबका मतदान करना जरूरी

प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) त्रिभुवन विश्वकर्मा एवं उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह के निर्देशन में सराय बहेलिया, रामपुर गौरी, गोपालापुर, सहोदरपुर, भुलियापुर, दहिलामऊ, संत एन्थोनी इण्टर कालेज में ईवीएम वैन के माध्यम से आम मतदाताओं को ईवीएम मशीन से वोट कैसे करें के बारे में जानकारी सुपरवाइजर धर्मेन्द्र ओझा द्वारा दी गयी। धर्मेन्द्र ने ईवीएम मशीन से किस तरह वोट करें उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होने ईवीएम मशीन से किस तरह वोट करें उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होने कहा कि कन्ट्रोल यूनिट से ओके करने के बाद आप वैलेट यूनिट पर बटन दबाकर वोट दे सकते है जब आप वोट कर देगें उसके पश्चात् लाल बत्ती जलेगी और बीप की आवाज आयेगी जिस प्रत्याशी को आपने वोट दिया है उस चुनाव चिन्ह पर वोट पड़ गया है कि नहीं उसे आप वीवीपैट मशीन में देख भी सकते है। 7 सेकेण्ड तक वीवीपैट मशीन पर पर्ची दिखती है, आप पर्ची को देखकर सन्तुष्ट होले कि आपने जिसको वोट दिया उसी को वोट पड़ा की नही। 18 वर्ष के मतदाता ईवीएम मशीन से अपने पसंदीदा चुनाव चिन्ह पर वोट दिया और वीपी पैट मशीन में उसी चुनाव चिन्ह की पर्ची देखकर अति उत्साहित नजर आये और प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि अब हम लोग आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगें। फादर आनन्द कुमार जान ने ईवीएम मशीन पर मताधिकार का प्रयोग कर अति उत्साहित नजर आये। सुपरवाइजर धर्मेन्द्र ओझा ने सभी नवयुवा मतदाताओं से अपील की कि वोट के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी वोट डालने के लिये प्रेरित करें, मजबूत लोकतंत्र के लिये सबका मतदान करना जरूरी है।

मिले स्मार्टफोन तो खिले बच्चों के चेहरे

सिद्धार्थनगर उसका बाजार (स्पष्ट आवाज)। डीजीशक्ति योजना के अंतर्गत कस्बे में स्थित अमृतलाल महाविद्यालय में स्मार्टफोन के वितरण का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल द्वारा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में 277 स्मार्ट फोन जिसमें 78 स्मार्टफोन राजर्षी टंडन के बच्चों को भी दिया गया। जिसमें उन्होंने अपने वक्तव्य में मौजूदा सरकार की बहुत सारी योजनाओं को छात्रों को बताया तथा तथा साथ ही बच्चों को स्मार्टफोन का सकारात्मक प्रयोग करने का सूत्र दिया कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री वेद प्रकाश पांडे द्वारा किया गया उन्होंने बच्चों को स्मार्टफोन मिलने के साथ ही पूरे मनो योग से बच्चों का हौसला बढ़ाने संबंधी सारी बातें बताया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक संकटा लाल श्रीवास्तव सहित नोडल अधिकारी जितेंद्र नाथ मिश्र सहित दयाशंकर चौरसिया विवेक कुमार श्रीमती प्रीतिमा मिश्रा अंकिता दुबे संदीप श्रीवास्तव इंद्र केश उपस्थित रहे।

19 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन तुलसीसदन में

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने बताया है कि उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 के सफल आयोजन के उपरान्त जनपद स्तर पर ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 आयोजन तुलसीसदन (हादीहाल) में 19 को किया जायेगा। इसी क्रम में 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का लखनऊ में प्रधानमंत्री के कर कमलों से प्रस्तावित है। लखनऊ में हो रहे ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के उद्घाटन एवं समापन समारोह का सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर तुलसीसदन सभागार में किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र में स्थित तहसील/ब्लाक मुख्यालय अथवा अन्य उचित स्थल पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी।

नगर पंचायत के वार्डों में लगी हाईमास्ट लाइटें खराब

❍नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा कोई ध्यान

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। नगर पंचायत डुमरियागंज के विभिन्न वार्डों में लगी हाईमास्ट लाइटें खराब पड़ी हैं। जिससे लोगों को अंधेरे में जीवन बसर करना पड़ रहा है। परन्तु सब कुछ जानते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नगर पंचायत डुमरियागंज द्वारा वार्ड के लोगों के लिए रात्रि में पथ-प्रकाश हेतु हाईमास्ट लाइट की सुविधा प्रदान की गई है। जिसे लगे हुए कई वर्ष हो गए लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि पिछले कई माह से विभिन्न वार्डों की हाईमास्ट लाइट खराब पड़ी है। जिससे शाम ढलते ही पूरा वार्ड क्षेत्र घुप अंधेरे में तब्दील हो जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने के दौरान होती है। ऐसा नहीं कि खराब हाईमास्ट लाइट की जानकारी स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन को नहीं है।

वार्ड के लोगों द्वारा मौखिक रूप से पूरे मामले की जानकारी प्रशासन को दी गई है। परन्तु प्रशासन द्वारा खराब हाईमास्ट लाइट की मरम्मत नहीं कराई जा रही है और न ही वार्ड की जनता को अंधेरे से निजात मिल रही है।

वार्ड वासियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा घटिया स्तर का हाई मास्ट लाइट लगाया गया था। जिसके कारण हाईमास्ट खराब हो गये। जिससे वार्ड में अंधेरा परेशानी का सबब बना है। हाईमास्ट लाइटों के ठीक नहीं होने से प्रमुख जगहों पर अंधेरे का साम्राज्य है। लाइट खराब होने से शाम ढलते ही शरारती तत्वों का जमावड़ा उक्त अंधेरे स्थान पर हो जाता है। इस कारण सभ्य/शरीफ लोगों का राह चलना दूभर हो रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

डीएम व एसपी ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

अमेठी। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम निशा अन्नत व एसपी डा इलामारन जी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए कस्बा क्षेत्र में राजीव गांधी पॉलिटेक्निक और मंगलम महिला महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दोनों केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को कुल चार पालियों में परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को परीक्षा केंद्र का जायजा लेने एसपी डॉ इलामारन जी के साथ डीएम निशा अनंत मुसाफिरखाना पहुंची। डीएम ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा के सम्बंध में केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए केंद्र व्यवस्थापक व अन्य मातहत अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। परीक्षा केंद्र का जायजा लेने के बाद डीएम कोतवाली मुसाफिरखाना पहुंची जहां इन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मेस, शस्त्रागार एवं अभिलेखों के रखरखाव आदि का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

तैयारियां पूरी, पुलिस भर्ती परीक्षा आज

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उक्त परीक्षा के लिए पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा से पहले यहाँ एक बैठक का आयोजन कर नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने पर बल दिया गया। परीक्षा के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति का परीक्षा केंद्र व कक्ष में प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। इस बारे में केंद्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य चिंताराम चौधरी ने बताया कि उनके परीक्षा केंद्र पर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 40 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। जिसमें 20 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं। पुलिस भर्ती परीक्षा 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी 8 बजे से लेकर 9ः30 बजे तक ही प्रवेश कर सकते हैं।

तीन दर्जन प्रधानों ने थामा भाजपा का दामन

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। विधान क्षेत्र के शोहरतगढ कस्बे मे ब्रहस्पतिवार को विधान सभा मिलन समारोह आयोजित विधान सभा के संयोजक पवन मिश्र के अध्यक्षता मे किया गया, जिसमे प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डा.पवन मिश्र के अगुवाई मे काफी संख्या मे प्रधान भाजपा मे शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री व जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा ने पार्टी मे शामिल हुए सभी प्रधानो से कहा कि आप सभी लोग अब भाजपा के परिवार है।अपने परिवार के आदर्शो पर चलते हुए अपने अपने गांव मे कार्य करने की जरूरत है,जिससे पार्टी व पार्टी के मुखिया को उच्चतम स्थान प्राप्त हो सके।प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डा.पवन ने कहा कि हमारे सभी प्रधान साथी सक्रिय प्रतिनिधि है इनके मेहनत से बूथ पर भारी मत मिलेगे।इस बार निश्चित ही भाजपा 400 सीटो को पार करेगी। इस दौरान विधान सभा प्रभारी शिवनाथ चौधरी, विधान सभा संयोजक पवन मिश्र, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष डा.पवन मिश्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ई0 अमित कुमार यादव, विधान सभा विस्तारक सुमित पटेल, मंडल प्रभारी चिल्हिया अर्चिष्मान, रविन्द्र कुमार वर्मा, मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा, रमेश मणि त्रिपाठी, संपूर्णानन्द पाण्डेय ,प्रधान सुनील कुमार सिंह, अजय चौहान, बिन्ध्याचल गिरी, पिन्टू पटेल, विनोद शर्मा,प्रधान रामू सहानी, शिवलाल, अजय मिश्र,के साथ काफी लोग मौजूद रहे।

पटटी में 20 को सम्पूर्ण समाधान दिवस

प्रतापगढ़। शासन के निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा व ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के दृष्टिगत 17 को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है जिसके क्रम में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिनांक 20 फरवरी (मंगलवार) को तहसील पटटी में, अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में तथा मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

अमेठी। जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को नागेंद्र सिंह, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1, गौरीगंज, अमेठी मय हमराह अमित कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, प्रीती पाल सभी प्रधान आबकारी सिपाही/आबकारी सिपाही मय संविदा वाहन ग्राम नौरंगाबाद एवं ग्राम मठिया, थाना जामो में दबिश देकर करीब 120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 03 मुकदमें पंजीकृत किये गये साथ ही गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया। किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण, संचय अथवा बिक्री की सूचना टोल फ्री, हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गयी।

बीएसए ने मोहम्मदी के परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

❍एक निलंबित अन्य स्टाफ का रोका गया वेतन, टेबलेट का प्रयोग न करना, पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन न करना और छात्र उपस्थित कम मिलने पर हुई कार्रवाई

मोहम्मदी- खीरी,(स्पष्ट आवाज)। मोहम्मदी क्षेत्र में निरीक्षण में बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि महानिदेशक,स्कूल शिक्षा समस्त परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्यान्ह भोजन पंजिका का डिजिटल रूप ही मान्य होगा।परन्तु अभी ज्यादातर विद्यालयों में टेबलेट का प्रयोग नहीं हो रहा है।और न ही उपस्थित पंजिका और एमडीएम पंजिका का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है।इस कारण इन विद्यालयों में कार्यवाही की गयी।

इन विद्यालयों का किया गया निरीक्षण: बीएसए खीरी प्रवीण कुमार तिवारी ने मोहम्मदी विकास क्षेत्र के संविलियन विद्यालय शिवनगरा और संविलियन विद्यालय दिलावरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षित किसी भी विद्यालय में टैबलेट का प्रयोग नहीं किया जा रहा है,न ही विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई टैबलेट पर पँजिकाओं का डिजिटाइजेशन नहीं किया जा रहा है। टेबलेट का प्रयोग न करना, पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन न करना और छात्र उपस्थित कम मिलने पर हुई कारवाही।संविलियन विद्यालय शिवनगरा में 186 छात्र- छात्रा नामांकन के सापेक्ष मात्र 33 छात्र छात्रा उपस्थित मिले।साथ ही विद्यालयों में टैबलेट पर कार्य न करने, पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन न करने के कारण, एक शिक्षिका मातृत्व अवकाश पर होने के कारण उन्हें छोड़कर समस्त स्टाफ का वेतन अवरुद्ध किया गया।संविलियन विद्यालय दिलावरपुर में एमडीएम पंजिका न भरने, निपुण लक्ष्य में प्रगति न होने, एमडीएम गुणवत्तापूर्ण ना होने, विद्यालय का भौतिक वातावरण स्वच्छ ना होने के कारण विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया और शेष स्टाफ का वेतन अवरुद्ध किया गया।बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने मोहम्मदी विकास क्षेत्र के विद्यालयों की खराब दशा देखकर उन्होंने कड़ाई से स्टाफ और खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही निर्देशित किया है कि प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी अपने विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों को महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्यान्ह भोजन पंजिका का डिजिटल रूप ही मान्य होगा का शत प्रतिशत पालन कराएं साथ ही दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत प्रतिमाह निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

भारतीय मजदूर संघ के जिला कोषाध्यक्ष ने रामलीला का किया शुभारंभ

सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। उसका बाजार गुरुवार को देर शाम उसका नौगढ़ मार्ग के किनारे स्थित प्राचीन शिवमंदिर भिटिया के प्रांगण में 9 दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि हरिशंकर सिंह

जिला कोषाध्यक्ष,भारतीय मजदूर संघ जनपद सिद्धार्थनगर ने प्रभु श्रीराम एवं माता सीता को आरती दिखाकर रामलीला का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में हरिशंकर सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम हम सभी के आदर्श है। राम सबके है राम सबमें है। हमारे देश भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन आदिकाल से होता चला आ रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन समस्त मानव जाति को जीवन जीने की प्रेरणा देता है। रामलीला आयोजन के लिए समाजसेविका एवं जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच सिद्धार्थनगर पंडित वंदना चौबे की सराहना किया। रामलीला आयोजक पंडित वंदना चौबे ने बताया कि नौ दिवसीय भव्य रामलीला महोत्सव 14 फरवरी से 23 फरवरी तक भिटिया शिवमन्दिर के प्रांगण में शाम 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक होगा। इस अवसर पर रामबचन सिंह पहलवान सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी प्रतिभा को निखारना है आसानः क्रीड़ा अधिकारी

प्रतापगढ़। राज एंग्लो वेदिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ्आर. के मिश्रा व जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ आयोजित विविध खेल प्रतियोगितायें में सहभागिता निभाई। विद्यालय के प्रबंधक राजेश पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरके मिश्रा ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने कहा परिवारों के बढ़ने के साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस मौके पर खो-खो, लंबी कूद, कबड्डी, दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने सहभागिता निभाई।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती माधुरी पाण्डेय एवं प्रबंधक राजेश पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया।इस मौके पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने वाले को मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं में गीता सिंह, शिवशक्ति शुक्ल,अनूप ओझा,राधा पटेल,आकांक्षा सिंह,साक्षी श्रीवास्तव,आयुषी पांडेय एवं अभिभावक दुर्गेश शुक्ला,डॉ अवंतिका पांडेय,भाजपा नेत्री सारिका श्रीवास्तव, सबिता,मीना मिश्रा,विश्वम पाण्डेय,मधु पाण्डेय, पूर्व रणजी खिलाड़ी आदित्य शुक्ल, दुर्गेश, अखिलेश मिश्रा,सोनी गौर, पार्वती गौर आदि मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर माधुरी पांडेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

रोजगार मेले में नियोक्ता कंपनियों द्वारा 87 प्रशिक्षणार्थियों का चयन

❍प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया

प्रतापगढ़। उप्र कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं जनपद के अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार/स्वरोजगार में नियोजित कराने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के अन्तर्गत उप्र कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में डीएम संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निर्देशानुसार विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला अजब नारायण निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शेखूपुर गौरा में आयोजित किया गया। वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिनव शुक्ला द्वारा किया गया। रोजगार मेला में उप्र कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं जनपद के लगभग 162 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 141 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया तथा नियोक्ता कम्पनी टाटा मोटर्स, ब्राइट फ्यूचर, कॉसमॉस ग्रुप, वेस्टर्न सुपरकॉम लिमिटेड द्वारा लगभग 87 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करते हुये उन्हें रोजगार/स्वरोजगार के नये अवसर मुहैया कराया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिये संकल्पित है।

इस योजना के माध्यम से समाज के अल्प शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को मुख्य धारा से जोड़ने तथा अपनी आजीविका अर्जन हेतु सक्षम बनाये जाने की दृष्टि से विभिन्न ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार उपलब्ध करा रही है तथा रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिहार अभिषेक पटेल ने बताया कि यह योजना युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। प

किसान महासभा व मजदूर संगठन ने पीएम को भेजा ज्ञापन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के मजदूर संगठनों व संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 16 फरवरी को आयोजित भारत बन्द के समर्थन में तहसील में प्रदर्शन कर देश के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

संयुक्त किसान महासभा देश के टेउ्ड यूनियन महासंघों द्वारा 16 फरवरी को देश भर में आयोजित मजदूरों की हड़ताल एवं ग्रामीण बन्द के अवसर पर हमसभी दिल्ली की ओर बढ़ रहे है किसानों पर हरियाणा सरकार द्वारा की जा रही दण्डात्मक कार्यवाहीयों की निन्दा करते है तथा किसानों से किये वायदों के अनुसार एमएसपी गारन्टी कानून बनाया जाये किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुये उनके समस्त कर्जे माफ किये जाये मजदूर विरोधी चार श्रम कोड रद्द किया जाये तथा सार्वजनिक उपकरणों उद्योगों की विक्री पर रोक लगायी जाये पुरानी पेंशन बहाल की जाये मनरेगा में 200 दिन काम व 600रू0 प्रति दिन मजदूरी दी जाये बिजली संशोधन विधेयक 2022 को बापस लिया जाये स्मार्ट मीटर हटाये जाये पूरे प्रदेश में लखीमपुर किसानों को 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाये लखीमपुर खीरी उ0प्र0 में किसान नरसंहारके जिम्मेदार केन्द्रीय ग्रह राज्यमंत्री को मंत्रीमंडल से बर्खास्त कर मुकदमा चलाया जाये सभी गरीबों को आवास दिये जाये पात्रों की पेंशन बनायी जाये आशा आंगनबाड़ी रसोइया आदि सभी स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाये तथा 21 हजार मानदेय दिया जाये। पीलीभीत जिले के अन्दर उपनिवेशन योजना व पुर्नवास योजनाओं के तहत वसाये गये लोगों को जमीन का मालीकाना हक दिया जाये ग्राम चंदिया हजारा के कटान पीड़ितों को नदी से कटी जमीन के बदले जमीन दी जाये व वर्वाद फसलों का मुआवजा दिया जाये ज्ञापन में कहा कि उक्त मांगो को तत्काल पूरा किया जाये ज्ञापन पर देवाशीष राय अफरोज आलम देवी दयाल सईद खां आदि के हस्ताक्षर थे तथा भारी संख्या में लोग रहे।

ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन ने बारह सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

मुरादाबाद। ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ने केंद्र व राज्य सरकारों की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ कलेक्टेट पर विषाल प्रदर्षन किया और एक ज्ञापन डीएम के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को भेजा। बताते चले कि षुक्रवार की सुबह ऑल इण्डिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी इकठ्ठा होकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं द्वारा श्रम कानून में मालिक परस्त बदलाव रद्द करने मजदूर विरोधी चार लेबर कोड वापस लेने श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 26000 रुपए प्रति महीना निर्धारित करने सहित एक दर्जन से अधिक मांगों को उजागर किया और जमकर नारेबाजी करते हुये प्रदर्षन किया। प्रदर्षन करने वाले कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर जल्द ही सरकार द्वारा उनकी मांगो को पूरा नहीं किया गया तो यूनियन आन्दोलन को बाध्य होगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा परेड सलामी के पश्चात परेड में सम्मिलित अधिकारीध्कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया गया, जिसके पश्चात पुलिसकर्मियों का फिटनेस परीक्षण रिजर्व पुलिस लाइन्स ग्राउन्ड में लिया गया। इसके पश्चात पीआरवी वाहनों, थाना मोबाईल, जीप, लैपर्ड आदि को वाहन में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों आदि सहित चेक किया गया तत्पश्चात क्वार्टर गार्द सलामी के पश्चात क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इसके पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स का भ्रमण करते हुए मेस, जिम्नेजियम, बैरक इत्यादि की साफ-सफाई को देखा गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात आदेश कक्ष में विभिन्न गार्द कमांडरों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा निर्माणाधीन भवनों व चल रहे कार्यो व कार्यालयों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

संक्षिप्त आवाज़

पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या, गांव में पुलिस तैनात

मुरादाबाद। मैनाठेर के रसूलपुर गोसर में खेत की मेड़ को लेकर जमकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में बहस के बाद फायरिंग हो गई। इस बीच गोली लगने से पूर्व प्रधान राजवीर सिंह (60) की जान चली गई। गांव में तनाव के बाद पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। बताते चले कि षुक्रवार की सुबह खेत की मेड़ को लेकर गांव में विवाद हो गया था। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों में बहस के बाद मारपीट हो गई थी। इस बीच गोली चलने से पूर्व प्रधान राजवीर को मौत हो गई। इससे हंगामा मच गया। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम पर पहुंची। एसपी ग्रामीण ने बताया कि गोली मारने वाले युवक की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों से जानकारी ली जा रही है। हालांकि परिजनो ने किसी भी प्रकार की रंजिष या विवाद से अभी तक इंकार किया है पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच पड़ताल षुरू कर दी गई है।

आक्रोशित आशाओं ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आवाहन पर पूरनपुर क्षेत्र की आशा महिलाओं ने हड़ताल पर रहकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।शुक्रवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पूरनपुर क्षेत्र में काम करने वाली आशा वर्कर संगठन के राष्ट्रीय आवाहन पर प्रातः से ही हड़ताल पर चली गई और उन्होंने अपना कामकाज नहीं किया। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर शासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। महिलाएं बाद में चिकित्सालय परिसर में ही धरने पर बैठ गई। आरोप लगाया कि आशा वर्कर लंबे समय से उचित मानदेय दिए जाने सहित अपनी कई समस्याओं का निस्तारण करने की मांग कर रही है। परंतु समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मांग को पूरा करने के लिए ही शासन के खिलाफ आंदोलन छेड़ा गया है। धरने पर बैठने वाली आशा वर्कर में ब्लाक अध्यक्ष इदरीशन,माया शर्मा,गायत्री शर्मा,मुन्नी,गुंजन शुक्ला,कुसुम,कमर जंहा,सुशील देवी सहित कई महिलाएं शामिल रही।

वाइक की टक्कर से महिला घायल उपचार के दौरान हुई मौत

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। दुकान से वापस घर लौट रही महिला को बाइक सवार ने ब्लाक रोड पर टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका निवासी विटोली देवी(60) गुरुबार की शाम पडोसी की दुकान पर सामान खरीदने गई थी। कुछ देर बाद महिला सामान खरीदकर वापस अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान नगर के ब्लाक रोड पर पहुंचते ही तेज रफ्तार से आ रहे वाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जंहा से हालत गंभीर होने पर उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जंहा रात्रि के दौरान महिला ने दम तोड दिया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गई। रोते विखलते परिजन मौके पर पहुंचे,हादसे को लेकर खलवली मच गई। दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की तहरीर परिजनों ने कोतवाली पुलिस को दी। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मामले की तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। वाहन चालक के वारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

16 परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं जारी

मुरादाबाद। शुक्रवार सुबह महानगर के परीक्षा केन्द्रो पर सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं का फिजिकल का पेपर कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच सम्पन्न हुआ पेपर छुटते ही सड़को पर कुछ देर के लिये जाम की स्थिति पैदा हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया तो लोगो ने राहत की सांस ली। बताते चले कि षुक्रवार की सुबह महानगर के 16 परीक्षा केन्दो पर सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं का आगाज किया गया। सुबह से ही परीक्षा केन्द्रो के बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे। वहीं परीक्षा देने आये विद्यार्थियो की चैकिंग करने के बाद ही उन्हे परीक्षा केन्द्रो में प्रवेष दिया गया। जबकि पीएमएस पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने के बाद विद्यार्थियों ने कहा आज का पेपर अच्छा हुआ आगे के सभी पेरो की तैयारी है पूरी परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी गई।

जननायक के बतौर उभरे हैं पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र

चित्रकूट। बुन्देलखण्ड महोत्सव दौरान बम ब्लास्ट से चार छात्रों की दर्दनाक मृत्यु के मामले में सत्ता पक्ष के किसी नेता ने शोक संवेदना जताने की जरूरत नहीं समझी। विपक्ष के भी लोगों ने संवेदना जताने में कोई रुचि नहीं ली। सत्ता पक्ष के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र अवश्य जननायक के बतौर उभरकर सामने आये हैं। शुक्रवार को बम विस्फोट से चार छात्रों की मौत के दो दिन बाद भी सत्ता पक्ष के सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व सत्ता पक्ष के जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी आदि के शोक संवेदना के दो शब्द भी मुंह से नहीं फूटे। ये सत्ता पक्ष की असंवेदनशीलता ही कही जायेगी। जिला मुख्यालय में चार बच्चों की दर्दनाक मौत के मामले में संवेदनहीनता ने आम जनता को चौंका दिया है। लोगों ने कहा कि जिस तरह से इन नेताओं ने संवेदनहीनता दिखाई है, उससे आगामी लोकसभा चुनाव में किस मुंह से जनता के सामने जायेंगे।

संविधान ने दिया हमें वोट देने का अधिकार: मनोज कुमार

बिजनौर (स्पष्ट आवाज) विधानसभा नहटौर क्षेत्र के ग्राम कूकड़ा बिलाई में संविधान विचार गोष्ठी बैठक में पहुँचे पूर्व जज मनोज कुमार ने बाबा भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतो पर चलने का आहवान किया।उन्होंने कहा कि जातियों में बंट कर रहने से कुछ हासिल नही होगा।एक होकर अपने हक के लिए लड़ो तथा वर्तमान की स्थिति देख कर वोट करो , सुनहरे कल का आज ही निर्माण करो। नगीना लोकसभा क्षेत्र की नहटौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कूकड़ा विलाई में संविधान जागरूकता विचार गोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार पहुंचे । कार्यक्रम में पहुंचने पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फूल मालाएं डालकर उनका स्वागत किया गया ।अपने संबोधन में पूर्व जज मनोज कुमार ने कहां कि हम सभी लोगों को संविधान से सुविधा मिली है ना कि नुकसान हुआ है, इसलिए हमेशा हम सभी का संविधान की रक्षा करना पहला कर्तव्य बनता है ।हम सबको बाबा भीमराव अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर चलना है । बाबा साहब ने कभी जाति नहीं बनाई है उन्होंने सभी समाज को साथ लेकर चले आगे बढ़ने पर जोर दिया, इसलिए हम लोगों को जातियों में नहीं बंटना है। उन्होंने कहां कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाओं अपने बच्चों को संविधान के बारे में जरूर पढ़ाओ शिक्षा से हम अपने हक की लड़ाई लड़ लड़ सकते हैं 7 जब संविधान नहीं बना था तो हमें वोट देने का भी अधिकार नहीं था संविधान बनने के बाद ही हमें वोट देने का अधिकार मिला।लेकिन वर्तमान समय में संविधान को खत्म करने का काम चल रहा है। इसलिए हम सबको एक साथ मिलकर चलना है ,और आने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी वोट की ताकत से संविधान को बचाना है, और गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जीतना है 7 इस दौरान अनिल कश्यप, भारत सिंह, किशोरी सिंह सैनी ,हरेंद्र सैनी, पंकज सैनी, मदनपाल सैनी, महेंद्र कश्यप ,रतन सिंह सैनी ,सतपाल सिंह ,फकीरचंद कश्यप, छत्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह ,सुनील कुमार, नंदराम सिंह, लोकेंद्र सैनी ,भारत सिंह ,नरेश कुमार, कृपाल सिंह, प्रेम सिंह, सुरेश चंद्र, राजकुमार सैनी, दाताराम सिंह सैनी, मामराज सिंह ,हरीराज सिंह ,वीरेंद्र कुमार, रोहित कुमार ,विकास कुमार, नीरज कुमार, इंद्रपाल सिंह, राजपाल सिंह, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार ,आदि ग्रामीण उपस्थित रहे ।

पांच लाख न देने पर विवाहिता को जान से मारने का प्रयास

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। कपडा सिलाई की दुकान खरीदने के लिए दहेज में पांच लाख रुपए की मांग की। मना करने पर गर्भवती विवाहिता को पीटा गया। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.महाराजपुर निवासी नफीस अहमद ने वताया कि उसने अपनी पुत्री निशा परवीन की शादी दो साल पहले बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर सिंघईयां निवासी मो.जुबैर के साथ की थी।जिसमें उसने अपनी समर्थ के अनुसार दहेज दिया। शादी के कुछ समय बाद उसके ससुराली सिलाई की दुकान करने के लिए विवाहिता से पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मना करने पर उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज को लेकर उसको कई बार जान से मारने का प्रयास किया। मांग पूरी न करने पर सात आठ माह पहले विवाहिता को गर्भावस्था में ससुरालयों ने मारपीट की। पेट में लात मारने से विवाहिता के पेट में अंदरुनी तकलीफ बन गई। 6 माह पहले संतान पैदा होने पर उसकी हालत गंभीर हो गई। जिस पर ससुरालियो ने इलाज न कराकर घर भेज दिया।मायके पक्ष ने जिसको बरेली में भर्ती कराया है। इस समय उसका इलाज चल रहा है ससुरालयों से कहने पर उन्होंने पांच लाख रुपये देने पर ही विवाहिता को घर में लाने की बात कह कर दूसरी शादी करने की धमकी दी। विवाहिता की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने पति मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद शफी,नसरीन,निशा,सीमा व सलीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया मामले की तहरीर पर ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।जिसकी विवेचना शुरू कर दी गई है।

व्यापार मंडल के प्रान्तीय मंत्री के नेतृत्व में सीएमओ का पुतला दहन कर आक्रोश जताया

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। स्वास्थ्य विभाग के मुखिया की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी चर्म सीमा पर व्याप्त होने के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने को निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराकर नागरिों को अनवाही बीमारियों से बचाने को करोड़्रों का वजट आंवटित किा जा रहा है परन्तु जनपद के सरकारी अस्पतालों में भाजपा सरकारी निःशुल्क योजनाओं की धज्जियां उड़ायी जा रही है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय मंत्री विजयपाल विकी के नेतृत्व में शुक्रवार को मंडी समिति पूरनपुर में सीएमओ पीलीभीत का पुतला फूंका गया। आरोप है कि पिछले दिनों एक महिला जिला अस्पताल पीलीभीत में डिलीवरी के लिए गई थी। जंहा जिला अस्पताल में उसका इलाज नहीं किया गया। रुपये के अभाव में वह बाहर रोड पर तड़पती रही। रोड पर ही उसने बच्चे को जन्म दिया। बच्चा नहीं बचा बच्चें की जान चलेगी। आरोप है कि जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार चर्म सीमा पर चल रहा है। पूरे अस्पताल के अंदर बगैर रुपये के कोई भी काम नहीं किया जाता है। चाहे एक्स-रे अल्ट्रासाउंड के लिए गरीब आदमी को जगह-जगह चक्कर लगाने पड़ते हैं। उसके बाद मजबूरन वह रुपये देने को मजबूर होता है। इन बातों को कई बार मौखिक रुप से सीएमओ को किसी के माध्यम से बताया गया। उसके बाद भी वही हाल फिर देखने को मिला। इस घटना से पीड़ित होकर नाराज व्यापारियों ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन कर नारेवाजी कर सीएमओ का पुतला फूंका।इसके अलावा सीएमओ पर कई और आरोप लगाए। उनका कहना है कि शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। इस मौके पर विजयपाल विक्की, इश्क अहमद,सोनू,किशोर, विकास गुप्ता,आकाश गुप्ता, मुकुल गुप्ता,सौरभ गुप्ता, राजूगुप्ता, विनोद गुप्ता,जमील खान,चंद रिफाकत, हुसैन, भोला, रौनक बाबा,कार्तिक बाबा सहित कई लोग मौजूद रहे। सीएमओ डा0 आलोक कुमार शर्मा ने बताया है कि कुछ दिन पहले अस्पताल के बाहर हुई महिला की डिलीवरी के बाद नवजात की मौत के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। अगर किसी को शिकायत है। तो मुझ से संपर्क करें उनकी समस्याओं का निस्तारण होगा।

किसान की खेत में सिंचाई करते समय मौत

बांदा। खेत की सिचाई कर रहे किसान को सर्दी ने जकड़ लिया। उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्का थाना क्षेत्र के बाकल गांव निवासी चद्रभूषन (42) पुत्र बुधुवा किसानी करता था। गुरूवार की रात वह खेत की सिचाई करने के बाद घर आया इसी बीच सर्दी ने उसे जकड़ लिया। वह कंपकपाने लगा। घरवालो ने आग जलाकर उसका बदन सेका। हालत में सुधार न होने पर घरवालो ने नजदीक स्थित डॉक्टर के पास ले गए इलाज होने से पहले उसने दम तोड़ दिया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, गोण्डा

निविदा सूचना संख्या-06/अधी0अभि0/2023-24

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http:/etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-19.02.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक-26.02.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड/दिनांक-26.02.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, गोण्डा, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में मुख्य अभियन्ता, (सरयू परियोजना-प्रथम) सिंचाई विभाग, उ0प्र0, अयोध्या द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस-बिड/फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय प्राप्त की जायेगी।

लाट सं0	कार्यों का विवरण	मात्रा	धरोहर राशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण होने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0 टी0	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1.	जनपद-गोण्डा में घाघरा नदी के बायें तट पर स्थित एलिगन ब्रिज-चरसरी तटबन्ध के किमी0-21.900 से किमी0-22.400 के मध्य रिवेटमेन्ट निर्माण कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	16.18	05 माह	8614.00	"एए"
2.	जनपद-गोण्डा में घाघरा नदी के बायें तट पर स्थित एलिगन ब्रिज-चरसरी तटबन्ध के किमी0-36.200किमी0-36.390तथा किमी0-36.520 पर स्थित स्पर के नोज के पुनर्स्थापना कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	5.72	04 माह	8614.00	"ए"
3.	जनपद गोण्डा में सरयू/घाघरा नदी के बायें तट पर सकरौर भिखारीपुर रिंग तटबंध के किमी0-10.550 पर स्थित स्पर के पुनर्स्थापना के कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3.30	04 माह	8614.00	"ए"
4.	जनपद गोण्डा में सरयू/घाघरा नदी के बायें तट पर सकरौर भिखारीपुर रिंग तटबंध के किमी0-15.770 से किमी0-16.050 के मध्य रिवेटमेन्ट निर्माण कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	9.68	04 माह	8614.00	"ए"
5.	जनपद गोण्डा में सरयू/घाघरा नदी के बायें तट पर सकरौर भिखारीपुर रिंग तटबंध के किमी0-18.050 से किमी0-18.170 के मध्य रिवेटमेन्ट निर्माण कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3.34	04 माह	8614.00	"ए"
6.	जनपद गोण्डा में सरयू/घाघरा नदी के बायें तट पर सकरौर भिखारीपुर रिंग तटबंध पर विभिन्न अस्थायी स्टाकयार्ड पर बोल्डर आपूर्ति का कार्य ।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	1.52	06 माह	2354.00	"बी"
7.	जनपद गोण्डा में घाघरा नदी के बायें तट पर एलिगन ब्रिज-चरसरी तटबंध पर विभिन्न अस्थायी स्टाकयार्ड पर बोल्डर आपूर्ति का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	1.18	06 माह	2354.00	"बी"

1- यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार की बेबसाइट http://up.gov.in एवं सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/तथा सिंचाई विभाग के वेबसाइट http://irrigation.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य
गोण्डा

30प्र0-203553 दिनांक-15.02.2024
E-mail: upinformation@nic.in, website: www.upidadv.gov.in

शेरपुर लिंक मार्ग का नवीनीकरण व चौड़ीकरण कार्य शुरू

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। काफी समय से जर्जर हो चुका पीलीभीत हाइवे से शेरपुरकलां लिंक रोड के नवीनीकरण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। करोड़ों रुपए की लागत से चार किमी.तक हाटमिक्स सड़क का निर्माण किया जाएगा। हाइवे से धनाराघाट तक बाईपास सड़क बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। खासकर उत्तरखंड की तरफ जाने वाले लोगों को नगर में प्रवेश करने से भी निजात मिलेगी।पूरनपुर-पीलीभीत नेशनल हाइवे 730 पर हरियाली बाजार के पास से राजीवनगर, सिमरिया होते हुए धनाराघाट शेरपुर लिंक रोड है। खुटार, मैलानी, लखीमपुर से खटीमा को आवागमन करने वाले वाहनों के लिए यह बाईपास माना जाता है। इससे बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। बताते हैं कि इस सड़क का निर्माण करीब आठ साल पहले गन्ना विभाग की तरफ से कराया गया था। निर्माण के बाद इसकी देखरेख पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। मरम्मत तो कराई गई लेकिन खानापूरी कर बजट को ठिकाने लगा दिया गया। पिछले करीब तीन साल से तो यह सड़क बदहाल है। चार पहिया वाहनों की बात छोड़िए दोपहिया वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो रहा है। हाल ही में पीडब्ल्यूडी के मंत्री जितिन प्रसाद पहुंचे तो क्षेत्रीय लोगों ने उनसे सड़क की मरम्मत की मांग की। उन्होंने लोगों की इस समस्या को गंभीरता से लिया। सड़क निर्माण के लिए करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए का बजट आवंटित कराया। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस सड़क के नवीनीकरण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। करीब चार किमी. तक यह सड़क सात मीटर चौड़ी बनाई जाएगी। दो नई पुलियों का भी निर्माण होगा। मई माह तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। इसको लेकर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं। इस वक्त सड़क को उखाड़ने के साथ चौड़ाई बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

शिक्षक के भीतर नेतृत्व की क्षमता का विकास होना आवश्यक : डीसी सुन्था

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) विवेक कॉलेज आफ एजुकेशन में आई.सी.एस.एस.आर. नई दिल्ली द्वारा प्रयोजित राष्ट्रीय सेमीनार का सफल आयोजन हुआ । जिसकी थीम अमृत कालः एजुकेशन हेरिटेज एण्ड न्यू टेंस इन एजुकेशन रही । इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्चशिक्षा निदेशक उत्तराखंड डॉ0 सी.डी. सुन्था रहे 7 इस अवसर पर उन्होने कहा कि एक शिक्षक के भीतर नेतृत्व की क्षमता का विकास होना आवश्यक है , उन्होने आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स व इससे जुड़ी भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंम्भ मुख्य अतिथि उच्चशिक्षा निदेशक उत्तराखंड डॉ0 सी0 डी. सुन्था, हिमाचल केन्द्रीय विश्वविद्यालय डॉ0 दीपक पंत, मिजोरम केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफसर डा लोकनाथ मिश्रा, उत्तराखण्ड के एन0आई0ओ0एस0 निदेशक प्रो0 डी0 एन0 उप्रेती, भूतपूर्व निदेशक डी0टी0टी0ई0 डॉ0 विमल डिमरी महाविद्यालय के चैयरमेन अमित गोयल, सचिव दीपक मित्तल ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस राष्ट्रीय सेमीनार की आयोजक विवेक कॉलेज ऑफ एजुकेशन प्राचार्या डॉ0 दीप्ति डिमरी ने सभी अतिथि गणों का स्वागत करते हुए अमृत काल योजना व शिक्षक-शिक्षा विरासत पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य में किये जा रहे सकल प्रयासों पर चर्चा की ।इस अवसर पर डॉ0 दीपक पंत ने नये शैक्षिक परिवेश में प्राचीन परम्पराओं एवं विरासत के ध्यान में रखते हुए किस प्रकार शैक्षिक गुणवत्ता बढाये जाए इस पर प्रकाश डाला। प्रो0 लोकनाथ मिश्रा ने अपने विचार साझा करते हुए नई शिक्षा नीति अमृत कालः के सन्दर्भ में कैसे प्रभावी होगी तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर प्रकाश डाला । इस क्रम में प्रो0 डी0 एन0 उप्रेती (निदेशक एन0आई0ओ0एस0) ने सामाजिक आर्थिक परिपेक्ष्य में शिक्षा की भूमिका पर चर्चा की तथा भारत सरकार द्वारा किये जा रहे सकल प्रयासों की सराहना की। डॉ0 विमल डिमरी (भूतपूर्व निदेशक डी0टी0टी0ई0) ने कौशल केन्द्रित शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रो0 एस0 के0 जोशी ने पाश्चात्य संस्कृति का भारतीय संस्कृति पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव की चर्चा करते हुए शंकारचार्य के दर्शन को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जोड़ा । डॉ0 महफुज अहमद ने बच्चों में बढ़ रही आत्म हत्या की प्रवृति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रायोगिक ज्ञान और परामर्श की जीवन में नितान्त आवश्यकता है। कार्यक्रम के अन्त में विवेक ग्रुप के चेयरमैन अमित गोयल देश के विभिन्न प्रदेशों के शिक्षकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुये कहा कि वर्तमान शैक्षिक चुनौतियों को देखते हुए विवेक कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में नित नये प्रयोग आवश्यक मानता है। जिससे प्रत्येक बालक को शिक्षा के समान अवसर मिल सके हमारा प्रयास है कि शिक्षा के साथ नैतिकता को भी अनिवार्य माना जाये।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 निधि शुक्ला एवं श्रीमती शालिनी ने किया कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों सें आये हुए विद्वतजनों डॉ0 पारूल त्यागी, डॉ0 एस0 के0 जोशी, डॉ0 महफूज, श्री डी0 एन0 उप्रेती ने अपने अमूल्य विचार साझा किये। विभिन्न विभागो के प्राचार्य डॉ0 राजीव चौधरी, डॉ0 एस0 के0 त्यागी, डॉ0 एम0 जी0 रंगनाथन, डॉ0 सर्वेश शीतल, डॉ0 सौरभ शर्मा, डॉ0 संदीप अग्रवाल व शिक्षा के समस्त सहायक प्रवक्ताओं सहयोग रहा ।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक : 1086/ई-निविदा/शुद्धि-पत्र/2023-24 दिनांक : 14.02.2024

**शुद

विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में सी0एम0 डैशबोर्ड के अन्तर्गत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये तथा खण्ड विकास अधिकारियों से प्रतिदिन आवासों के निर्माण कार्य को कराये जाने की प्रगति ली जाए तथा शीघ्रता से आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत आवेदकों को बैंको से ऋण स्वीकृत कराकर वितरण की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग के द्वारा आरसीसी सेन्टरों का लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों को लिंकेज कराया जाए।उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि माइक्रोप्लान तैयार कर आगामी 20 फरवरी से एक माह तक विशेष अभियान चलाकर गौवंशों की ईयर टैगिंग शत-प्रतिशत रूप से करायी जाए तथा गौवंशों को सुपुर्दगी के अन्तर्गत गौवंश पालकों को लक्ष्य के अनुरूप सुपुर्दगी कराते हुए उनकी नियमित निगरानी भी रखी जाए। उन्होंने पर्यटन विकास के अन्तर्गत बेला तालाब के कार्य को तेजी लाकर शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था यूपी पीसीएल के अधिकारी को दिये। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा पुराने ऋण की वसूली किये जाने तथा दुग्ध विकास विभाग द्वारा नई सोसाइटियों का पुनर्गठन किये जाने की समीक्षा के अन्तर्गत बताया गया कि 06 नई सोसाइटियों का पुनर्गठन पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय निर्माण तथा मल्टीपर्पज हॉल के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कृषि रक्षा रसायन का शत-प्रतिशत रूप डीबीटी के माध्यम से भुगतान कराये जाने तथा बेसिक शिक्षाधिकारी को प्राथमिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाये जाने हेतु अध्यापकों के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करते हुए निपुण टेस्ट के अन्तर्गत बच्चों की क्लास टेस्ट भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत पात्रों को समय से लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित कराये जाने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने ओडीओपी योजना तथा 15वें वित्त आयोग के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक कृषि सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दो साल तक बंधक बनाकर किशोरी से बनाता रहा सम्बंध

कौशाम्बी।कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी को गांव के ही राजेश पुत्र राम बहादुर दो साल पहले किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। अपने साथ ले जाकर हापुड़ जिले में किराए के मकान में किशोरी को दो वर्ष तक कैद कर रखा। किशोरी के बिना इच्छा के प्रतिदिन युवक जबरन अवैध संबंध बनाता रहा। किशोरी के विरोध करने पर युवक मारपीट और गाली गलौज करता रहा। युवक जब काम करने के लिए जाता था तो किशोरी को कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगाकर चला जाता था। धमकी देता था कि यदि कमरे से बाहर निकालने की कोशिश की तो मैं तुझे जिंदा नहीं छोड़ूंगा। किशोरी रोती चिल्लाती रही और गिरगिराती रही। युवक का हाथ पर जोड़ती रही व मिन्नत करती रही किंतु बेरहमी जरा भी मानवता नहीं दिखाया और जबरन शोषण करता रहा। मौका पाकर किशोरी हापुड़ जनपद से भाग कर शनिवार के दिन मंझनपुर पहुंची। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया। जिसकी सूचना किशोरी के पिता को दिया गया। किशोरी के पिता ने मौके पर आकर किशोरी को अपने साथ घर ले गया और कोखराज थाना में 11/2/2024 को लिखित शिकायती पत्र दिया,लेकिन थाना हाजा की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। 13 फरवरी को शाम लगभग 4 बजे पूछताछ के दौरान किशोरी के परिजनों पर आरोपी ने दबाव बनाना शुरू कर दिया और कह रहे हैं कि उसे भूल जाओ कुछ खर्चा पानी लेकर सुलह समझौता कर लो। किशोरी के परिजन शुक्रवार के दिन आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ,अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ,पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी ,क्षेत्राधिकारी चायल और कोखराज थाना को अवगत कराया और आईजीआरएस के माध्यम से अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

संक्षिप्त आवाज

पुलिस परीक्षा सकुशल संपन्न कराने को लिया जायजा

कौशाम्बी।पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की परीक्षा को सकुशल नकल विहीन सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी में तैयारियों के संबंध में जायजा लिया। पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु जनपद के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

डीजे बजाते समय हाईटेंशन करंट से युवक की मौत

बांदा। दहिनवारा संस्कार में डीजे बजाने गया युवक हाई टेंशन लाइन की करंट की चपेट में आ गया उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी छोटू (22) पुत्र मोतीलाल गुरूवार की रात बदौसा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव बाबू यादव के घर दहिनवारा संस्कार (बधाई) पूजा में डीजे बजाने गया था। रात को डीजे से लदा लोडर टेंट के नीचे खड़ा था। ओस पड़ने से इलेक्ट्रानिक सामान खराब हो रहा था। समानो को बचाने के लिए छोटू डीजे में पन्नी ढाक रहा था। तभी ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर झुलस गया। वह रात भार डीजे वाहन में पड़ा रहा। सुबह साथी लवलेश ने देखा तो उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि छोटू तीन भाईयो में दूसरे नंबर का था।

17 को आयोजित तहसील दिवस अब 20 फरवरी को होगा

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने शासन के निर्देशानुसार सभी उप जिलाधिकारियों को दिनांक 20 फरवरी 2024 को तहसील दिवस का आयोजन करने के निर्देश दियें हैं। 17 फरवरी 2024 शनिवार को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रहीं है,तथा दिनांक 19 फरवरी 2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होना है, जिससे अधिकांश अधिकारी उनकी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहने के दृष्टिगत शासन द्वारा 17 फरवरी 2024 शनिवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस अब 20 फरवरी 2024 मंगलवार को आयोजित किये जाने के निर्देश हैं।

दबंगों ने लाठी डंडे महिला से की मारपीट

कौशाम्बी।संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नहरहिया धन्नी सखाढा गांव निवासिनी सीता देवी पत्नी अशोक पासी गुरुवार को समय लगभग 3बजे जानवरों को चारा लेने के लिए खेत की तरफ गई हुई थी। खेत से सीता देवी ने जब घर वापस आई तो देखा कि धन्नी गांव की रहने वाली रामसखी पत्नी बांकेलाल व राजू की पत्नी और लगभग तीन-चार महिलाएं और तीन-चार लड़के रामू पुत्र बांकेलाल व सचिन पुत्र ज्ञात व सोनेलाल के दो लड़के सभी लोग एक राय होकर घात लगाकर लाठी डंडा लेकर पीड़िता की हत्या करने की उद्देश्य से बैठे हुए थे। पीडिता जैसे ही घर पहुंची तो उपरोक्त लोगों ने हमला बोल दिया और पीडिता को गाली गलौज करने लगे पीड़िता ने गाली गलौज का विरोध किया। घर को कर रहे तहस-नहस करने का कारण पूछा। तो दबंगों ने लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। जिससे पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई। दबंगों ने कहा कि पासिन साली को निर्वस्त्र करके मारो जिससे किसी को मुंह दिखाने लायक ना रहे गांव में ना रह पाए। महिला ने क्षेत्राधिकारी को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

अराजक तत्वों ने फूंका दुकान का छप्पर,राख

कौशाम्बी।सराय अकिल थानाक्षेत्र के बुद्धपुरी स्थित चायल की छप्पर में आग लगा दिया।जिससे सबकुछ जलकर राख हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। पतेरिया बुद्धिपुरी निवासी उमेश आरख ने बैंक आफ बड़ौदा से दस हजार लोध लेकर चाय पकौड़ा की छप्पर डालकर दुकान खोल रखी थी। जिसमें बीती रात्रि करीब 12 बजे अज्ञात अराजकतत्वों द्वारा आग लगा दिया गया।जिससे सबकुछ जलकर राख हो गया।घटना की जानकारी देर रात्रि हुई तो होस उड़ गये। मामले की जानकारी 112 डायल करके दिया गया। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर जांच किया और वापस चली गई?। घटना की जानकारी पुलिस सहित हल्के के लेखपाल को दिया गया है।

गर्भवती महिला ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

बांदा। मायके आई गर्भवती युवती ने नदी किनारे लगे बबूल के पेड़ पर साड़ी से फंसी लगाकर खुकदुशी कर लिया। खोजबीन करते हुए मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। एएसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधनकला के मजरा पांडवन डेरा निवासी सुमन (22) पत्नी रामलखन गर्भवती थी। गुरूवार की दोपहर सास और देवर सुमन को उसके मायके कुकुआ खास छोड़ गए थे। कुछ देर बाद सुमन अपने घरवालो की निगाह बचाकर घर से चली गई। घर से करीब पांच सौ मीटर दूर नदी किनारे लगे बाबूल के पेड़ पर साड़ी से फंसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। देर शाम तक जब सुमन अपने घर नही लौटी तो परिजनो ने उसकी खोजबीन किया। देर शाम नदी किनारे पहुंचे बड़े भाई चद्रबली ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतका के भाई चद्रबली ने बताया कि सुमन की पहली शादी खप्टिहाकला के सिमरन डेरा निवासी बड़कू के साथ हुई थी। दो साल पहले दुर्घटना में बड़कू की मौत हो गई थी। इसके बाद 2022 में सुमन की दूसरी शादी की थी। दो माह पहले ही सुमन मायके से ससुराल गई थी।

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का किया उद्घाटन

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुर रारा,ओसा मंझनपुर में किया गया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अरविन्द कुमार प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

इसके बाद सपना व राधिका के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई । अध्यक्षता डॉ अजय कुमार ने किया। इसी कड़ी में डा. सन्तोष कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद शिविरार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे-उठे प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत अभिषेक कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। गुलाबचंद जायसवाल ,प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुर रारा ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों द्वारा किए गए अपने कार्यों का स्वयं में मूल्यांकन करना चाहिए, जिससे कि उनके कार्य करने में और अधिक निपुणता हासिल हो सके। अरविन्द कुमार द्वारा बौद्धिक एवं शारीरिक श्रम हेतु शिविरार्थियों का आवाहन किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को समझाया एवं इससे प्रेरित होने के लिए शिविरार्थियों को जागरूक किया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा मुख्य अतिथि के सम्मुख प्रस्तुत की । राष्?ट्रीय सेवा योजना राष्?ट्र की युवा शक्ति के व्?यक्?तित्?व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 अजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को अपने दायित्वों एवं उद्देश्य के प्रति सचेत रहना चाहिए ।

एनएसएस का उद्देश्य सेवा से अपने व्यक्तित्व को विकसित करना

एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। डॉ आनन्द कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र छात्राओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है।उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अमित कुमार शुक्ल द्वारा किया गया । इस मौके पर डॉ अनिल कुमार डॉ अजय कुमार, डॉ0 नीलम बाजपेई ,डॉ0 रीता दयाल ,डॉ भावना केसरवानी, डॉ पवन कुमार, डॉ आनन्द कुमार, डॉ रमेश चंद्र, डॉ अमित शुक्ल, डॉ संतोष कुमार डॉ शैलेश मालवीय अजय कुमार मानवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे ।

मिस्त्री ने महिला से किया दुष्कर्म

बांदा। मकान निर्माण में लगे मिस्त्री ने महिला को दबोच लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की चीखपुकार सुनकर घर के बाहर खेल रहे बच्चे दौड़ पड़े। आरोपित जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक बड़कई उर्फ शारदा प्रसाद पड़ोसी 33 वर्षीय महिला के घर पर मकान निर्माण कर करता है। गुरूवार की दोपहर महिला घर पर अकेली थी। उसका पति निमंत्रण में चला गया था। इसी बीच सूना मौका देख शारदा घर पर घुस गया। महिला को दबोच लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की चीखपुकार सुनकर घर के बाहर खेल रहे बच्चे दौड़ पड़े। आरोपित जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। निमंत्रण से घर लौटे पति को पत्नी ने आपबीती बताई। पति उसे लेकर थाने गया। घटना की तहरीर पुलिस की दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

आँख में धूल झोंककर सचिव ने निकाले रुपए

कौशाम्बी। केंद्र मे मोदी उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बढ़ते भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भले ही रातों दिन संघर्ष कर रहें हो। समय समय भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारी और अधिकारियों पर कार्यवाही करके कानून का पाठ पढ़ा रहें हो,लेकिन कौशाम्बी जिले के अधिकारियों को जरा सा भी खौफ नही रहा गया।बीते दिनों ऐसा ही एक मामला मंझनपुर ब्लॉक के बरैसा गांव से निकलकर सामने आया है। जहाँ ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान ने सरकार व सरकारी मशीनरी के आंखों में धूल झोंककर बिना काम कराएं 14 वे 15 वे वित्त से ग्राम पंचायत के खाते से तकरीबन लाखों रुपए की धनराशि बिना काम कराये ही निकलवाकर बन्दरबाँट कर लिया है।अधिकारियों के आँख में धूल झोंककर बिना काम कराएं गए कामों का भुगतान निकालकर आपस मे बन्दरबाँट कर लिए। मामले में बीडीओ देवेंद्र ओझा से बात की गई। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की बात कही।

महोबा के प्रसिद्ध देशावरी पान देखने बरेजे पहुंचे पूर्व डीजीपी

महोबा (स्पष्ट आवाज)। महोबा का देशावरी पान सुप्रसिद्ध है लेकिन शर्दी में पाला लगने से बरेजे बर्बादी की कगार पर है। शुक्रवार के दिन उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह पान को देखने के लिए बरेजों में पहुंचे और उन्होंने पान की खेती करने वाले किसानों से मुलाकात कर उनको ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि जीआई टैग प्राप्त महोबा के पान की खेती में लगातार हो रही गिरावट के लिए गलत सरकारी नीतियां जिम्मेदार हैं।सुलखान सिंह ने बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर के साथ कीरत सागर के नजदीक स्थित पान बरेजों का भ्रमण किया और कहा कि महोबा का देशावरी पान पूरे बुंदेलखंड की शान रहा है। कभी यहां से पान देश-विदेश में जाता था और लाखों लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से पान रोजगार से जुड़े थे लेकिन लगातार सरकारी उपेक्षा के चलते धीरे-धीरे पान की खेती मात्र 10 फीसदी बची है। ज्यादातर पान के किसान पलायन कर दूसरे काम-धंधे करने को मजबूर हो रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो भविष्य में पान भी इतिहास का हिस्सा बन जाएगा।

बुंदेली समाज के संयोजक ने बताया कि उपेक्षा का आलम यह है कि प्रशासन ने पाले से बर्बाद हुई पान खेती का अभी तक सर्वे नहीं कराया। पहले 500 एकड़ में पान की खेती होती थी जो धीरे-धीरे 20-25 एकड़ में सिमट कर रह गयी है। सरकार ने पान मसाला को बढ़ावा दिया लेकिन औषधीय गुणों से परिपूर्ण पान की खेती करने वाले किसानों को कृषक का दर्जा तक प्रदान नहीं किया। पान की खेती करने वाले किसान प्रेम चौरसिया ने बताया कि अगर हमारे खेत का बीमा होता तो हमें भी ठंड से बर्बाद हुई फसल का भी कुछ मुआवजा मिल जाता। पान का एक खेत तैयार करने में लाखों का खर्च आता है। मध्यप्रदेश में सरकार पान किसानों को बहुत मदद देती है लेकिन उत्तर प्रदेश में हमारे हितों की रक्षा के लिए सरकार कुछ नहीं करती। एक साल पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या यहां आये थे। उन्होंने पान किसानों की समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया था लेकिन हुआ कुछ नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यहां आकर महोबा के पान की तारीफ की थी।

केन्द्रीय राज्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

उरई (जालौन)आज सांसद/राज्यमंत्री लघु,सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गई। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। उन्होंने ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, आदि योजनाओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कराया जाए जो धरातल पर दिखाई दें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि विभाग कार्य योजना बनाते समय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से उनके सुझाव व प्रस्ताव अवश्य सम्मिलित करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के आपसी समन्वय से ही विकास परियोजनाओं एवं जनहितकारी योजनाओं का धरातल पर सफल संचालन संभव है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों को सरकारी कार्यों की समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, रामपुरा ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों ने आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अध्यक्ष महोदय की समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर मा0 अध्यक्ष जी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे पात्र व्यक्तियों को दिलाना सुनिश्चित किया जाए। विकास करना हम सब की प्राथमिकता है और इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी व जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

युवक ने किया डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास

कौशाम्बी। जिले में विद्युत विभाग कर्मचारियों के विरोध में युवक ने डीजल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया है,डीजल डालकर आत्मदाह करने के प्रयास का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,जिसकी अखबार पुष्टि नहीं करता। जिसके बाद जेई ने युवक के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने की तहरीर थाने में दी है।पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के ख्वाचकीमई गांव विधुत विभाग की टीम बिजली का पोल लगाने गई थी,बिजली विभाग के कार्य से युवक नाराज था और उसने पुलिस की मौजूदगी में डीजल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। शरीर पर डीजल डालने का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।जिसके बाद जेई अजय कुमार ने पुलिस थाना में विद्युत कार्य में बाधा डालने वालो के खिलाफ तहरीर दी है। विद्युत विभाग ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।मामले में सीओ सिराथू अवधेश विश्कर्मा ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे युवक डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया है,जिसके विरुद्ध जेई ने तहरीर दी है,मामला दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, फतहां, मीरजापुर

अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल, मीरजापुर के अधीन विभिन्न खण्डों के अन्तर्गत कार्य हेतु अनुभवी, पंजीकृत कार्यदायी संस्थाओं से दो भागों में अलग-अलग मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र U.P. Government की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा भाग-A में Terms & Condition में वांछित प्रपत्र के साथ-साथ प्रत्येक निविदा के निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. 3000.00+540=3540.00) अप्रतिदेय तथा धरोहर धनराशि जो अधिशासी अभियन्ता (सम्बद्ध), विद्युत वितरण मण्डल के खाता संख्या 3866002100001049 (पंजाब नेशनल बैंक, सिविल लाइन, मीरजापुर, आई.एफ.सी. कोड-PUNB0386600) में आर.टी.जी.एस./ नेफ्ट द्वारा हस्तांतरित किये गये धनराशि का यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति etender.up.nic.in पर दिनांक 22.02.2024 के 13.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है जिसे दिनांक 23.02.2024 को उपस्थित निविदादाता/प्रतिनिधि के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा 15:00 बजे खोली जायेगी। निविदा भाग-B में दर होगा जिसके खुलने की तिथि अलग से www.etender.up.nic.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा। निविदा भाग-A खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा खुलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास बिना कोई कारण बताये निविदा को अस्वीकार/विभक्त करने एवं पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाईट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाईट को नियमित देखे। विद्युत वितरण खण्ड-चुनार, मीरजापुर : निविदा संख्या : 89/वि0वि0मं0(मी0)/2023-24 : विद्युत वितरण खण्ड-चुनार, मीरजापुर के अधीन जमायोजना के अन्तर्गत लाईन निर्माण का कार्य। (धरोहर राशि रू0 47600.00), विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, मीरजापुर : निविदा संख्या : 90/वि0वि0मं0(मी0)/2023 -24 : विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, मीरजापुर के अधीन जमायोजना के अन्तर्गत लाईन निर्माण का कार्य। (धरोहर राशि रू0 16800.00)

अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 फतहाँ, मीरजापुर

पत्रांक : 3358/वि.वि.मं.(मि.)/निविदा प्रकाशन, दिनांक : 14.02.2024

राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तमन्ना ने जीता गोल्ड मेडल

कौशाम्बी।सराय अकिल थाना क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी संतराम पासी की पुत्री तमन्ना पासी ने हापुड़ जनपद में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग में 800 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर परिवार एवं गांव व जिले के लोगों का नाम रोशन किया है। तमन्ना पासी गोल्ड मेडल जीतकर जैसे ही अपने घर पहुंची। उसके बाद से लोग उनके घर पहुंचकर उज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं देने वालो का तांता लगा रह। बृहस्पतिवार को गोपालपुर गांव निवासी महाराजा सुहेलदेव पासी संघ के अध्यक्ष घनश्याम पासी भी तमन्ना पासी के घर पहुंचकर ढेर सारी बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव पासी संगठन के सभी कार्यकर्ता तमन्ना पासी के लिए खेल - कूद में भविष्य बनाने में हर संभव मदद के लिए तैयार रहेगा। इस दौरान महाराज सुहेलदेव पासी संगठन के अध्यक्ष घनश्याम पासी, मोनू पासी, धनंजय पासी, वेद पाल सहित आदि लोग मौजूद रहे हैं।

किसानों से वायदे से मुकरे मोदी : रुद्र

चित्रकूट। संयुक्त किसान मोर्चा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मोदी सरकार की वायदा खिलाफी के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन असफल बनाने को मोदी सरकार पुलिस बल से आन्दोलन कुचलने का काम कर रही है। शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में किसानों ने प्रदर्शन कर तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां एसडीएम सदर सौरभ यादव को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मोदी सरकार असंवैधानिक कार्य कर रही है। पूरे भारत में ग्रामीण बन्द व औद्योगिक हडताल सफल हो रही है। किसानों के शान्तिपूर्ण संघर्ष पर हमला करने को पुलिस व सशस्त्र सुरक्षा बलों को तैनात करने से जाहिर है कि मोदी सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को शान्तिपूर्ण विरोध करने का हक है

बेन डकेट के शतक ने बढ़ाई भारत की मुश्किलें

राजकोट । भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले का दूसरा दिन खत्म हो गया। इंग्लैंड ने पहली पारी में दो विकेट पर 207 रन बना लिए हैं। बेन डकेट 133 रन और जो रुट नौ रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। भारत अब भी 238 रनों से आगे है। फिलहाल इंग्लैंड के लिए बेन डकेट 133 और रुट नौ रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। दूसरे दिन का खेल भारत ने 326 रनों से शुरु किया। मैच की शुरुआत रवींद्र जड़ेजा और कुलदीप यादव ने की। छठवें विकेट के लिए दोनों ने 17 रन जोड़े। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए ध्रुव जुरेल ने 46 रनों की पारी खेली। हालांकि, डेब्यू टेस्ट में वह अर्धशतक जड़ने में नाकाम रहे। वहीं, भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने 37 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने छह चौके लगाए। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह ने 26 रन जोड़े। ये उनके टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं पारी है जो इंग्लैंड के खिलाफ आई। भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने जबरदस्त गेंदबाजी की। मार्क वुड ने चार विकेट चटकाए। वहीं, रेहान अहमद को दो सफलताएं मिलीं। इसके अलावा जेम्स एंडरसन, टॉम हॉर्टले और जो रुट को एक-एक विकेट मिला। भारतीय टीम 445 रन पर ऑलआउट हो गई। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए पहली पारी में बेन डकेट ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 21 चौके और दो छक्के की मदद से 133 रन बना लिए हैं। फिलहाल वह नाबाद हैं। वहीं, पारी की शुरुआत करने वाले जैक क्रॉली 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ओली पोप ने 39 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच चौके और एक छक्का जड़ा। वहीं, जो रुट नौ रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं।

❍आर अश्विन 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को जैक क्रॉली को आउट कर आर अश्विन ने 500 टेस्ट विकेट हासिल किया। इस विकेट के साथ ही अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले नौवें पुरुष और दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। 37 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने 98वें टेस्ट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज है। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन घरेलू धरती पर बेहतरीन प्रदर्शन रहा हैं। पिछले एक दशक में अश्विन ने 34 बार पांच विकेट तथा आठ मैचों में दस या उससे अधिक विकेट लिए हैं। किसी भी भारतीय खिलाड़ी के द्वारा टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में केवल अनिल कुंबले ही अश्विन से आगे हैं।

पुलिस भर्ती के लिए आए दो मुन्नाभाई को एसटीएफ ने पकड़ा

प्रीति शर्मा

झांसी। झांसी में शुक्रवार शाम को नोएडा एसटीएफ ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे एक फॉर्च्यूनर, एक स्कॉर्पियो, एडमिट कार्ड की छायाप्रति, 3 मोबाइल आदि बारामद हुए हैं। ये गैंग पेपर लीक कर पढ़वाने की एवज में अभ्यर्थियों से 8 लाख रुपए का सौदा कर रहा था। एक आरोपी शामली और दूसरा बिहार का रहने वाला है। गैंग के कई साथी अभी फरार हैं, उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर आउट करने वाले गिरोह के दो सदस्य यूपी एसटीएफ और झांसी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस टीम पकड़े गए दोनो आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एसटीएफ और पुलिस टीम ने इनके कब्जे कई प्रतिबंधित वस्तु और मोबाइल नंबर बरामद किए है। उत्तर प्रदेश में 17 और 18 फरवरी को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल निष्पक्ष शांतिपूर्ण कराने के लिए जनपद की पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में यूपी एसटीएफ भी परीक्षा में खलल पैदा करने वालों की तलाश में लगी थी। तभी एसटीएफ और नवाबाद झांसी पुलिस को सूचना मिली की पुलिस लाइन के पास दो युवक पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को तलाश रहे है। उन्हे पेपर आउट करने का झांसा देकर लाखों रुपया की डिमांड कर रहे है। इस सूचना पर एसटीएफ और झांसी नवाबाद पुलिस ने दोनों युवकों को दबोच लिया।

पूछताछ में पकड़े गए दोनो युवकों ने अपने नाम बिहार के नालंदा निवासी रजनीश रंजन और जिला शामली के खांघला निवासी मोनू कुमार बताया। पुलिस टीम ने इनके कब्जे मोबाइल फोन और ढेरों मोबाइल नंबर बरामद किए है। पुलिस टीम इनसे पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए दोनो युवक पेपर आउट करने वाले गिरोह के सदस्य है, बताया जाता है की यह दोनो सदस्य अभ्यर्थियों को मोबाइल पर वीडियो कोलिंग के माध्यम से पेपर के प्रश्न उत्तर दिखाते है। जिसके एवज में यह लोग एक अभ्यर्थी से चार से पांच लाख रुपया वसूलते है। पुलिस टीम इनसे पूछताछ कर रही है।

मंदिर का विरोध करने वाले भी अब बोल रहे जय सियाराम

रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में 9750 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास किया। पीएम ने गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना और एम्स रेवाडी की आधारशिला रखी। इस दौरान मोदी ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड- देश की आधे से अधिक आबादी को दशकों तक छोटी छोटी जरूरतों से दूर रखने का है, तरसाने का है। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड- सिर्फ एक ही परिवार के हित को देशवासियों के हित से ऊपर रखने का है। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड- सिर्फ एक ही परिवार के हित को देशवासियों के हित से ऊपर रखने का है। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड- घोटालों का है। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड- सेना और सैनिक दोनों को कमजोर करने का है। ये बात याद रखना जरूरी हैं क्योंकि आज भी कांग्रेस की टीम, नेता, नीयत वही है। अपना हमला जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि एक परिवार के मोह में फंसी कांग्रेस आज अपने इतिहास के सबसे दयनीय दौर से गुजर रही है। इनके नेता से अपना एक स्टार्टअप नहीं संभल रहा, ये लोग देश संभालने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एक-एक कर पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। आज स्थिति ये है कि कांग्रेस के पास अपने कार्यकर्ता तक नहीं बचे हैं। जहां सरकार में हैं, वहां इनसे सरकारें तक नहीं संभल रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना बहुत जरूरी है। हरियाणा विकसित तभी होगा, जब यहां आधुनिक सड़कें बनेंगी। हरियाणा विकसित तभी होगा, जब यहां रेलवे का आधुनिक नेटवर्क होगा। हरियाणा विकसित तभी होगा, जब यहां बड़े और अच्छे अस्पताल होंगे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब मैं 2013 में यहां आया था तो रेवाडी के लोगों ने हमें %272 पार% का आशीर्वाद दिया था और वे आशीर्वाद और सपने आखिरकार हकीकत में बदल गए। और अब जब मैं यहां आया हूं, तो %अबकी बार एनडीए सरकार, अबकी बार, 400 पार% का आपका आशीर्वाद पाकर मुझे खुशी हो रही है! उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में %मोदी की गारंटी% की बहुत चर्चा है, रेवाड़ी तो मोदी की गारंटी का सबसे पहला गवाह है। यहां पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में मैंने देश को कुछ गारंटियां दी थीं। देश की इच्छा थी कि दुनिया में भारत की साख बढ़े, वो हमने करके दिखाया। मोदी ने कहा कि देश की इच्छा थी कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, आज पूरा देश भव्य राम मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन कर रहा है। कांग्रेस के लोग, जो भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, जो कभी नहीं चाहते थे कि राम मंदिर बने, वो भी जय सिया राम करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज एम्स का शिलान्यास किया है, लोकार्पण भी हम ही करेंगे। इससे आपको बेहतर इलाज भी मिलेगा और युवाओं को डॉक्टर बनने का अवसर भी मिलेगा। रोजगार और स्वरोजगार के भी अनेक अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने एक और संकल्प लिया है और जनता जनार्दन कह रही है जिसने 370 हटाया उस भाजपा का टीका 370 सीटों से होगा।

पीएम मोदी ने रोहतक-महम-हांसी 68.5 किलोमीटर का किया लोकार्पण

हरियाणा में रेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 68.5 किलोमीटर लंबी रोहतक-महम-हांसी नई रेल लाइन को समर्पित किया। राष्ट्र को 889.28 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की और आज रेवाडी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोहतक-हांसी-रोहतक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। रोहतक-महम-हांसी 68.5 किलोमीटर नई रेल परियोजना को हरियाणा राज्य सरकार के साथ 50-50 योगदान पर लागत साझाकरण के आधार पर मंजूरी दी गई थी। रेलवे क्षेत्र की परियोजनाओं का उद्देश्य रेल बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना, सुरक्षा उपायों को बढ़ाना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और माल और लोगों की आवाजाही को अधिक कुशलता से सुविधाजनक बनाना है। बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के राज्यपाल, मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री, राव इंद्रजीत सिंह, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन और योजना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. बनवारी लाल , हरियाणा राज्य में एससी और ओबीसी के सहकारिता, कल्याण मंत्री, दुष्यंत चौटाला, हरियाणा के उपमुख्यमंत्री,नायब सिंह और धर्म सिंह, सांसद/लोकसभा, शोभन चौधरी, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि रेवाड़ी में उपस्थित थे, जबकि कृष्ण पाल, बिजली और भारी उद्योग राज्य मंत्री, डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, सांसद/लोकसभा और सुखविंदर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली मंडल और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी रोहतक रेलवे स्टेशन पर एक साथ आयोजित समारोह में उपस्थित थे।

चौरासी हजार करोड़ से अधिक के रक्षा सौदों को मंजूरी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने शुक्रवार को 84,560 करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) को मंजूरी दे दी।रक्षा क्षेत्र में च्आत्मनिर्भरताज् बढाने के लिए इस खरीद में भारतीय विक्रेताओं से ही उपकरणों की खरीद पर विशेष जोर दिया गया है।परिषद ने अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं के साथ भूकंपीय सेंसर और रिमोट निष्क्रियीकरण के प्रावधान वाले नई पीढ़ी के टैंक रोधी बारूदी सुरंगों की खरीद के लिए भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत मंजूरी दी है।इसके अलावा, हवाई रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से धीमी, छोटे और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं के साथ-साथ विभिन्न लक्ष्यों की निगरानी, पहचान और ट्रैकिंग के लिए वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के लिए भी मंजूरी दी गई है।नौसेना और भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) की निगरानी और निषेध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए समुद्री टोही और मल्टी-मिशन समुद्री विमान की खरीद के लिए मंजूरी दी गयी है।इसके अलावा नौसेना के जहाजों को विरोधियों द्वारा उत्पन्न खतरों से एक कदम आगे रखने के लिए एक्टिव टोड एरे सोनार की खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी है।

दिल्ली में भाजपा का ऑपरेशन लोटस असफल रहा: केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का च्ऑपरेशन लोटसज् असफल रहा और वह इस बार भी आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने में असफल रही। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव रखते हुए कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा के लोगों ने उनकी पार्टी के दो विधायकों से कहा कि थोड़े दिनों में मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। भाजपा के लोगों ने कहा कि पहले से ही हमने आम आदमी पार्टी के 21 विधायकों से संपर्क कर लिया है और वह आम आदमी पार्टी को छोड़कर भाजपा में आने के लिए मान गए हैं।

एसटीएफ ने चार टाइम बम के साथ एक को पकड़ा

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में शहर कोतवाली क्षेत्र से एसटीएफ की टीम के चार टाइम बम बरामद किए जाने की सूचना है। एक आरोपी भी पकड़ा गया है, हालांकि अभी पुलिस अधिकारी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। एसटीएफ मेरठ की टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले से एक युवक को दबोच कर गुरुवार रात चार टाइम बम बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है।

मेरठ से बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया है। हालांकि, पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी कहने से बच रही है। बताया गया कि ये टाइम बम मुजफ्फरनगर में ही बनाए जा रहे थे। एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने शुक्रवार सुबह मुजफ्फरनगर के खालापार इलाके से एक आरोपी जावेद को गिरफ्तार किया है, उसके पास से चार टाइम बोतल बम (आईईडी) बरामद किए गए हैं। एसटीएफ की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है, इन बम का इस्तेमाल किसी सुनियोजित षड्यंत्र में किया जाना था। जावेद ने पूछताछ में कबूल किया है कि यह बम खालापार इलाके में ही रहने वाली एक महिला ने ऑर्डर देकर बनवाए थे। टीम महिला की तलाश में जुटी है। एसटीएफ के एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी यह टाइम बम बना चुका था। एसटीएफ के एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी यह टाइम बम बना चुका था। आरोपी जावेद ने बताया कि यह चार बोतल बम आईईडी है।

बोतल के अंदर गन पाउडर-999, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि है। यह बोतल बम (आईईडी) उसने इमराना पत्नी आजाद निवासी ग्राम बंतीखेड़ा, थाना बाबरी, जनपद शामली, हॉल पता-198/30 काली नदी पुलिस के पास प्रेमपुरी, थाना कोतवाली नगर, जनपद मुजफ्फरनगर के कहने पर स्वयं तैयार किए। वह ग्लूकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साइकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घड़ी की दुकानों से लेता था। इमराना ने उसे बोतल बम तैयार करने के लिए 10 हजार रुपये पहले दिए थे। महिला ने 40 हजार रुपये बाद में बम देते समय देने को कहा था।

नदियों में मृत गौवंशों के मिलने का सिलसिला जारी

- ●मकसद तक नहीं पहुँच पा रही प्रशासनिक जाँच-पड़ताल
- ●पीरनगर, बसईडीह गाँव के निकट नदी में दिखे मृत गौवंश

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नदियों में मृत गौवंशों के मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। गौवंशों के शव नदियों में कहा से आ रहे हैं। इसका जवाब तलाशने में जारी प्रशासनिक जाँच-पड़ताल फिलहाल किसी मकसद तक नहीं पहुंच पाई है। कोनी व तेरवा घाट के बाद शुक्रवार को पीरनगर, बसइडीह गांव के निकट नदी में मृत गौवंश मिले हैं। बीते सोमवार से कोनी घाट, वसईडीह घाट, हरदोई सीमा से सटे तेरवा पुल के निकट नदी में मिले अनेक मृत गौवंशों के बाद शुक्रवार को एक बार फिर पीरनगर व वसईडीह गांव के करीब नदी में कई मृत जानवर दिखाई दिए है। यहां भी गौवंशों के शव काफी पुराने ही बताए जा रहे है। इस खबर की गूंज कसमंडा ब्लॉक में ही नहीं बल्कि अन्य विकासखंड के जिम्मेदारों के कानों में भी गूंजी। सूचना पाकर लेखपाल मनमोहन कटियार सहित सचिव कुलदीप कुमार ने पीरनगर गांव की ओर रुख किया वही बसईडीह गांव के निकट नदी की कछारों में राजस्व महकमा व सचिव दीप गौतम, प्रधान, सफाई कर्मी आदि आनन फानन में पहुंचे। किसी तरह सभी ने मिलकर मृत गौवंशों को बाहर निकलवाया। बताया जा रहा है कि देर शाम तक पीरनगर व बसईडीह गांव के निकट नदी में मिले कुल छह मृत गौवंशों को दफनाने का कार्य जारी रहा।

कही खैराबाद जिम्मेदारों की करनी कसमंडा मातहतों को न पड़े भरनी

(स्पष्ट आवाज़)। सिधौली इलाके में विगत सोमवार को कोनी घाट पुल के निकट मृत गौवंशों के शव देखे जाने के बाद काफी हंगामा बरपा था। डीएम के निर्देशन पर सीडीओ ने इसे गंभीरता से लेकर कार्रवाई की थी।

इस कार्रवाई की जद में सिधौली एडीओ के अलावा कसमंडा के एडीओ भी शामिल है। शुक्रवार को पीरनगर गांव के निकट यह मृत गौवंश दिखाई देने के बाद नाम न छापने की शर्त पर युवक का कहना है कि नदी की तलहटी पर खैराबाद की ग्राम पंचायत रायपुर की गौशाला है। उसका दावा है कि इसी गौशाला के मृत पशु दफनाने के बजाय नदी में डाल दिए जाते हैं। इससे गांव के कई ग्रामीण भी पूरी तरह से वाकिब है। कुछ समय पहले इसी गांव के बूथ अध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला ने भी रायपुर की इस संचालित गौशाला पर सवाल उठाते हुए संगम तट को बेहतर बनाए जाने की प्रशासन से मांग की थी। उस समय प्रदीप कुमार शुक्ला की यह बात अखबार में समाचार की सुर्खियां बनी, लेकिन किसी अधिकारी ने इस और ध्यान नहीं दिया। यदि इन दावों में सच्चाई है तो कहीं खैराबाद के जिम्मेदारों की करनी कसमंडा के मातहतों को भरनी न पड़े।

छरासी विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष निर्माण में बड़े खेल की आशंका

- ●रकम हजम करने की फिराक में जिम्मेदार, हो जांच तो खुलेगी सच्चाई

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को निडर होकर मानक विहीन कराया जा रहा है। इससे जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह अनजान बने है। नतीजन छरासी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूढ़ा में बन रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में बड़े खेल की आशंका जताई जा रही है। जिम्मेदार स्कूल की काया बदलने के लिए आई सरकारी रकम के कुछ अंश को हजम करने के फिराक में है। दावा किया जा रहा है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच हो दो समूची हकीकत खुद ब खुद खुलकर सामने आएगी। जानकार बताते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के तहत क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का काम चल रहा है। संबंधित विद्यालय प्रबंधन समिति के खाते से इस निर्माण कार्य पर धनराशि खर्च होनी है। कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता, डिजाइनिंग, ड्राइंग आदि के लिए विद्यालय के निर्माण प्रभारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। बावजूद कही कही मनमानी हो रही है। एक युवक का कहना है पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूढ़ा में बन रहे अतिरिक्त कक्ष में कई जगहों पर मानक दरकिनार किए जा रहे है। बिलिंडग में मानक के अनुसार सरिया, ईटा से लेकर आदि सामग्री प्रयोग नहीं की जा रही है। इससे कई ग्रामीणों के अंदर भी आक्रोश है। नाम न छापने की शर्त पर युवक ने कहा अधिकारियों को इस पर सुधि लेने की जरूरत है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को कॉन्वेंट स्कूलों की तरह परिवर्तित करने जैसी सोच रखने वाली योगी सरकार की मंशा जमीन पर पूरी हो सके।

निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। अगर ऐसा है तो रूढ़ा विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाएगा। अगर कार्य मानक विहीन पाया गया तो काम दोबारा होगा।

शिवकुमार वर्मा,
जेई आरईएस कसमंडा।

शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद जरूरी

एएसपी ने क्रीड़ा प्रतियोगिता का दीप जलाकर किया शुभारंभ

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। राजकीय डिग्री कालेज महमूदाबाद के दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोह का शुभारंभ एडीशनल एसपी ने दीप प्रज्जवलित कर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। बालक वर्ग में शिव कुमार मुखर्जी तथा बालिका वर्ग में हिना अव्वल रहीं। समारोह के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण रंजन सिंह, विशिष्ट अतिथि सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह का बैज अलंकरण व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्या डॉ. सीमा सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबाधित करते हुए एडीशनल एसपी ने कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हैं। खेल प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। प्रतियोतियोगिता का शुभारंभ सौ मीटर की दौड़ से हुआ। सौ मीटर बालक वर्ग दौड़ में शिव कुमार मुखर्जी, मो. अमन, जावेद व सत्येंद्र वर्मा, बालिका वर्ग में हिना, रुचि, काजल, दो सौ मीटर बालक वर्ग दौड़ में शिव कुमार मुखर्जी, रोहित यादव, मो. अमन, बालिका वर्ग में हिना, रुचि, काजल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग में बबली, अनीता, साक्षी, शाटपुट बालक वर्ग में सौरभ, प्रज्जवल, अभय, जैवलिन थ्रो बालिका वर्ग में साक्षी, अनीता, अर्पिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर क्रीड़ा प्रभारी अनिरुद्ध दिवाकर, डा. प्रशांत सिंह, डा. आरपी सिंह, डा. सर्वेश मिश्र, डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. लक्ष्मी, डॉ. वीके राठौर, डॉ. अमिय कुमार, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, मो. सईद अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन डा. दाउद अहमद द्वारा किया गया।

रिजर्व बैंक से पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 दिन की मिली मोहलत

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट बैंक के लिए जमा और क्रेडिट लेनदेन की समयसीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही, आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों की दुविधा दूर करने के लिए एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और उनके जवाब) जारी कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने इस एफएक्यू के माध्यम से पेटीएम पेमेंट्स बैंक से निकासी, रिफंड, सैलरी क्रेडिट, डीबीटी और बिजली बिल जमा करने से जुड़ी जानकारी दी है। आरबीआई की ओर से यह निर्णय बैंक द्वारा ग्राहकों और नियामक प्राधिकरणों के बारे चिंता जताने के बाद लिया गया है। आरबीआई ने कहा है कि 15 मार्च, 2024 (29 फरवरी, 2024 की पूर्व निर्धारित समय-सीमा से विस्तारित) के बाद किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट्स, वॉलेट, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि में कोई और जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 रेलकर्मियों का हुआ सम्मान

गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे पर 68वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने शुक्रवार को रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में आयोजित समारोह में वर्ष-2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 57 रेलकर्मियों को विषिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण का प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में ट्रैक मेन्टेनर, तकनीषियन, स्टेषन मास्टर, लोको पायलट, लिपिक संवर्ग, विभिन्न विभागों के निरीक्षक, विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के सेक्षन इंजीनियर, चिकित्साकर्मी तथा अधिकारी सम्मिलित हैं जिनकी समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवा से रेल की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, उत्पादकता बढ़ी है, रेल दुर्घटनायें बचायी जा सकी हैं तथा तकनीकी सुझबूझ से अर्थिक स्वावलम्बन में बढ़ोत्तरी हुई है। महाप्रबन्धक सुश्री माथुर ने अन्तर्मंडलीय सर्वांगीण कार्यकुषलता शील्ड सहित अन्तर्मंडलीय फ्यूल सेविंग, यांत्रिक (सवारी/माल डिब्बा), वाणिज्य, दूर संचार, सुरक्षा, भंडार, सौर ऊर्जा, नागरिक केन्द्रित सेवा एवं जनसम्पर्क कार्यकुषलता वाराणसी मंडल को प्रदान किया। लखनऊ मंडल को अन्तर्मंडलीय संरक्षा, लोको (परिचालन), इंजीनियरिंग, सिगनल, चिकित्सा, राजभाषा कार्यकुषलता शील्ड प्रदान की गई। जबकि इज्जतनगर मंडल कों अन्तर्मंडलीय परिचालन, विद्युत, लेखा, कार्मिक, कर्षण वितरण कार्यकुषलता शील्डें प्राप्त हुई। सर्वोत्तम व्यस्थित कार्यालय की शील्ड प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कार्यालय, गोरखपुर को मिली।

इसके अतिरिक्त इस समारोह में महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने 39 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ज्स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयरज्ज् सम्मान प्रदान किया। इस सम्मान से सम्मानित होने वालों में मंडलों एवं मुख्यालय के अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित हैं, जिन्होंने रेल परियोजनाओं को समय से पूरा करने, ट्रेन परिचालन, संरक्षा, सुरक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन किया।

सुश्री माथुर ने कहा कि रेल यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

रेलवे संरक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप संरक्षा रिकॉर्ड बेहतर हुआ है। पिछले पाँच वर्ष पूर्वोत्तर रेलवे के सबसे संरक्षित एवं सुरक्षित वर्ष रहे। रक्षित समपारों को रोड अंडर ब्रिज अथवा रोड ओवर ब्रिज बनाकर समाप्त किया जा रहा है। रेल मदद एवं सी.पी.ग्राम्स पर प्राप्त जन परिवादों के निस्तारण में पूर्वोत्तर रेलवे सम्पूर्ण भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती हेमलता सिंह एवं संगठन की सदस्यायें, अपर महाप्रबन्धक श्री डी.के.सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्ष, सभी मंडल रेल प्रबन्धक, वरिष्ठ रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। मुख्य कार्मिक अधिकारी/आई.आर. श्री अवधेष कुमार ने महाप्रबन्धक सहित सभी वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। श्री पंकज कुमार सिंह, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने समारोह का सफल संचालन किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष/रेलवे भर्ती सेल,गोरखपुर श्री राजेष कुमार गुप्ता ने किया।

महिलाओं का जीवन खुशहाल बना रही सरकार: निर्मल वर्मा

बिसवाँ में हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

बिसवाँ-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर के रामलीला मेला मैदान पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि सरकार महिलाओं के जीवन में खुशहाली लाने का काम कर रही है। मोदी सरकार महिला सशक्तीकरण को लेकर विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। सरकार ने महिलाओं की भागीदारी मजबूत करने के लिए आरक्षण देकर उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से भी महिलाओं के हित में कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अध्यक्षता कंचन प्रभा पांडेय व संचालन शालिनी गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर 33 फीसदी आरक्षण देकर ऐतिहासिक कदम उठाया गया जो महिलाओं के सतत विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, ग्राम प्रधान रंजीत वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि रोहित मिश्रा, राजवीर वर्मा, गोपी मिश्रा, सीमा शुक्ला, खंड विकास अधिकारी सुमित कुमार सिंह, एडीओ पंचायत राजेश कुमार श्रीवास्तव, ओंकार जायसवाल, आईएसबी, कल्पना पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव, रवि शंकर, अभिषेक सिंह, अम्बिका प्रसाद, अभय कुमार वर्मा, हिमाली पांडेय, करुणेश कुमार, चंदन बिष्ट, दिनेश वर्मा, सुनील कुमार, रा